राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-129
लखनऊ, बुधवार 27 दिसंबर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





उत्तर प्रदेश में जल्द जारी होगी ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी : योगी 03

साहिबजादों का शौर्य है प्रेरणा : अनुराग ठाकुर 12


### सीएम योगी ने बटेश्वर में किया 148 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

# 50 हजार किसानों को मिलेगा सोलर पंप

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, अगले दो साल में 50 हजार किसानों को सोलर पंप देंगे। इससे डीजल पंप से मुक्ति मिलेगी। किसानों को खेतों में पानी लगाने में आसानी होगी। आगरा में आलू शोध केंद्र बनने जा रहा है। इससे आलू किसानों को मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर आगरा स्थित उनके पैतृक गांव बटेश्वर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 148 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार से उत्तर प्रदेश में विकास हुआ है। जिस वक्त हमने बागडोर संभाली थी तब यूपी की अर्थव्यवस्था देश में छठवें स्थान पर थी, अब उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। आज प्रदेश में सुशासन है। विकास के साथ गांवों की कनेक्टिविटी बढ़ी है, हवाई सेवा शुरू हो रही हैं। 2017 में देश के पर्यटन में यूपी तीसरे स्थान पर था, आज कोई आसपास नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश कोअस्थिर सरकारों ने नुकसान पहुंचाया। स्थिर सरकारों की उपयोगिता पूर्व पीएम अटलजी ने समझाई। उन्होंने कहा, पड़ोसी देश पाकिस्तान में अस्थिरता के कारण रोटी के लाले पड़े हैं जबकि हमारे प्रधानमंत्री मोदी पिछले साढ़े तीन साल से मुफ्त अनाज बांट रहे हैं। अटलजी ने मूल्यों, आदर्शों और प्रतिबद्धता से जनता की सेवा करना बताया। देश में विकास के बड़े कार्यक्रमों को लागू किया। पहले बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं, किसान खेत पर नहीं जा पाते थे। विकास के पैसे का बंदर-बाट होता था। भगवान शिव के आशीर्वाद से यूपी की अर्थव्यवस्था को देश में नंबर एक करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पावन जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है। विगत साढ़े 09 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा और सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित किये हैं। इसकी आधारशिला अटलजी ने अपने शासनकाल में रखी थी। जिन आदर्शों और मूल्यों के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया, प्रदेश सरकार उन मूल्यों और आदर्शों के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष अटलजी के जन्म शताब्दी वर्ष का प्रारम्भ भी है। उनकी स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने तथा समाज और राष्ट्र को नई दिशा प्रदान करने वाले उनके जीवन के प्रत्येक पहलू को प्रदर्शित करने के लिए आगामी 01 वर्ष की अवधि में अनेक कार्यक्रम होंगे। अटलजी की साहित्यिक रुचि व पत्रकारिता क्षेत्र में योगदान का स्मरण करने के लिए अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम ग्राम पंचायत से प्रदेश स्तर तक, बेसिक शिक्षा स्कूलों, विश्वविद्यालयों एवं अन्य संस्थाओं में आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।मुख्यमंत्री ने आगरा-मथुरा के बीच हेलीपोर्ट सुविधा का शुभारंभ भी किया।




मुख्यमंत्री योगी ने भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर आगरा स्थित उनके पैतृक गांव बटेश्वर में जनसभा को किया संबोधित

### भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे अटल जी : योगी

अटलजी भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे। उन्होंने भारत को राजनीतिक अस्थिरता से उभारने का कार्य किया तथा देश की राजनीति में शुचिता और पारदर्शिता का एक आदर्श प्रतिमान सबके सामने रखा। आगरा का बटेश्वर उनकी पैतृक भूमि के रूप में जाना जाता है। यूपी से खास लगाव के कारण उन्होंने अपनी शिक्षा तथा कर्मभूमि के लिए उत्तर प्रदेश को चुना। सीएम लोक भवन स्थित अटलजी की प्रतिमा के सम्मुख रखे उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।

# भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी करने के संकल्प का प्रतीक है वीर बाल दिवस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारतीयों ने अत्याचारियों का सम्मान के साथ सामना किया है और जब हम अपनी विरासत पर गर्व महसूस करते हैं, तो दुनिया का नजरिया भी बदल जाता है।

श्री मोदी ने आज यहां वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र वीर साहिबजादे के अमर बलिदानों को याद कर रहा है और उनसे प्रेरणा ले रहा है क्योंकि आजादी के अमृत काल में भारत के लिए वीर बाल दिवस का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री ने पिछले साल इसी दिन मनाए गए पहले वीर बाल दिवस के उत्सव को याद किया। उन्होंने कहा, वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कभी न हार मानने वाले रवैये का प्रतीक है।यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब बहादुरी की ऊंचाइयों की बात आती है तो उम्र कोई मायने नहीं रखती है। प्रधानमंत्री ने इसे सिख गुरुओं की विरासत का उत्सव बताते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके चार वीर साहिबजादों का साहस और आदर्श आज भी हर भारतीय का हौसला बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री ने बाबा मोती राम मेहरा के परिवार के बलिदान और दीवान टोडरमल की भक्ति को याद करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस उन माताओं के लिए एक राष्ट्रीय श्रद्धांजलि है जिन्होंने अद्वितीय साहस वाले बहादुरों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि गुरुओं के प्रति यह राष्ट्र के सच्ची भक्ति ज्वाला को प्रज्वलित करती है। श्री मोदी ने बच्चों के गायन और तीन मार्शल आर्ट का प्रदर्शन देखा।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने दिल्ली में युवाओं के मार्च-पास्ट को भी हरी झंडी दिखाई। श्री मोदी ने कहा कि वीर बाल दिवस अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है क्योंकि अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और यूनान में वीर बाल दिवस से संबंधित कार्यक्रम देखे गए है। प्रधानमंत्री ने चमकौर और सरहिंद की लड़ाई के अतुलनीय इतिहास को याद करते हुए कहा कि इस इतिहास को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भारतीयों ने क्रूरता और निरंकुशता का सम्मान के साथ सामना किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, दुनिया ने भी हमारी विरासत पर तभी ध्यान दिया जब हमने अपनी विरासत को उसका उचित सम्मान देना शुरू किया।



### यूट्यूब पर दो करोड़ सब्सक्राइबर्स वाले पहले विश्व नेता बने पीएम

प्रधानमंत्री मोदी अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर 2 करोड़ सब्सक्राइबर्स तक पहुंचने वाले पहले विश्व नेता बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी एकमात्र विश्व नेता हैं, जिन्होंने अपने निजी यूट्यूब चैनल पर 2 करोड़ सब्सक्राइबर होने का गौरव हासिल किया है। वह अन्य वैश्विक और भारतीय समकालीनों से काफी आगे हैं। वास्तव में दूसरे सबसे अधिक फॉलोअर्स वाले वैश्विक नेता ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सनोरा हैं, जिनके सिर्फ 64 लाख सब्सक्राइबर्स हैं, जो नरेन्द्र मोदी यूट्यूब चैनल के एक तिहाई से थोड़ा कम है। सामग्री की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करने वाले नरेन्द्र मोदी चैनल ने न केवल भारत में राजनीतिक समकक्षों को पीछे छोड़ दिया है, बल्कि सब्सक्राइबर्स संख्या और वीडियो दृश्य दोनों के मामले में वैश्विक नेताओं को भी पीछे छोड़ दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलवामा में हथियार, गोला-बारूद बरामद, तीन गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया और उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। सेना ने बयान में कहा, विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुलवामा जिले के पांजू और गमीराज इलाके में एक संयुक्त अभियान चलाया। तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया व बलों ने उनकी संपत्ति से अन्य खतरनाक वस्तुओं के साथ दो पिस्तौल बरामद कीं। वर्तमान में एक संयुक्त जांच चल रही है।

### 80 लाख के मादक पदार्थों संग तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने 80 लाख रुपये के मादक पदार्थों के साथ एक अंतर राज्यीय तस्कर को धर दबोचा है। यह जानकारी एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने मंगलवार दोपहर दी। उन्होंने बताया कि सोमवार रात पुख्ता सूचना मिलने के बाद खड़गपुर चौरंगी क्रॉसिंग के मुंबई रोड पर 16 चक्का ट्रक को रोका गया। उत्तर प्रदेश नंबर के इस ट्रक की जब तलाशी ली गई तो उसमें से एक लाख बोतल प्रतिबंधित फैंसीडिल कफ सिरप बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 70 से 80 लाख रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक को पकड़ा गया है जिसकी पहचान संजीव कुमार (32) के तौर पर हुई है। वह उत्तर प्रदेश के इटावा का रहने वाला है। ट्रक जब्त कर लिया गया है।

### जवान के परिजनों को मंत्री ने सौंपा 50 लाख का चेक

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान ने जम्मू-कश्मीर में बलिदान हुए जवान करन सिंह यादव के परिजनों को मंगलवार को 50 लाख रुपये का चेक सौंपा। सचान ने वीर जवान के परिजनों को सरकार की तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। एक दिन पहले सोमवार को वीर जवान का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पिछले हफ्ते करन सिंह यादव जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकियों के खिलाफ अभियान के दौरान बलिदान हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी ने वीर जवान के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की थी।

### आरबीआई कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई स्थित आरबीआई के कार्यालय को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ई-मेल में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के इस्तीफे की मांग की गई है। मुंबई पुलिस ने मंगलवार को इस ई-मेल के सामने आने के बाद एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वर्कचार्ज सेवा को जोड़कर पुरानी पेंशन देने के एकल जज के फैसले पर रोक

यूपी सरकार की विशेष अपील मंजूर

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के दो जजों की स्पेशल अपील बेंच ने उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से दाखिल विशेष अपील पर एकल जज द्वारा पारित उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके द्वारा सिंचाई विभाग (जल संसाधन) से रिटायर कर्मचारी को उसकी दैनिक वेतन तथा वर्कचार्ज सेवाओं को जोड़कर पुरानी पेंशन देने का निर्देश दिया गया था।

हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद दैनिक वेतन भोगी अथवा वर्कचार्ज के रूप में काम करके बाद में नियमित हुए कर्मचारियों को उसके नियमितीकरण से पूर्व की सेवाएं नहीं जोड़े जाने का रास्ता साफ हो गया। एकल जज ने कर्मचारी के पक्ष में आदेश पारित कर निर्देश दिया था कि याची को दैनिक वेतन तथा वर्कचार्ज के रूप में किए कार्य को भी जोड़कर उसे पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। यह आदेश जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्र एवं जस्टिस एस एच ए रिजवी की खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के सचिव सिंचाई (जल संसाधन) विभाग की तरफ से दाखिल विशेष अपील पर पारित किया है। विशेष अपील दाखिल कर एकल जज के 3 जुलाई 2023 के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 3 साल की छूट

### यूपी पुलिस भर्ती में आयु सीमा में छूट देने की मांग पर सरकार ने लिया फैसला

सीएम योगी ने प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को इस बार होने वाली पुलिस भर्ती में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों की आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दिये जाने के निर्देश दिये हैं। लंबे समय बाद हो रही पुलिस भर्ती में आयु सीमा में छूट दिए जाने की मांग की जा रही थी। उल्लेखनीय है उप्र सरकार ने पुलिस विभाग में




62 हजार से अधिक सिपाहियों की भर्ती निकाली है।

भर्ती निकलने के साथ ही प्रदेश के युवा आयु सीमा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने इसे गम्भीरता से लेते हुए यह कदम उठाया है। सरकार के इस कदम से बड़ी संख्या में उन युवाओं को भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर मिलेगा जो आयु सीमा पार करने की वजह से इससे वंचित रह जा रहे थे।

पहले पुरुषों के लिए 18 से 22 साल की आयु सीमा तय की गयी थी। महिलाओं के 18 से 25 वर्ष रखी गयी थी। साथ ही एससी, एसटी और ओबीसी के अभ्यर्थियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच-पांच वर्ष की छूट का प्रावधान किया गया था। सरकार के इस कदम से अब सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को तीन साल की छूट मिलेगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया 27 दिसम्बर से शुरू होगी।

### देश में कोरोना के 116 नए मामले, संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,170

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना के 116 नए मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही कोरोना के सक्रिय मरीजों की कुल संख्या 4,170 हो गई है, जो देश के कुल सक्रिय मामलों का 0.01 प्रतिशत है। कर्नाटक में पिछले 24 घंटों में तीन मौतें हुई हैं, जिससे मरने वालों की कुल संख्या 5,33,337 हो गई है और मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है। बीमारी से ठीक वालों की संख्या बढ़कर 4,44,72,153 हो गई है और राष्ट्रीय रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रति दिन औसतन तीन से चार कोविड-19 मामले सामने आ रहे हैं।

## कोहरे के चलते सड़क दुर्घटना में महिला सीडीपीओ की मौत

समृद्धि न्यूज

**कन्नौज।** घना कोहरे के चलते हाइवे पर एक कार अज्ञात वाहन से टकरा कर कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार में सवार एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक महिला कासगंज में सीडीपीओ के पद पर तैनात थीं। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल के बाद मृतका के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है।



जानकारी के मुताबिक जनपद कानपुर नगर की कोतवाली बिल्हौर क्षेत्र के गांगुपुर कस्बा निवासी मनोज कुमार की पत्नी कुसुम वर्मा कासगंज में सीडीपीओ के पद पर तैनात थीं। इसके अलावा उन्हें डीपीओ का अतिरिक्त प्रभार मिला हुआ था। मंगलवार की भोर कुसुम अपनी कार पर सवार होकर घर से कासगंज जाने के लिए निकलीं थीं, जैसे ही उनकी कार कन्नौज के हाइवे पर पाल चौराहे के निकट पहुंची, तभी किसी अज्ञात वाहन से उनकी कार में टक्कर लग गई।

### उत्तराखंड में ईंट-भट्टे की दीवार ढही, छह मजदूरों की मौत, दो घायल

**देहरादून/रुड़की।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की रुड़की तहसील के मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के लहबोली गांव में एक ईंट भट्ठे की दीवार गिरने से छह मजदूरों की मौत ही गयी जबकि दो अन्य घायल हैं। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के वार्ता के बाद पुलिस प्रशासन सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में एक घोड़े की भी मौत हुई है जबकि एक घायल भी है। वही जिला अधिकारी ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए कहा कि एडीएम मामले की जांच करेंगे यदि ईंट भट्ठा मानकों के अनुरूप या अन्य खामियां पाई जाती है तो उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं सभी मृतकों को 2-2लाख की सहायता धनराशि दी जाएगी।

## हमीरपुर में नायब तहसीलदार ने मस्जिद पहुंचकर पढ़ी नमाज, मामले की जांच शुरू

मतांतरण का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने मांगी रिपोर्ट

समृद्धि न्यूज

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में अभी तक इश्क में लड़कियों और लड़कों के मतांतरण के मामले सुने जाते रहे हैं, लेकिन अब प्रशासन के एक अधिकारी में धर्म परिवर्तन का ऐसा भूत सवार हुआ कि वह मस्जिद पहुंचकर नमाज पढ़ने लगे हैं। अंजान शख्स को नमाज पढ़ते देख मस्जिद के लोगों का माथा ठनक गया। शख्स के बारे में जब पता लगाया गया तो वह



तहसील का नायब तहसीलदार निकला।

प्रशासन ने सूचना पाते ही इस मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार ने पूरे मामले की जांच भी शुरू कर दी है। नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता शादीशुदा हैं। एसडीएम राजेश मिश्रा ने मंगलवार शाम को बताया कि मस्जिद के मौलाना ने इस मामले की सूचना दी थी जिस पर मस्जिद पहुंचकर मामले की जांच कराई गई है। तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर प्रकरण की जांच की। जांच के दौरान नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता ने अधिकारियों को बताया कि वह उर्दू पढ़ने के लिए मस्जिद गया था। इस प्रकरण की जांच अभी कराई जा रही है। जांच होने के बाद इसकी पूरी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। मौदहा तहसील में तैनात नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता पर धर्म परिवर्तन का आरोप लगा है। नायब तहसीलदार मौदहा कस्बे की एक मस्जिद में नमाज पढ़ने कई दिनों से जा रहे हैं।

बढ़ती ताकत

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुंबई में आईएनएस इम्फाल को राष्ट्र को किया समर्पित

# आईएनएस इम्फाल रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतीक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना के नवनिर्मित 'युद्धपोत 'आईएनएस इम्फ़ाल' को रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताते हुए कहा है कि इससे नौसेना की मारक क्षमता कई गुना बढ जायेगी।

श्री सिंह ने मंगलवार को मुंबई में आईएनएस इम्फाल को राष्ट्र को समर्पित करने के मौके पर कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद समुद्री क्षेत्र में देश की ताकत बढाने के उद्देश्य से नौसेना को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा , ÷ एक लंबे समय तक पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर जमीनी खतरे




को ही तवज्जो दी जाती रही। इसे देखते हुए सेना और वायु सेना पर तो ध्यान दिया जाता था, किंतु नौसेना पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता था।

लेकिन प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में, उनके दृष्टिकोण ने नौसेना के महत्व को रेखांकित किया और आज नौसेना पर भी उतना ही ध्यान दिया जा रहा है जितना अन्य दोनों सेनाओं पर।

रक्षा मंत्री ने कहा कि यदि हम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की बात करें तो उत्तर में हिमालय के कारण, और पश्चिम में पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण व्यवहार के कारण वहां से हमारा व्यापार ज्यादा नहीं हो पाता। हमारा ज्यादातर व्यापारिक सामान समुद्र से होकर आता है। इसलिए नौसेना को मजबूत बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, आईएनएस इम्फाल भारत की बढ़ती समुद्री ताकत को दिखाता है और यह हिन्द प्रशांत क्षेत्र में जलमेव यस्य, बलमेव तस्य, यानी 'जिसका जल, उसका बल' के हमारे सिद्धांत को और मजबूती प्रदान करेगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत पूरे हिन्द महासागर क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने वाले देश की भूमिका में है।उन्होंने कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि इस इलाक़े में होने वाला समुद्री व्यापार सागर से उठकर आसमान की बुलंदियों तक पहुँचे। इसके लिए हम मित्र देशों के साथ मिलकर समुद्री क्षेत्र को व्यापार के लिए सुरक्षित बनाये रखेंगे। उन्होंने कहा कि आजकल समंदर में हलचल कुछ ज़्यादा ही बढ़ गई है। भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताक़त ने कुछ ताक़तों को ईर्ष्या और द्वेष से भर दिया है।

### दुश्मनों पर आग उगलने वाला युद्धपोत है इंफाल : नौसेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने मंगलवार को मुंबई में स्वदेशी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक 'इंफाल' की कमीशनिंग के मौके पर इस जहाज को दुश्मन पर आग उगलने वाला बताया। उन्होंने इसे सरकार के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' विजन के प्रमाण की संज्ञा दी। नौसेना प्रमुख ने विश्वास जताया कि प्रोजेक्ट 15 बी का चौथा स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक 'सूरत' 2024 में कमीशन किया जाएगा। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आईएनएस इंफाल रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का विजन हासिल करने की दिशा में भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता का शानदार प्रतीक है। यह जहाज न केवल समुद्र से उत्पन्न होने वाले भौतिक खतरों से निपटेगा बल्कि यह एक एकीकृत देश की शक्ति का भी प्रदर्शन करेगा। आईएनएस इंफाल राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वाली विभिन्न योजनाओं को रोक देगा तथा यह दुश्मन पर आग उगलकर विपरीत परिस्थितियों में अदम्य संकल्प का प्रदर्शन करेगा।

### नया मिशन : एक जनवरी को एक्सपीओएसएटी के साथ पीएसएलवी-सी58 होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारत 1 जनवरी, 2024 को देश के पहले एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट को ले जाने वाले पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल के जोरदार प्रक्षेपण के साथ 2024 में प्रवेश करने के लिए तैयार है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने घोषणा की है कि XPoSat मिशन ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान का उपयोग करके सुबह 9:10 बजे उड़ान भरेगा, जो भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। मिशन को गहन एक्स-रे स्रोतों के ध्रुवीकरण की जांच करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, एक वैज्ञानिक प्रयास जो भारत को अंतरिक्ष-आधारित पोलारिमेट्री में सबसे आगे रखेगा। यह मिशन न केवल भारत का पहला समर्पित पोलारिमेट्री मिशन है।

# धूमधाम से मनाई गई अटल बिहारी की जयंती

**हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। भारत मां के सच्चे सपूत, पूर्व प्रधानमंत्री प्रखर पत्रकार, संवेदनशील साहित्यकार और राजनीति में अजातशत्रु, ये तमाम खूबियां एक ही व्यक्ति में खोजने पर यदि किसी में मिलती थी, तो वो थे भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी।

जिनका नाम उन सर्वगुण सम्पन्न व्यक्तियों में से एक था जो जिंदगी के हर पड़ाव पर अपने आपको साबित करने सफल रहे हैं। उक्त उद्गार नगर के ब्रम्हनान वार्ड में स्थित पार्क में स्थापित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर अटल जयंती के मौके पर माल्यार्पण के बाद शिक्षक सौरभ पाण्डेय ने व्यक्त किए। युवा नेता आशीष साहू की अध्यक्षता एवं रोहित मिश्रा के संचालन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में सभासद प्रतिनिधि शिवा वर्मा द्वारा श्री वाजपेई जी द्वारा रचित कविता ठन गई, मौत से ठन गई÷को प्रस्तुत करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। प्रशांत अवस्थी ने श्री वाजपेई के विचारों को अपने जीवन में निहित करने की उपस्थित जन समुदाय से अपील की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से आशीष मौर्या अंशू शर्मा शिवम वैश्य अजय शर्मा प्रिंशु शर्मा प्रतीक सरगम आलोक शर्मा गुल्लू भैया आनंद वैश्य युवा नेता शाहरुख कुरैशी मनीष देवेंद्र भरत सिंह अमन साहू गोपाल मौर्य अटल पार्क के संरक्षक अयोध्या प्रसाद सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### बहुत याद आए हैदरगढ़ की माटी के लाल

हैदरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने पूर्व विधायक दादा सुंदरलाल दीक्षित के न रहने पर नगर पंचायत कर्मियों एवं क्षेत्रीय भाजपा नेताओं के साथ मिलकर सर्वप्रथम अटल जयंती के मौके पर अटल पार्क पहुंचकर धूप दीप के साथ तिलक लगाकर श्री अटल बिहारी वाजपेई का माल्यार्पण किया और उन्हीं के सामने स्थापित दादा सुंदरलाल दीक्षित की जीवंत प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उनका उनका नमन किया। देखने वाली बात यह रही कि पूर्व विधायक स्वर्गीय दीक्षित के परिवार का कोई भी सदस्य अटल जयंती के मौके पर पार्क में नजर नहीं आया। 25 दिसंबर का दिन स्वर्गीय दीक्षित के जीवन का बहुत बड़ा दिन होता था वह सुबह 9ः00 बजे ही नगर के ब्रम्हनान वार्ड में स्थित अटल पार्क में पहुंचकर भारत रत्न श्री वाजपेई की जीवंत प्रतिमा पर माल्यार्पण करते थे उसके बाद शाम को नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित लोक निर्माण विभाग भवन के प्रांगण मेंउत्तर प्रदेश के कोने-कोने से प्रतिष्ठित कवियों को बुलाकर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन करते थे और सभी पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी करते थे। लेकिन इस बार उनके ना रहने पर कार्यक्रम का आयोजन नहीं हुआ यही क्षेत्रीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# चोरी की घटनाओं के वांछित तीन आरोपी गिरफ्तार

**सुबेहा,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



थाना सुबेहा पुलिस द्वारा दो चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 03 चोरो को गिरफ्तार कर कब्जे से 25,500 रुपये की नकदी व चांदी का मुकुट व बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही करते हुए थाना सुबेहा पुलिस व मैनुअल इंटेलीजेन्स की मदद से चोरी की दो घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए थाना सुबेहा पर दर्ज दो चोरियों के मुकदमे के वांछित तीन आरोपियों रामबरन गौतम उर्फ बन्ने पुत्र श्रीराम गौतम, सोने लाल उर्फ ननकू पुत्र धनीराम गौतम निवासीगण मो0 माफी जवाहर नगर वार्ड कस्बा व थाना सुबेहा व. शिव प्रसाद पुत्र गया प्रसाद रावत निवासी रोहना मीरापुर थाना सुबेहा को राजघाट पुल, थाना सुबेहा से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण के कब्जे से मन्दिर से चोरी किया गया मुकुट व 25,500 रुपये एवं चोरी की घटना कारित करने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 457/411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई। अभियुक्तगण नशा करने के आदी हैं। अभियुक्तगण द्वारा पूर्व में ही रेकी कर मन्दिरों को चिन्हित कर लिया जाता है एवं रात्रि के समय चिन्हित मन्दिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है। मन्दिर से चोरी किये गये सामान (सोने/चांदी के आभूषण, सिक्के, एम्प्लीफायर मशीन, लाउडस्पीकर आदि) को सुरक्षित स्थानों पर जमीन में गाड़ दिया जाता है एवं प्रकरण शान्त होने पर उसे निकाल कर बेच दिया जाता है व प्राप्त रुपयों को आपस में बांट लिया जाता है।

# उद्यमिता से जोड़ने का काम करेगी गन्ना की खेती

**हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने की खेती को उद्यमिता से जोड़ने तथा युवाओ को गन्ने की खेती को अपनाकर स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इन्हीं प्रयासो की कड़ी में गन्ना विकास विभाग द्वारा प्रदेश के चीनी मिल क्षेत्रो में गन्ने की प्रति हेक्टेयर उपज को बढ़ाने तथा किसानों में गन्ने की खेती के प्रति अच्छी उत्पादकता प्राप्त करने हेतु स्वस्थ प्रतियोगी भावना का संचार करने के लिए प्रमुख सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास वीना कुमारी की अध्यक्षता में वर्चुअल गन्ना किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 09 गन्ना परिक्षेत्रों से जुड़े गन्ना प्रतियोगिताओं के विजेताओं गन्ना किसानों युवा गन्ना किसानों एवं गन्ने की खेती से जुड़ी महिला किसानों के साथ प्रमुख सचिव वर्चुअली संवाद करेगी। वर्चुअल कार्यक्रम में गन्ना कृषकों की आय बढ़ाने हेतु विभागीय योजनाओं और गतिविधियों स्मार्ट गन्ना किसान प्रोजेक्ट गन्ना खेती की नवोन्मेषी तकनीकों प्रगतिशील गन्नाकिसानो के अनुभवों लागत एवं गन्ना आपूर्ति तथा गन्ने की खेती से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा होगी।

ज्ञातव्य है कि विगत तीन वर्षो में प्रदेश के विभिन्न प्रगतिशील गन्ना किसानों द्वारा गन्ने की खेती में उत्कृष्ट प्रर्दशन किया जा रहा है, इन प्रगतिशील किसानों से प्रदेश के अन्य गन्ना किसानों का परस्पर संवाद स्थापित कराने के लिए इस प्रकार के संवाद कार्यक्रमों की महती भूमिका है। इस वर्चुअल संवाद कार्यक्रम के माध्यम से किसानो को गन्ना विकास विभाग के वरिष्ठतम अधिकारियों से सीधा संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा गन्ने की खेती में नवोन्मेषी तकनीकों के प्रयोग को बढ़ावा मिलेगा साथ ही आगामी पेराई सत्रों में प्रदेश के किसान प्रगतिशील गन्ना किसानो से प्रेरणा लेकर गन्ने का अच्छे उत्पादन कर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से उन्नति कर सकेगें एवं उन्हे राज्य स्तर पर पहचान मिलेगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया है। सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत चैला,मुड़ियाडीह, मरौचा,डूडी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा पंहुची मुड़िया डीह में भाजपा मण्डल अध्यक्ष संन्तोष पान्डेय, जिला मंत्री रामसागर कनौजिया उमेश कुमार ग्राम प्रधान दिग्विजय यादव सचिव सुरेश यादव राजेश कुमार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भाजपा मंण्डल अध्यक्ष संन्तोष पान्डेय ने मोदी जी के विकास की गारन्टी कार्ड पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास मुख्यमंत्री आवास प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना बृद्वावस्था विधवा दिव्यांग पेंशन स्वास्थ्य,शिक्षा आंगनबाड़ी हर घर नल का जल इत्यादि योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्राम पंचयात चैला में मुख्य अतिथि भाजपा आईटी सेल अमित भैया रामजी,विशिष्ठ अतिथि प्रह्लाद कुमार विमल ने केन्द्र सरकार के विकास तो उत्तर प्रदेश में योगी राज की सुरक्षा गारन्टी पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

## अलग-अलग दो दर्जन स्थानों पर हुई बड़ी चोरिया

**मसौली, बाराबंकी।** त्रिलोकपुर चौकी क्षेत्र के अज्ञात चोरो का बोलबाला जारी है। बीते एक सप्ताह के अंदर चोरो ने अलग अलग स्थानो पर एक दर्जन से अधिक बकरियो की चोरी कर गायब कर दिया।थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर मे शुक्रवार की रात्रि को अज्ञात चोरो ने दस्तगीर की 9 बकरिया को चोर खोल ले गये।बकरी चोरी हुए 2 दिन ही बीते थे कि त्रिलोकपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले गांव प्रीतमपुर निवासी लल्लन पुत्र निजामुद्दीन की 6 बकरिया चोरी हो गयी।पीड़ित ने पीआरबी 112 को सूचना दर्ज कराई वही बरगदिया निवासी शहबान पुत्र रहमान की दरवाजे के पास बंधी दो बकरियां चोर चोरी हो गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली,लगातार हो रही चोरियो से ग्रामवासियों मे बकरी चोरो की दहशत बनी हुई है।

# तीन करोड़ 50 लाख की लागत से बने पुल व संपर्क मार्गों का सांसद ने किया लोकार्पण

**हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



विकासखंड त्रिवेदीगंज के अंतर्गत सामान्य राज योजना 2021-22 के अंतर्गत 3 करोड़ 50 लाख की लागत से मंगलपुर धौरहरा संपर्क मार्ग से मोहम्मदपुर लोनी नाला तक लघु सेतु एवं संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग बाराबंकी द्वारा संपन्न हुआ जिसका लोकार्पण आज सांसद उपेंद्र सिंह रावत एवं विधायक दिनेश रावत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि इस पुल और मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के लोगों आने-जाने में जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था वह अब नहीं करना पड़ेगा। विधायक दिनेश रावत ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह प्रवेश सिंह संजय वर्मा प्रधान हुसैनाबाद पिंटू वर्मा प्रधान मोहम्मदपुर अभय प्रताप सिंह गुड्डू प्रधान जमीन हुसैनाबाद सोनू सिंह प्रधान चौबीसी गौरव सिंह राहुल सिंह चौहान ननकऊ साहू लाला लक्ष्मी नारायण साहू अतुल रावत अरुण अवस्थी राजेश रावत रामू अवस्थी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### एएचटीयू खीरी की मासिक समीक्षा गोष्ठी आयोजित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** 26 दिसंबर 23 को पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस लाइन संगोष्ठी कक्ष में एसजेपीयू एएचटीयू की मासिक समीक्षा संगोष्ठी की गई बैठक में से डॉक्टर धनीराम डिप्टी सीएमओ खीरी, रामशरण सिंह, सुमन सिंह सीडब्लूसी खीरी, कपिल कुमार स्पेशल अभियोजन, विजय कुमार अभियोजन, हरीश कुमार, जोगिंदर कुमार एम्स ट्रस्ट खीरी, महेश कुमार राणा, अवधेश कुमार मानव सेवा संस्थान खीरी, रोहित कुमार, अक्षय, बाल गृह बालक लखीमपुर खीरी तथा जनपद लखीमपुर खीरी के थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, निरीक्षक जैनेंद्र कुमार, मुआ राजेश कुमार, महिला कांस्टेबल नीरज गिल महिला कांस्टेबल सीमा सिंह चौहान एसजेपीयू एएचटीयू खीरी बैठक में भाग लिए।

### लकड़ी कटान में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** लकड़ी कटान के दौरान घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत लकड़ी काटते समय टहनी गिरने से घायल हुआ था व्यक्ति, मैगलगंज वन रेंज के अंतर्गत थाना नीमगांव के एक गांव का मामला। मितौली तहसील के व्यासपुर गांव मे क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से चकरोड पर लगे पेड़ो पर चल रहा था आरा। राजस्व विभाग पर लगातार उठते सवाल इससे पहले भी यह राजस्व बीट अवैध लकड़ी कटान को लेकर चर्चा मे रही है। सूचना पर एसडीएम मितौली विनीत कुमार उपाध्याय ने लिया संज्ञान। कार्रवाई के आदेश।

### स्व. अशर्फीलाल यादव को श्रद्धांजलि देंगे अखिलेश

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** कस्बा बदोसराय में 16 जनवरी को पूर्व विधायक स्वर्गीय अशर्फी लाल यादव की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप एवं पूर्व मंत्री व विधायक रामनगर हाजी फरीद महफूज किदवाई पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू ,जिला अध्यक्ष हाजी अयाज अहमद, राष्ट्रीय प्रवक्ता फैजान किदवाई विधायक प्रतिनिधि व प्रदेश सचिव लल्लन वर्मा,ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कार्यक्रम को सफल बनाने के सम्बंध में विस्तार से चर्चा हुई।

### बिजली विभाग के मेघा कैंप में जमा हुए चार लाख के बिल

**जैदपुर, बाराबंकी।** विद्युत उप केन्द्र जैदपुर मे अधिकारियो द्वारा लगाये गये मेगा कैम्प मे आज भी लोगो की भीड़ मौजूद रही। भारी संख्या मे घरेलू सहित अन्य बकायादारो ने कैम्प में पहुंचकर बिल जमा करते नजर आये।जबकि सुरेंद्र,फुरकान,वसी आदि संविद कर्मियो द्वारा मोहल्ले मे लाउडस्पीकर से इस कैम्प मे लाभ लेने का प्रचार कर उपभोगताओ को जानकारी दे रहे है।बताते चले कि एसडीओ व जेई की मौजूदगी मे एक मुश्त समाधान योजना के मद्देनजर अधिक छूट हेतु जहां एक तरफ ओटीएस के अंतर्गत पंजिकरण किया जा रहा है।वही राजस्व व घरेलू कनेक्शन का बिल भी जमा करवाये गये।

# क्रिसमस पर उपहार पाकर खिले बच्चों के चेहरे

**जयपुरिया इंस्टीट्यूट में शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों ने की खूब मौज मस्ती**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



मैरी क्रिसमस डे के अवसर पर बनीकोडर शिक्षा क्षेत्र में स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के 150 छात्र छात्राओं का जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट गोमतीनगर, लखनऊ का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चों को इंस्टीट्यूट की सामाजिक दायित्व कमेटी की चेयरपर्सन डॉ रीना अग्रवाल ने अपनी ओर से बच्चों को उपहार में गर्म कपड़े, जूता मोजा, टोपी आदि भेंट किया तो बच्चों के चेहरे खिल उठे। सभी बच्चों को जयपुरिया इंस्टीट्यूट के कम्प्यूटर लैब में कम्प्यूटर की व्यवहारिक जानकारी दी गई। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के द्वारा ज्ञानवर्धन कराया गया। मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के प्रबंधन छात्रों ने कई खेल गतिविधियों और म्यूजिक डॉन्स के द्वारा चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्रों की मौज मस्ती कराई। इंस्टीट्यूट पहुंचते ही स्वादिष्ट नाश्ता, और दोपहर का भोजन कराया गया तथा सभी बच्चों को उपहार में गर्म कपड़े भेंट किया गया।

डॉ रीना अग्रवाल ने बच्चों को उपहार भेंट करते हुए कहा कि हर बच्चा ईश्वर का दिया हुआ वरदान है, उसमें असीम प्रतिभाएं होती हैं, उन्हें फ्रेन्डली वातावरण मिलना चाहिए, बच्चों को पोषणीय शिक्षा मिलना उनका हक है। मेरी शुभकामनाएं हैं कि यह सभी बच्चे पढ़ लिखकर देश कर्णधार बनें। संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने जयपुरिया इंस्टीट्यूट के सामाजिक दायित्व कमेटी की चेयरपर्सन डॉ रीना अग्रवाल तथा समन्वयक ओजस्वी राय के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर छात्रों ने प्रतिज्ञा ली कि हम भारत की एकता और अखंडता को बनाये रखने के लिए सदैव प्रयत्न करेंगे। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वन्दना वर्मा, पूनम रत्नाकर, सरिता यादव, अनिता, सरोज, सरस्वती, जियालाल सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी की रैली की तैयारियों में जुटी भाजपा

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**30 दिसंबर को अयोध्या में होगी जनसभा, जनपद से 50 हजार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य**

आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या में होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय में जिला कार्यसमिति की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निकटवर्ती जिला होने के कारण प्रदेश नेतृत्व ने जनपद को 50 हजार का लक्ष्य दिया है जिसे रणनीति बनाकर हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विधानसभावार संख्या निर्धारित करते हुए बताया कि समर्थको के आवागमन के लिए पर्याप्त संख्या में बसों और छोटे चौपहिया वाहनों की व्यवस्था कर ली गई है। कहा कि प्रभु राम का भव्य मंदिर बन रहा है। देश विदेश से श्रद्धालुओं को अयोध्या पहुंचने के लिए हवाई अड्डा और रेलवे स्टेशन बन कर तैयार है। जिसका लोकार्पण प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा 30 दिसंबर को होना है। उन्होंने कहा बाराबंकी अयोध्या का प्रवेश द्वार है इसीलिए यहां से हजारों की भीड़ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत व अभिनंदन करने शनिवार को अयोध्या पहुंचेगी।

# छंदरौली का दो दिवसीय पारंपरिक मेला सम्पन्न

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत छंदरौली का दो दिवसीय पारंपरिक मेला संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने हिस्सा लिया।

मेले में आए सभी अतिथियों का प्रधान महेश कुमार शर्मा एवं समाजसेवी सुभाष शर्मा ने अंगवस्त्र देकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। आजाद रामलीला समिति के कलाकारों ने रामलीला का भव्य मंचन कर मेले में आए अतिथियों एवं ग्रामीणों का मन मोह लिया। विधायक दिनेश रावत ने भी कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि आपके द्वारा किया गया मंचन अत्यंत सराहनीय है ऐसा कहीं-कहीं पर देखने को मिलता है।

मेले में मुख्य रूप से भाजपा नेता सुशील पटेल अंबर शरण जायसवाल जिला पंचायत सदस्य विवेक वर्मा पूर्व प्रधान धर्मेंद्र वर्मा उत्तम वर्मा संतोष कुमार आर्य मंडल महामंत्री ओबीसी अरविंद वर्मा चंद्रशेखर वर्मा श्यामू वर्मा रामसेवक रावत रामलीला समिति के प्रबंधक बाबा दिन रावत अध्यक्ष अंकित शर्मा कपिल शर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे और मेले का आनंद उठाया।

# जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की डीएम ने ली बैठक, दिए निर्देश

**ब्लैक स्पॉट का हो नियमित अनुश्रवण, समयबद्धता से कराए सुधारात्मक कार्य**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संयोजन संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड ;तृतीय के अधि. अभियंता अनिल कुमार यादव ने किया। डीएम ने जिले में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डीएम ने अधिकारियों को जरूरी कार्यवाई करने के निर्देश दिए। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। डीएम ने सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके मार्ग पर जितने भी ब्लैक स्पॉट अवशेष हैं उनका शीघ्र अति शीघ्र सुधारात्मक कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉटवार सुधारीकरण कार्य की प्रगति जानी।

डीएम ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जिले में ब्लैक स्पॉट के संबंध में रिव्यू करते हुए निर्देश दिए कि पुलिस महकमें से सड़क दुर्घटनाओं का डाटा प्राप्त कर एआरटीओ आलोक कुमार और पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड ;तृतीय अनिल कुमार यादव संबंधित सर्कल के पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ स्थलीय भ्रमण उन स्थलों पर दुर्घटना के कारण की एनालीसिस करते हुए भविष्य में दुर्घटना ना हो इस पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करते हुए प्रभावी कार्यवाही अमल में लाएं। डीएम ने सुझाव दिया कि लिंक मार्ग व मुख्य मार्ग को कनेक्ट करने वाले स्थानों के पास संकेतांक के साथ मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। परिवहन पुलिस महकमे को निर्देश दिया कि नियमित रूप से यातायात नियमों की जानकारी जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से वाल राईटिंग, हैण्डबिल्स, होर्डिग्स व बैनर इत्यादि के माध्यम से व्यापक प्रचार.प्रसार करायें।

# केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने सोमवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर बथुआ का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता सहित सीएचसी निघासन अधीक्षक के पीके रावत मौजूद रहे।

स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना शासन के आदेश अनुसार की जा रही है। जिससे गांव.गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर तरीके से पहुंचा जा सके। इस दौरान निघासन क्षेत्र के ग्राम बथुआ में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन रविवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टैनी द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और इसीलिए इन आयुष्मण आरोग्य मंदिर को ग्रामीण अंचलों तक खोला जा रहा है। जिससे बड़ी तादाद में ग्रामीण लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि उद्घाटन के अवसर पर यहां शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच भी की गई। इस दौरान 55 ओपीडी की गई।

**बैठक** | **विधायक ने भी विकास कार्यों को गति देने के लिए अपने दिए सुझाव**

# कलेक्ट्रेट में हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अनुश्रवण के लिए जनपद स्तरीय गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ;दिशा की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री भारत सरकार, खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। सांसद ने एक-एक योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की हकीकत भी परखी। मौजूद विधायक ने भी विकास कार्यों को गति देने के लिए अपने सुझाव दिए। जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में तीन फ्लाई ओवर मय एक आरओबी तय समय से पहले पूरा करनेएबेहतर प्रबंधन, कामकाज के किए पीडब्ल्यूडी के एनएच खंड के ईई शुभ नारायण की सराहना की।

बैठक में मुख्य रूप से विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, एमएलसी अनूप गुप्ता, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल सिंह, एडीएम संजय सिंह, पीडी एसएन चौरसिया अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह, पवन गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि राम शंकर राज, राजवीर, निगरानी समिति सदस्य बीना सिंह, गंगाराम सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय, दीपक तलवार अंब्ररीश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि जिले में योजनाओं के नियमित अनुश्रवण, समीक्षा से ही केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी, लाभकारी, फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ जिले के लोगों को अधिक से अधिक मिल रहा है। साथ ही साथ विभागीय कामों में खीरी जिले ने एक अलग स्थान बनाया। जिस कारण से खीरी की प्रदेश में अलग पहचान बनी है। मैं चाहता हूं यह निरंतरता बनी रहे और हम लोग अपने जिले के लोगों की समृद्धि खुशहाली के लिए जो प्रयास कर रहे हैं उन प्रयासों में हम सफल हो। जनपद वासियों के जीवन जीने की सामान्य सुविधाएं एवं जरूरत बढ़े। इसके लिए हम निरंतरता से काम करें। अफसर जनप्रतिनिधियों के सहयोग मार्गदर्शन में जिले की इस रफ्तार को जारी रखते हुए गुणवत्ता को और बेहतर बनाएं। यह इस वर्ष की और उनके दूसरे कार्यकाल की अंतिम बैठक है जो अच्छे वातावरण में संपन्न हुई। यहां डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में अच्छे अधिकारियों की टीम हैए जो निरंतर के साथ अच्छे परिणाम दे रही है।

## मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री जोरों पर, जिम्मेदार मौन

**मोहमदी खीरी, समृद्धि न्यूज।** एक तरफ जहां खाद्य सामग्री के भाव सातवें आसमान को छू रहे हैं वहीं दूसरी ओर उसमे मिलावट भी उतने ही बड़े पैमाने पर की जा रही है। लोगों को मोटे दाम चुकाने के बाद भी शुद्ध खाद्य पदार्थ नहीं मिल रही है।फिर चाहे कड़वा तेल हो या मसाले या फिर दूध, खोया, पनीर और मिठाई।नतीजन जनमानस को शारीरिक स्वास्थ्य नुकसान के साथ-साथ आर्थिक नुकसान का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसा भी नही की इस मिलावटी खेल की जानकारी संबधित विभाग को नही।सबंधित विभाग को जानकारी भी है और समय.समय पर सोशल मीडिया इत्यादि से मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री रोकने की खबर चलती रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, बुधवार, 27 दिसंबर, 2023



# मंडलायुक्त ने सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में मानसरोवर कल्याण मंडप सेक्टर पी (जोन-8) नगर निगम में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मण्डलायुक्त लखनऊ डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी व अपर जिलाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आम जन मानस की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना गया तथा इनके निस्तारण के सम्बंध में सम्बंधित को निर्देश दिए।

जनसुनवाई में पहुँचे शिकायतकर्ता प्रेम भारती द्वारा बताया गया कि जोन 8 में सीवरेज की साफ-सफाई न होने पर बदबू फेल रही है जिसके क्रम में जलकल के संबंधित अधिकारियों को तत्काल सीवरेज की सफाई कराने के निर्देश दिए।

आशियाना पावर हाउस चौराहे पर सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर मंण्डलायुक्त ने नगर निगम व जिला प्रशासन के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने को कहा है। इसके अलावा आए हुए विभिन्न शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक व समय कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# 14 जिलों के लिए 14324.54 लाख रुपए की 110 परियोजनाओं को मंजूरी

समृद्धि न्यूज



मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना की राज्य स्तरीय समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना की राज्य स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 14 जनपदों के लिए 14324.54 लाख रुपये की 110 परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया।

इसमें जनपद बरेली में 2414.61 लाख रुपये लागत की 07 परियोजनायें, जौनपुर में 3278.64 लाख रुपये लागत की 19 परियोजनायें, लखनऊ में 1384.82 लाख रुपये लागत की 01 परियोजना, अयोध्या में 668.56 रुपये लागत की 07 परियोजनायें, रामपुर में 374.26 लाख रुपये लागत की 07 परियोजनायें, बस्ती में 148.48 लाख रुपये लागत की 02 परियोजनायें, मुरादाबाद में 279.07 लाख रुपये की 19 परियोजनायें, गौतमबुद्ध नगर में 70.74 लाख रुपये की 02 परियोजनायें, कानपुर देहात में 409.37 लाख रुपये की 02 परियोजनायें, गाजीपुर में 128.57 लाख रुपये की 01 परियोजना, लखीमपुर-खीरी में 1862.83 रुपये लागत की 10 परियोजनायें, सम्भल में 12.70 लाख रुपये लागत की 5 परियोजनायें, सहारनपुर में 2338.74 लाख रुपये की 26 परियोजनायें तथा मुजफ्फरनगर में 953.15 लाख रुपये लागत की 02 परियोजनायें शामिल हैं।

प्रस्ताव में प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी स्कूल अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, इण्टर कॉलेज में मल्टी परपज हॉल, राजकीय इण्टर कॉलेज-निशातगंज, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन, मेडिकल कॉलेज में ऑडिटोरियम, अभ्युदय मॉडल विद्यालय, सद्भाव मंडप, विभिन्न खेलों से सम्बन्धित हॉल तथा छात्रावास का निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र आदि के निर्माण कार्य से सम्बन्धित कार्य सम्मिलित किये गये हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 18939.38 लाख रुपये की लागत से विभूति खण्ड में डायग्नोस्टिक सेंटर का निर्माण तथा 3540 लाख रुपये की लागत से लखनऊ विश्वविद्यालय में लाइब्रेरी एवं गेस्ट हाउस के निर्माण के प्रस्ताव को बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में 50 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि यूनानी मेडिकल कॉलेज-बरेली की वित्तीय प्रगति 83.42 प्रतिशत व भौतिक प्रगति 80.6 प्रतिशत, सांस्कृतिक सद्भावना केन्द्र-रामपुर की वित्तीय प्रगति 90.34 प्रतिशत व 63.7 प्रतिशत तथा सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान-बलरामपुर की वित्तीय प्रगति 96.0 प्रतिशत व भौतिक प्रगति 60 प्रतिशत है। इस पर मुख्य सचिव ने निर्माणाधीन परियोजनाओं का कार्य आगामी 31 मार्च, 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

## खबरें एक नजर में

### हरिश्चन्द्र अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन आज से इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हरिश्चन्द्र वंशीय समाज का दो दिवसीय हरिश्चन्द्र वंशीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन कल 27 दिसम्बर से इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में हो रहा है। इस सम्मेलन का उद्घाटन अपराह्न 12 बजे मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी दीप जलाकर करेंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय हरिश्चन्द्र वंशीय महासभा के पूर्व अध्यक्ष फकीर चंद्र रुस्तगी करेंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन 28 दिसम्बर को प्रात: मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं अभिनेता डा. अनिल रस्तोगी द्वारा शुभारम्भ किया जाएगा। दो दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन के दौरान लखनऊ की भावी योजना मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल, श्रीनाथ जी का मंदिर, अन्नपूर्णा भोजनालय आदि स्थापित करने पर विमर्श किया जायेगा तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा विवाह योग्य युवक युवतियों का स्वपरिचय कार्यक्रम भी होगा।

### सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल के घर चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, धर्मपाल रावत अपने परिवार संग दरोगा खेड़ा के पास आउटर रिंग रोड के किनारे रहते हैं। धर्मपाल सीआरपीएफमें हेड कांस्टेबल के पोस्ट पर कार्यरत हैं । वह परिवार के साथ बीती रविवार दोपहर करीब एक बजे अपने साले के घर कासिम खेड़ा में मकान की छत की ढलाई का काम हो रहा था। वहीं पर परिवार संग गए थे। सोमवार सुबह करीब दस बजे घर वापस लौटने पर देखा कि घर में चोरी हो गई हैं। कमरों व अलमारी का ताला टूटा पड़ा था, सारा सामान अस्त–व्यस्त पड़ा था। धर्मपाल के मुताबिक, चोर घर में रखे करीब तीन से चार लाख रुपए के जेवरात और नगदी सहित लाइसेंसी पिस्टल भी उठा ले गए हैं। चोरी की सूचना पर एसीपी कृष्णानगर विनय कुमार द्विवेदी ने जांच पड़ताल कर चोरों को पकड़ने के लिए टीमों को लगाया हैं । इंस्पेक्टर सरोजनीनगर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि पीड़ित परिवार तहरीर दे रहा है,मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही हैं।

### स्क्रैप मार्केट में लगी भीषण आग, लाखों का सामान राख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के केशव नगर इलाके के पास मंगलवार सुबह एक स्क्रैप बाजार में भीषण आग लग गई। आगजनी की इस घटना में लाखों रुपयों का सामान जलकर राख हो गया। मामला केशव नगर पुलिस चौकी के पास स्थित कबाड़ मंडी का है। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर मौजूद थीं। आग ने दुकान के पास लगे नीम के पेड़ को भी जलाकर खाक कर दिया था। इसी के साथ ही पास में गाड़ी रिपेयरिंग की दुकान में जहां काफी संख्या में गाड़ियां खड़ी थी उनको तुरंत वहां से हटाया गया। दमकल विभाग की 4 गाड़ियों ने 40 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### एकीकृत ब्राह्मण महासंघ नेता संजय पाठक रालोद में शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एकीकृत ब्राह्मण महासंघ की युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोण्डा निवासी संजय कुमार पाठक ने आज राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की प्रेरणा से राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए अपने सैकड़ों साथियों के साथ राष्ट्रीय लोकदल में शामिल होने की घोषणा की है। श्री पाठक ने प्रदेश कार्यालय में रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय व राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे के समक्ष सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में हर्षित शर्मा, राघवेन्द्र मिश्रा, अभिषेक पाण्डेय, अमरीष कुमार पाण्डेय, एसएन पाठक, लल्लन तिवारी, अंगराज मिश्रा, महेश तिवारी, शुभम तिवारी, स्वदेश तिवारी व नन्हकऊ सिंह, अन्तरिक्ष वर्मा आदि प्रमुख थे।

### चार दिन बंद रहेगा होल सेल दवा बाजार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश की सबसे बड़ी दवा मंडी चार दिन के लिए बंद रहेगी। लखनऊ अमीनाबाद स्थित होल सेल मेडिसीन मार्केट के कारोबारी नए साल की छुट्ट्टी मनाएंगे। 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक करीब 2000 से ज्यादा दुकान बंद रहेगी। लखनऊ केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश चंद्र साह, महामंत्री प्रदीप चंद्र जैन के मुताबिक हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतकालीन पारिवारिक अवकाश के अवसर पर 29 दिसंबर से 1जनवरी जनवरी तक अमीनाबाद होल सेल दवा बाजार बंद रहेगा। कारोबारियों का कहना है कि इस दौरान किसी को कोई परेशानी न हो इसको लेकर प्रशासन से लेकर खुदरा कारोबारियों को सूचित कर दिया गया है। अगर इमरजेंसी में किसी दवा की जरूरत पड़ती है तो उसके लिए कारोबारी उपलब्ध करेंगे। अमीनाबाद दवा मंडी से प्रतिदिन करीब 25 से 30 करोड़ रुपए का काम होता है। यहां यूपी के 20 से ज्यादा जिलों में माल जाता है।

### मनुस्मृति जलाने पर बवाल, आरोपी छात्रों के प्रवेश पर रोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीबीएयू यानी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में एक नया विवाद सामने आया हैं। विश्वविद्यालय के कुछ छात्रों ने सोमवार को मनु स्मृति की प्रतियां जला दी। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रशासन को हुई तो आरोपी छात्रों को मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करने पर रोक लगा दिया गया। एंट्री से रोके जाने पर छात्रों गेट पर ही नारेबाजी शुरू कर दी। प्रॉक्टर से छात्रों से जमकर नोकझोंक भी हुई। वहीं, बाहर रोके गए कुछ छात्रों के पक्ष में कुलपति आवास के बाहर प्रॉक्टर के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। गेट पर बैठे छात्रों को विश्वविद्यालय में प्रवेश दिया गया तो वो सभी छात्र कुलपति आवास के बाहर धरना देने लगे। प्रदर्शन कर रहे छात्रों की मांग हैं कि प्रॉक्टर को तत्काल उनके पद से हटाया जाए।

# हर युवा व बच्चे को सुनाई जानी चाहिए साहिबजादों के बलिदान की गाथा

▸ सिख गुरुओं से संबंधित स्थलों के लिए किए जाएंगे विकास कार्य

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि 'वीर बाल दिवस हमें सिख गुरुओं के बलिदान की याद दिलाता है और साहिबजादों के बलिदान की गाथा हर बच्चे और युवा को सुनाई जानी चाहिए। उन्होंने अपने सरकारी आवास में आयोजित विशेष संकीर्तन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्र धर्म और देश की रक्षा के लिए हंसते-हंसते प्राणों की आहुति दे दी। यह इतिहास युवा पीढ़ी तक पहुंचानी होगी, ताकि वे अपने बलिदानियों की गौरवगाथा के बारे में जानें।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक मंडल और जनपद स्तर पर वीर बालकों का सम्मान किया जाना चाहिए। साथ ही प्रदेश में सिख गुरुओं से संबंधित सभी स्थलों को चिह्नित करते हुए उनके विकास के लिए कार्य किये जाएंगे। योगी ने गुरु गोविंद सिंह को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने चार-चार पुत्र देश और धर्म की रक्षा करते हुए बलिदान कर दिए। जब गुरु गोविंद सिंह जी से पूछा गया कि आपके चार पुत्र शहीद हुए, उस समय उनके मुख से यही निकला था कि चार हुए तो क्या हुआ, जीवित हुए हजार। ऐसे कार्यक्रम उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने लखनऊ के सिखों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी ने 2020 से लगातार इस बात को उठाया कि भारत के इतिहास में सर्वोच्च बलिदान देने वाले साहिबजादों को आखिर क्यों विस्मृत कर दिया गया। जिन साहिबजादों के बलिदान दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाना चाहिए, उसकी जगह किसी और घटना को बाल दिवस से जोड़ दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और प्रेरणा से दोनों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान दिवस को आज पूरा देश वीर बाल दिवस के रूप में मना रहा है। सिख गुरुओं का बलिदान व्यक्तिगत या परिवार के लिए नहीं था, बल्कि उनका बलिदान देश और धर्म के लिए था। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारे स्कूली बच्चों के सामने साहिबजादों का इतिहास आना ही चाहिए।

### न तो हिंदुत्व कमजोर होगा न मंदिर निर्माण रुकेगा : केशव प्रसाद



आगरा डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने स्वामी प्रसाद मौर्य का नाम लिए बिना इशारों–इशारों में निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि उनके सनातन विरोधी बयानों से न तो हिंदू धर्म कमजोर होगा और न ही भव्य राम मंदिर का निर्माण रुकेगा। उन्होंने कहा कि जाको प्रभु दारुण दुख दीना, ताकी मति पहले हर लीना...। उन्होंने कहा कि लगता है कि उनकी बुद्धि का हरण कर लिया गया है। उनको ये समझ में नहीं आ रहा है क्या बोलना चाहिए क्या नहीं। ऐसे बयान देकर कोई सनातन को न कमजोर कर सकता है और न ही मिटा सकता है। न हिंदुत्व को कमजोर कर सकता है और न ही मिटा सकता है और न ही भव्य राम मंदिर के निर्माण को रोक सकता है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 22 जनवरी को भगवान रामलला का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मेरे जैसे कार्यकर्ता, राम भक्त और कारसेवक के लिए गर्व की बात है।

# सीएम का निर्देश : जल्द जारी होगी 'ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के दृष्टिगत प्रदेश में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा उत्पादन स्रोतों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन नीति लागू करने के निर्देश दिए हैं। ड्राफ्ट पॉलिसी का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पॉलिसी को अंतिम रूप देने से पूर्व इस क्षेत्र में काम करने वाले स्टेक होल्डर से भी परामर्श लिए जाएं, ताकि निवेशकों और उपयोगकर्ताओं को इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने एक बैठक में मसौदा नीति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि 'ग्रीन हाइड्रोजन नीति को अंतिम रूप देने से पहले इस क्षेत्र में काम करने वाले हितधारकों से परामर्श किया जाना चाहिए ताकि निवेशकों और उपयोगकर्ताओं को इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। उन्होंने कहा कि 'ग्रीन हाइड्रोजन एक स्वच्छ ऊर्जा होने के कारण नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करती है और इसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।'ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनियों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिये गए। इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को भूमि की उपलब्धता, स्टांप शुल्क और बिजली शुल्क से छूट, पूंजी और ब्याज सब्सिडी, आकर्षक प्रोत्साहन जैसे लाभ दिये जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नीति को अंतिम रूप देने से पहले विभिन्न राज्यों की संबंधित नीतियों का अध्ययन करने का निर्देश दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों को बहुमंजिला इमारतों में लगी लिफ्ट स्वचालित सीढ़ियों (एस्कलेटर) की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक कानून बनाने का निर्देश दिया। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि वर्तमान में तेजी से शहरीकरण और बहुमंजिला इमारतों के प्रसार के कारण लिफ्ट और एस्केलेटर का उपयोग बढ़ रहा है।

# उद्घाटन का निमंत्रण मिले न मिले हम अयोध्या जाएंगे : डिंपल यादव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मैनपुरी पहुंचीं सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम का निमंत्रण अगर नहीं मिलता है तो भी हम जाएंगे। भले ही निर्धारित तिथि के बाद जाएं। आराध्य को राजनीति में नहीं बांधना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को नहीं बुलाने की मांग भाजपा की सोच को उजागर करती है। भगवान राम की बात करना ही पर्याप्त नहीं है उनके आदर्श को भी अपने जीवन में उतारना चाहिए।

सोमवार की शाम को सांसद डिंपल यादव सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष ज्योती मैसी के आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रही थी। उन्होंने कहा कि देश की संसद से 142 सांसदों का एकसाथ निलंबन दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। विश्व में ऐसा किसी भी देश में नहीं हुआ है। सरकार पूरी तरह डरी हुई है। केंद्र की भाजपा सरकार ने पांच साल के कार्यकाल में ईडी, सीबीआई, आयकर टीम का जमकर दुरुपयोग किया है। सरकार सच बात सुनना नहीं चाहती है। सदन में चर्चा से डरती है। तमाम तरह की बातों को उछालकर जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। सरकार पांच किलो आटा देने का दावा तो करती है लेकिन बेरोजगारों को नौकरी देने की दिशा में कदम नहीं बढ़ाना चाहती है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष के चुनाव में भी सरकार के लोग शामिल रहे हैं। सांसद ब्रजभूषण सिंह केकरीबी को अध्यक्ष बनवा दिया।

आतंकी हमले में चार जवानों और तीन नागरिकों की हत्या सरकार के दावों की पोल खोल रही है। सरकार पत्थर तक नहीं चलने का दावा कर रही है वहीं आतंकी सेना के जवानों की हत्या कर रहे हैं। सरकार को आतंकवाद के मामले में तथ्य देश की जनता के सामने लाने चाहिए। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष आलोक शाक्य, विधायक किशनी बृजेश कठेरिया, पूर्व सदर विधायक राजकुमार यादव, जिला महासचिव रामनारायण बाथम, सुबोध यादव, उपदेश यादव, कमल वर्मा, मानवेंद्र सिंह, देवेंद्र यादव एडवोकेट, देवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### नवोदयन्स के समागम में स्कूली दिनों की खट्टी-मीठी यादें हुईं ताजा

**मलिहाबाद।** जवाहर नवोदय विद्यालय के पुरातन छात्र-छात्राओं के समागम का आयोजन 25 दिसंबर को बनारस क्लब में वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से तमाम नवोदयन्स जुटे और अपनी जड़ों को मजबूत करने का संकल्प लिया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में नवोदयन्स की उपलब्धियों के विस्तार के साथ स्कूली दिनों की खट्टी-मीठी यादें ताजा कीढ्ढ स्वागत के बीच सभी ने एक से बढ़कर एक काव्यमय प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर नवोदय विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी रहे अमित कुमार, पुलिस उपायुक्त, वरुणा जोन, केके पांडेय, मुख्य वित्त अधिकारी, नगर निगम, सुनीता गुप्ता, उपजिलाधिकारी, राजातालाब, विनोद सिंह, असिस्टेंट कमाण्डेन्ट, सी.आर.पी.एफ, रविंद्र देव, हेड, पेप्सिको इंडिया, श्री बृजेश त्रिपाठी डिप्टी रजिस्ट्रार, बीएचयू, सुरेंद्र प्रसाद, प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान, बीएचयू, घनश्याम यादव, अध्यक्ष नवोदय एल्युमिनाई वेलफेयर एसोसिएशन, कविवर दान बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# विद्युत सखियों को मीटर रीडिंग से जोड़ने की पहल

▸ ग्राम पंचायतों में चल रहा वन ग्राम पंचायत वन विद्युत सखी अभियान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक उन्नयन, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए पूरी संवेदनशीलता व गम्भीरता से काम कर रही है। ग्राम्य विकास विभाग ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आमदनी के साधनों से सशक्त बनाने का कार्य कर रही है और इसका उदाहरण विद्युत सखी कार्यक्रम है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू किए गए इस कार्यक्रम से महिलाएं स्वावलंबी हो रही हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चयनित विद्युत सखियों द्वारा जहां एक ओर जहां एक ओर अपनी आय बढ़ाना है वहीं डिस्कॉम बकाया का राजस्व बढ़ाना है। इसमें उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के साथ अभिसरण के माध्यम से आजीविका संवर्धन एंव महिलाओं के आय सृजन हेतु उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की प्रेरणा और मार्गदर्शन के फलस्वरुप प्रदेश के 75 जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत बिलों के कलेक्शन का कार्य स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत विद्युत सखियों के माध्यम से कराया जा रहा है। योजना के अंतर्गत महिला सदस्यों ने विभिन्न गाँवों में बिजली बिलों के कलेक्शन का कार्य स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया है।

### ट्रक ने बुलेट सवार को रौंदा,दो मासूम की मौत, दो लोग घायल

**लखनऊ।** बक्शी का तालाब क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर जारी है। मंगलवार दोपहर बुलेट सवार को ट्रक ने रौंद दिया। जहां इस दुर्घटना में दो मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को कब्जे में लिया।

### 69000 शिक्षक भर्ती मामला : अभ्यर्थियों की भूख हड़ताल का दूसरा दिन, मेडिकल टीम ने की जांच

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में हुई विसंगति को दूर किए जाने के बाद भी नियुक्ति पाने से वंचित आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने भूख हड़ताल शुरू कर दिया है इनकी भूख हड़ताल का (मंगलवार ) दूसरा दिन है। भूख हड़ताल पर बैठे अभ्यर्थियों की मेडिकल टीम ने धरना स्थल इको गार्डन पहुंचकर जांच की है सबकी नॉर्मल है। एक अभ्यर्थी अमरेंद्र पटेल के द्वारा मेडिकल टीम को सर में दर्द की बात बताई गई है मेडिकल टीम ने दवाई दी और कुछ खा करके दवाई खाने की बात कही इस पर उन्होंने दावा मेडिकल टीम को वापस कर दिया।अमरेंद्र पटेल ने जानकरी देते हुए कहा आज हमारे भूख हड़ताल का दूसरा दिन है और नियुक्ति की मांग लेकर धरना प्रदर्शन का यह 559वां दिन है लेकिन शासन प्रशासन की निरंकुशता के चलते कोई हमारा सुध लेने वाला नहीं है, जिससे की यह मामला निस्तारित हो सके। दोपहर 2 बजे एक मेडिकल की टीम ने हम लोगों का बीपी की जांच की।

# 'मिनी स्पोर्ट्स डे' में बच्चों ने दिखाए करतब

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस द्वारा 'मिनी स्पोर्टस डे' का आयोजन आज विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी व प्राइमरी के नन्हें-मुन्हें छात्रों ने अपनी अभूतपूर्व खेल प्रतिभा व अपने करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया एवं चुस्ती-फुर्ती से परिपूर्ण फिजिकल फिटनेस एक्टिविटी द्वारा इण्डिया फिट एण्ड यंग का सन्देश दिया।

खेल समारोह का शुभारम्भ सर्व-धर्म एवं विश्व शान्ति प्रार्थना से हुआ एवं इसके उपरान्त खेल की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदकों के जबरदस्त होड़ रही और छात्रों ने अपनी शक्ति, दमखम, प्रतिभा व क्षमता का भरपूर प्रदर्शन किया। विद्यालय के नन्हें-मुन्हें छात्रों ने विभिन्न प्रकार की रेस व अन्य रोचक खेलों में अपनी खेल प्रतिभा का गजब का प्रदर्शन किया।

खेल समारोह में बच्चों के माता-पिता व अभिभावकों ने भी बड़े उत्साह से प्रतिभाग किया। इससे पहले, 'मिनी स्पोर्टस डे' का शुभारम्भ सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश ने दीप प्रज्वलित कर किया। डा. गाँधी ने कहा कि खेल का मैदान ऐसा है जहां अनेक गुण पैदा होते हैं एवं चरित्र का निर्माण होता है।

### संयुक्त राष्ट्र संघ सी.एम.एस. छात्रा ने बुलन्द की आवाज

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की छात्रा आयुषी शुक्ला ने अभी हाल ही में न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अल्पसंख्यकों पर आयोजित संयुक्त राष्ट्र के 16वें सेशन को संबोधित कर देश का गौरव सारे विश्व में बढ़ाया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी व सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने आयुषी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**दीक्षांत समारोह**

### राज्यपाल आंनदी बेन पटेल ने एकेटीयू के दीक्षांत समारोह में हुईं शामिल

# एकेटीयू में 49 हजार 452 स्टूडेंट्स को प्रदान की गई डिग्री

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** एकेटीयू यानी डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का 21वां दीक्षांत समारोह में 95 मेधावियों को मेडल दिए गए। पीएचडी पूरी करने वाले 112 अभ्यर्थियों में पूर्व मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी भी शामिल हैं। उन्हें डिग्री दी गई। 49 हजार 452 स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान की गई। साथ ही स्पोर्ट्स और स्टार्टअप की श्रेणी में 3 पुरस्कार दिए गए। इस दौरान आयोजन की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कर रही हैं। बतौर मुख्य अतिथि एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीताराम और विशिष्ट अतिथिप्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल शामिल हुए। आनंदी बेन पटेल ने कहा कि यह युग विद्यार्थियों का युग है। वह आगे बढ़ेंगे, तो देश खुद ब खुद आगे बढ़ेगा। युवाओं के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि आपका जन्मदिन आए, तो एक साल होटल में मत जाए। 20 से 25 हजार का खर्चा आता है। दोस्तों के साथ होटल में खाने का जितना संतोष होगा, उससे ज्यादा संतोष आंगनबाड़ी में सामान मुहैया कराने पर होगा। 3 स्टूडेंट्स को स्टार्टअप अवॉर्ड मिला है। स्टार्टअप ढूंढने के लिए कही जाने की जरूरत नहीं हैं। ऐसे कई स्थान हैं, हमारे समाज की समस्याओं का समाधान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैं बताना चाहती हूं कि आज से 9-10 साल पहले देश में सिर्फ100 स्टार्टअप थे, आज 1 लाख से ज्यादा स्टार्टअप हैं। राज्य सरकार के सहयोग से 15 संस्थानों में इन्क्यूबेशन सेन्टर की शुरुआत हो चुकी हैं। इसके साथ ही 100 संस्थानों में इन्क्यूबेशन सेन्टर शुरू करने पर तेजी से काम हो रहा है

### 48 मेडलिस्ट में से 36 मेडल छात्राओं की झोली में

पीएम कौशल विकास के तहत देश में डेढ़ करोड़ युवाओं को ट्रेनिंग मिल चुकी है। अब वो जमाना नहीं है कि एक काम सीख गए तो जीवन भर काम चल पाएगा। नेचर ऑफजॉब बदल रहा है, इसलिए खुद को अपडेट करते रहना होगा। एआई पर केंद्रित पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के जीवन को नया आयाम दे रहा है। इस बार के कॉन्वोकेशन में मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी के छात्र मोहसिन अफरोज को चांसलर मेडल दिया गया। वही कानपुर की एकेटीयू की स्टूडेंट प्रज्ञा गौतम को कमल रानी वरुण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। 48 मेडलिस्ट में 36 मेडल छात्राओं की झोली में आए। वही 12 मेडल छात्रों को मिले। कुलपति जेपी पांडेय ने कहा कि 50 हजार से ज्यादा उपाधि डीजी लॉकर में अपलोड की जा रही हैं। वर्किंग प्रोफेशनल के लिए बीटेक की शुरुआत हुई हैं। हिंदी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू हुई हैं। विदेशी यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू करके ट्यूनिंग प्रोग्राम की शुरुआत कर रहे हैं। आज 112 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि भी दी जा रही हैं। विश्वविद्यालय के 19 संस्थानों को नैक के अच्छे ग्रेड मिले हैं। इसके अलावा 38 संस्थानों को छठ। एक्रेडिशन भी हासिल हुआ हैं।

# बस-ट्रक में टक्कर, तीन की मौत, डेढ़ दर्जन घायल

**बहराइच श्रावस्ती मार्ग पर हुआ हादसा, डीएम और एसपी ने घटना स्थल पहुंच की जांच**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

बहराइच श्रावस्ती मार्ग पर सोमवार सुबह आठ बजे डबल डेकर बस और ट्रक में आमने सामने की टक्कर हो गई। इस टक्कर में तीन यात्रियों की मौत हो गई। जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। जिन्हें पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। लुधियाना से बलरामपुर जनपद यात्रियों को डबल डेकर बस ले जा रही थी। प्राइवेट बस कोतवाली देहात के बहराइच श्रावस्ती मार्ग पर धरसवां के निकट पहुंची। सुबह आठ बजे विपरीत दिशा से आ रही चावल लड़ी ट्रक से आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। मौके पर ही तीन यात्रियों की मौत हो गई। जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल और गिलौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल हुए हैं। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने निरीक्षण किया। जबकि जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला अस्पताल में जांच कर घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि गिलौला सीएचसी नजदीक होने के कारण वहां घायल भर्ती कराए गए हैं। एक घायल कोतवाली देहात के गोबरेपुरवा निवासी सूरज (10) पुत्र मनीराम को जिला अस्पताल से गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है हादसे में ट्रक ड्राइवर भटनी देवरिया निवासी पप्पू (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बस सवार श्रावस्ती के इकौना कस्बा निवासी महबूब (35) व गोंडा के अजनईया निवासी राम राज (38) की मौत हो गई।

इनमें से एक बस का चालक था। वहीं हादसे में कोतवाली देहात क्षेत्र के गोबराई निवासी सूरज (10) व उसकी मां कलावती (35) समेत दो दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई है।

## वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वृक्षारोपण समिति/ जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न की गई। जिसमें उन्होंने इस वर्ष कराये गये वृक्षारोपण स्थल के जियो टैगिंग की समीक्षा की। उन्होंने लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल, महिला एवं बाल विकास, गृह विभाग, चिकित्सा शिक्षा एवं युवा कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि वह जल्द से जल्द अपनी शतप्रतिशत जियो टैगिंग करायें। साथ ही कहा जो पौधे मृत हो गए हैं उनके स्थान पर दूसरा पौधा लगाया जाये। बैठक के दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या के क्षेत्रीय अधिकारी से कहा कि जनपद में प्रदूषण नियंत्रण के लिए बिना अनुमति / अवैध ईंट भट्ठों पर संबंधित विभाग के अधिकारी को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# श्रीनंद इंटर कॉलेज में वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित

**भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने का संकल्प है वीर बाल दिवसः निशंक त्रिपाठी**




**विशेश्वरगंज,बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

विशेश्वरगंज के श्रीनंद इंटर कालेज में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित युवा भाजपा नेता पयागपुर निशंक त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती। ये उस महान विरासत का पर्व है। देश आज वीर बाल दिवस मना रहा है।

इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष राजकुमार शुक्ल,किसान जिला उपाध्यक्ष आनंद पांडेय ,प्रधानाचार्य सर्वेश पांडेय सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे ।वही उच्च प्राथमिक विद्यालय बंजारिया में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशेश्वरगंज राकेश पाण्डेय ने कार्यक्रम में शिरकत की। सभी उपस्थित बच्चो को कॉपी ,पेन सहित पेंसिल वितरित किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष विशेश्वरगंज संजीव तिवारी , धन लाल पांडेय सहित ग्राम प्रधान व शिक्षक व छात्र लोग मौजूद रहे।

# पानी पीने के लिए उठे सिपाही की गिरकर मौत

**कोतवाली देहात में मुंशी के पद पर तैनात था सिपाही**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली देहात में मुंशी के पद पर तैनात सिपाही सोमवार रात को ड्यूटी के दौरान पानी पीने के लिए कुर्सी से उठा। तभी वह जमीन पर गिर गया। उसे साथी पुलिस कर्मी जिला अस्पताल लेकर आए। यहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सिपाही के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक ने रात में ही निरीक्षण कर जानकारी ली। गोरखपुर जनपद के थाना गीडा अंतर्गत ग्राम पंचायत एकला बाजार निवासी शिव रतन मौर्य (36) पुत्र हरिश्चंद्र मौर्य मुंशी के पद पर तैनात थे। उनकी तैनाती कोतवाली देहात में थी। सोमवार को सिपाही कुर्सी से पानी पीने के लिए उठा।

तभी अचानक जमीन पर वह गिर गए। रात 11 बजे कोतवाली के साथी पुलिस कर्मी उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां जिला अस्पताल के इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर शहीर ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि ब्राड डेड आए थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी मौत का कारण कुछ कहा नहीं जा सकता है। पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। सिपाही के मौत की जानकारी मिलने पर जिला अस्पताल में एसपी प्रशांत वर्मा, एएसपी नगर, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, कोतवाल ब्रह्मा गौड़ समेत अन्य पहुंचे। वहीं साथी को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल चौकी के आरक्षी अखिलेश वर्मा ने डॉक्टर को बुलाकर दिखाया। लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी।

# गुजरात में रजिस्टर्ड हैं डग्गामार बस, उठ रहे सवाल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लुधियाना से यात्रियों को बलरामपुर लेकर जा रही डबल डेकर बस गुजरात में रजिस्टर्ड है। लेकिन बस में जिस तरह से सवारी आए, उस पर पुलिस और सहायक संभागीय विभाग पर सवाल उठ रहे हैं। बस और ट्रक की टक्कर में दोनों वाहनों के चालक समेत तीन की मौत हो गई। कोतवाली देहात क्षेत्र के श्रावस्ती बहराइच मार्ग पर धरसवा गांव के निकट सोमवार सुबह आठ बजे डबल डेकर बस और ट्रक में टक्कर हो गई थी। हादसे में दोनों वाहन के चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। मृतकों में ट्रक चालक पप्पू प्रसाद पुत्र श्यामा प्रसाद बिंदौलिया जनपद देवरिय, बस चालक महमूद पुत्र रविउल्ला कबीर नगर इकौना श्रावस्ती और राम राज विश्वकर्मा पुत्र भोला नाथ विश्वकर्मा भोपतपुर रानीपुर थाना इटियाथोक जनपद गोंडा शामिल हैं। वहीं हादसे में 20 लोग घायल हुए हैं। एक 10 वर्षीय बालक की हालत गंभीर होने पर बहराइच मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। अन्य का इलाज श्रावस्ती जिले के गिलौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। हादसे की जानकारी होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक घटना स्थल पहुंचे। एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि बस गुजरात में रजिस्टर्ड है। वह सवारियों को लेकर बलरामपुर जा रहा था। हादसे का केस दर्ज कर जांच शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि शायद कोहरे के चलते हादसा हुआ है।

# वन नेशन वन कमीशन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



**प्रदेश में मिल रहे कम कमीशन की मांग को लेकर दिया धरना**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट में मंगलवार को कोटेदारों ने वन नेशन वन कमीशन की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी का कहना है कि राज्यों में अलग अलग कमीशन दिया जा रहा है। प्रदेश में सबसे कम मिल रहा है। बहराइच के कलेक्ट्रेट में मंगलवार को ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के बैनर तले दर्जनों कोटेदार एकत्रित हुए। सभी ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और वन नेशन वन राशन कार्ड की तर्ज पर वन नेशन वन कमीशन की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मोनिका रानी को सौंपा। कोटेदार संघ के जिलाध्यक्ष मुदित श्रीवास्तव ने बताया कि हरियाणा में प्रति कुंतल के हिसाब से ढाई सौ रुपया कोटेदारों को कमीशन मिलता है। गोवा में प्रति कुंतल के हिसाब से 200, केरल में प्रति कुंतल के हिसाब से 200, महाराष्ट्र में प्रति कुंतल के हिसाब से डेढ़ सौ, राजस्थान में प्रति कुंतल के हिसाब से 125 तो गुजरात में 20000 का मानदेय दिया जाता है। जबकि उत्तर प्रदेश में कोटेदारों को प्रति कुंतल के हिसाब से मात्र 90 रूपये का ही कमीशन दिया जाता है। उन्होंने कहा कि एक समान व्यवस्था पूरे देश में लागू हो और सबको एक समान कमीशन मिले।

उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगे नहीं पूरी हुई तो 1 जनवरी को राशन विक्रेता राशन वितरण नहीं करेंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान नसीम अहमद, सैफ उल्लाह खान, शमीम अहमद, निर्भय सिंह पंवार, जियाउद्दीन, नंदूलाल, विवेक गुप्ता, नितिन गर्ग समेत अन्य मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सविता वर्मा को मिला पीपुल्स चॉइस का खिताब



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में चार दिनों तक चले सौंदर्य प्रतियोगिता मिसेज उत्तर प्रदेश में क्वीन ऑफ वर्चू में बहराइच की सविता वर्मा को पीपुल्स चॉइस का खिताब मिला है। सोमवार को जनपद पहुंचने पर स्वागत हुआ। बहराइच जिले के नगर निवासी सविता वर्मा को सौंदर्य प्रतियोगिता मिसेज उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ वर्चू सीजन 3 में पीपुल्स चॉइस के खिताब से नवाजा गया और उन्हें क्राउन पहना कर सम्मानित किया गया है। सविता वर्मा शिक्षिका और समाज सेविका है। साथ ही आस्था वेलफेयर सोसायटी की डायरेक्टर भी है। रविवार शाम को लखनऊ के होटल हॉलीडे आईएनएन में ग्रैंड फिनाले का प्रोग्राम हुआ। जिसमे मिसेज यूपी प्रीति सौरभ रहीं।

### इजरायल जा सकते हैं जिले के कुशल निर्माण श्रमिक

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** इजराइल में युद्ध के बाद वहां भारत के कुशल निर्माण श्रमिकों की जरूरत बताई जा रही है, इसके लिए प्रदेश से 10000 श्रमिकों को भेजा जाना प्रस्तावित है शासन की ओर से आए इस आदेश से जिले के भी कुशल निर्माण श्रमिकों को मौका मिल सकता है उप श्रमायुक्त देवीपाटन मंडल अनुभव वर्मा ने बताया की इसराइल में हुए युद्ध से पैदा हालात को लेकर वहां की सरकार ने कुशल निर्माण श्रमिकों की आवश्यकता जताई है इसराइल सरकार की ओर से आवश्यकता को लेकर केंद्र सरकार ने इसकी कवायत शुरू कर दी है केंद्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता उद्यमशीलता मंत्रालय ने के अधीन कार्यरत एजेंसी इंटरनेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के माध्यम से श्रमिकों को इसराइल भेजा जाएगा इसमें यूपी से 10000 श्रमिकों को भेजने की संभावना जताई जा रही है जारी आदेश में अलग-अलग श्रेणी के श्रमिकों को भेजने की बात कही गई है श्रमिकों की आयु 21 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिये उनको बेसिक अंग्रेजी की जानकारी बोलना एवं समझना जरूरी होगा निर्माण की ड्राइंग को पढ़ना आना चाहिए। इसके साथ ही निर्माण श्रमिकों को इसराइल भेजे जाने की कार्यवाही एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए श्रम एवं सेवायोजन तथा व्यावसायिक शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा।

### धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को फ्यूचर चाइल्ड इंटरनेशनल प्ले स्कूल न्यू जानकी नगर निकट सविता आईटीआई गोंडा में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया जिसमें बच्चे गलती से मिस्टेक तथा जिंगल बेल जिंगल बेल और अन्य गानों पर परफॉर्म किया। इसके बाद सभी बच्चों व अध्यापकों ने मिलकर केक काटकर ईशा मसीह का जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर सभी बच्चे विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य अनुपमा मुखर्जी, उप प्रधानाचार्य सारिका श्रीवास्तव व अन्य मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर में लीकेज से लगी आग, पाया काबू



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के मोहल्ला जोशियापुरा निवासी एक व्यक्ति के यहां मंगलवार दोपहर में खाना बनाते समय आग लग गई। शोर सुनकर दौड़े मोहल्ले के लोगों ने बालू और पानी के द्वारा आग बुझाया। कोतवाली नगर के मोहल्ला जोशियापुरा मोहल्ला निवासी सोनू के मकान में किरायेदार रहते हैं। नेपाल निवासी धीरज कमरे का मकान लिए हुए हैं। वह पहरेदारी का काम करते हैं। मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे वह गैस सिलेंडर से खाना बना रहे थे। खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लीकेज के चलते आग लग गई।

लपट बढ़ता देख धीरज ने शोर मचाया। आसपास के लोग एकत्रित हो गए। दमकल विभाग को भी सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने मोहल्ले के लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया।

# नवविवाहिता की हत्या में पति सहित पांच पर मुकदमा दर्ज

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक विवाहिता महिला की दहेज में दो लाख रुपया नही देने पर उस की गला दबा कर हत्या कर दी गई। पिता ने पति सहित पांच लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस ने शव के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। बलराम पुर जनपद के श्री दत्तगंज थाना क्षेत्र के देवरिया रानी जोत निवासी कुंन्रे ने अपने पुत्री नीलू की शादी बीते 11 मई 2023 को कोतवाली देहात गोण्डा के केशव जोत निवासी पवन कुमार पुत्र राम फल के साथ किया था।

मृतका के पिता कुंन्रे ने बताया कि शादी में एक लाख रुपये नगद एक मोटर साइकिल 51 हजार बन्नवत दिया था। बाद में दहेज में दो लाख रुपये और मांगने लगे। जिस को उस के पिता ने देने को कहा था। बीते 14 दिसम्बर को कुंन्रे अपने नाती का मुंडन का कार्यक्रम किया था। उसी में अपने पुत्री नीलू दमाद पवन कुमार को बुलाया था। कार्यक्रम में सभी लोग आये थे।बीते 18 दिसम्बर को पवन उन के घर आया और नीलू को अपने साथ लेकर चला गया। फोन पर नीलू ने बताया कि दो लाख रुपये मांग रहे है। इसी की वजह से उस को मारा पीटा गया है।

रविवार को उस की गला दबा कर हत्या कर दी गई। पिता कुंन्रे की तहरीर पर पति पवन कुमार, प्रदीप कुमार, पिंटू, अशोक कुमार एवं सतोष कुमार के खिलाफ में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

**पुलिस ने शव के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा**

**दो लाख रुपये मांग रहे है। इसी की वजह से उस को मारा पीटा गया है**

### बीमारी से दीवान की मौत

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** ट्रैफिक मे तैनात एक 52 वर्षिय दीवान की इलाज के दौरान बीमारी से मौत हो गई। गोरखपुर जनपद के दोहरी बाजार थाना के चिलवा ताल निवासी श्री चन्द्र पुत्र राम देव यादव गोण्डा में ट्रैफिक पुलिस में दीवान के पद पर कार्यरत थे। कुछ समय से पेट और सास की बीमारी से जूझ रहे थे। पुलिस लाइन में रहते थे। मृतक दीवान के दो लड़के व एक लड़की है । पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### जमीन के विवाद में युवक को पीटा

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के सोनी कपूर पुर निवासी 20 वर्षिय शुभम पुत्र संजय श्रीवास्तव को जमीन के विवाद को लेकर मार पीट कर घायल कर दिया गया। संजय ने घायल अवस्था मे बताया कि उस के खेत मे कुछ लोगो ने जबरन खूटा गाड़ कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। जिस को उस ने मना किया था।

# चोरी की घटना में दुल्हन सहित चार गिरफ्तार

**कब्जे से चोरी किये जेवरात, कपड़े, 01 अदद मोबाइल फोन सहित नशीली गोलियां बरामद**

**खरगूपुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना खरगूपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-427/23, धारा 328/379 भादवि से सम्बन्धित घटना में संलिप्त अभियुक्तों- 01. जोखू उर्फ पवन, 02. करोड़ी उर्फ सुनील, 03. गुड़िया उर्फ सोनम व 04. शिवानी उर्फ गोमती (दुल्हन) को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 जोड़ी पायल, 06 अदद बिछुआ सफेद धातु, 01 अदद लहंगा, 02 अदद साड़ी, 02 अदद कान की बाली (पीली धातु), चूड़ी केश (21 चूड़ी व 08 कड़े कांच के), 01 अदद मोबाइल फोन व अल्प्राजोलम की 375 नशीली गोलियां बरामद किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण वादी बृजभूषण पाण्डेय पुत्र जयसिंह नारायण पाण्डेय निवासी पाण्डेयपुरवा बैदौरा बाजार थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा द्वारा थाना खरगूपुर में लिखित तहरीर दी गयी कि मेरी शादी जोखू पुत्र शोभाराम नाई निवासी पृथ्वीनाथ थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा ने जनपद लखीमपुर खीरी की रहने वाली शिवानी नाम की एक लड़की के साथ दिनांक 17.12.2023 को पृथ्वीनाथ मंदिर पर करायी थी। दिनांक 21.12.2023 को शादी के उपलक्ष्य में घर पर खाने का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें जोखू (मध्यस्थ) व शिवानी (दुल्हन) के परिजन करोड़ी(शिवानी का भाई), गुड़िया(शिवानी की दोस्त) व छोटू(गुड़िया का पति) भी आये थे। कार्यक्रम के उपरांत करोड़ी, छोटू व जोखू चले गए थे तथा गुड़िया यही पर रूक गयी थी। दिनांक 22.12.2023 की रात्रि शिवानी द्वारा मेरे परिजनों को खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया गया था तथा अपने परिजनों के साथ मिलकर शादी का सामान, साड़ी, लहंगा, पायल, बाली, बाला, अंगूठी व मोबाइल आदि चोरी करके भाग गयी थी। वादी की तहरीर पर थाना खरगूपुर में मु0अ0सं0- 427/2023, धारा 328,379 भादवि बनाम 01. जोखू, 02. शिवानी 03. गुड़िया 04. करोड़ी व 5. छोटू के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

# उद्यमियों की समस्याओं का किया जाए समय से समाधानः डीएम

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में उद्योग बंधु, श्रम बंधु व व्यापार बंधुओं की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उद्योग बंधु की बैठक में सर्वप्रथम पिछले कार्यवृत्ति की अनुपालन स्थिति जानी गयी। जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं से अवगत हुए व संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने वैसे उद्यमी जिनके ऋण बैंक से स्वीकृत नहीं हो पाए हैं उसके संदर्भ में यह निर्देश दिया कि उपायुक्त उद्योग के स्तर से आवेदनकर्ता की पात्रता व सभी संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद उसे बैंक को अग्रसारित किया जाए। अग्रसारित होने के बाद यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी आवेदन अस्वीकृत न हो। सभी संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु भी डीएम ने निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने वैसे बैंकों की सूची प्रस्तुत करने को कहा जिन के स्तर से ऋण स्वीकृति के आवेदन लंबित हैं। उद्योग बंधु की बैठक में एक जनपद एक उत्पाद योजना की प्रगति भी जानी गयी तथा जिलाधिकारी ने उद्यमियों को प्रोत्साहित भी किया। बैठक में व्यापारियों द्वारा शहर में जाम, विद्युत, शौचालय सड़क मार्ग आदि को लेकर समस्या उठाई गई।

## पूर्व पीएम के जन्मदिवस पर हुआ कवि सम्मेलन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारत रत्न,पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर प्रथम की ओर से काव्य संध्या का आयोजन शहर के जैन अतिथि गृह में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मन्त्री व जिला प्रभारी शिव भूषण सिंह रहे जबकि विशिष्ट अतिथि सदर विधायिका पूर्व मंत्री अनुपमा जायसवाल रही। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर माल्यापर्ण करके हुआ। कार्यक्रम का संचालन मशहूर शायर व कवि राशिद राही बहराइची ने किया।

# बाघ, तेंदुआ और हाथी बने आकर्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




जिले में स्थित कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग प्रदेश ही नहीं देश के पर्यटकों के लिए पहली पसंद बनता जा रहा है। इसका मुख्य कारण जंगल में विभिन्न जंगली जीवों की चहल कदमी के साथ नदियों में जलीय जीवों की उछल कूद उन्हें अपनी ओर आकर्षित करती है। यही कारण है कि क्रिसमस डी पर जहां सभी थारूहट खोल रहे वही नव वर्ष और 26 जनवरी पर भी बुकिंग फुल हो गई है।बहराइच जिले के दक्षिणी दिशा में कतर्नियाघाट सेंचुरी क्षेत्र स्थित है। यह जंगल 551 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। क्षेत्र की दृष्टि से जंगल को सात रेजो में बांटा गया है। जंगल में विलुप्तप्राय बेसकीमती पेड़ जहां देखने को मिल रहे हैं। वही जंगली जीव का विचरण करना लोगों को जंगल की ओर आने के लिए मजबूर कर रहे हैं। सेंचुरी क्षेत्र इस समय पर्यटकों के लिए खुला हुआ है। ठंड के मौसम में सड़क पर विचरण करते बाघ और पेड़ पर चढ़कर लोगों को देखते तेंदुआ पर्यटकों की पहली पसंद बने हुए हैं। सोमवार को क्रिसमस का अवकाश था। अवकाश के दिन काफी मात्रा में पर्यटक जंगल भ्रमण के लिए गए। जिप्सी पर सवार पर्यटक जंगल भ्रमण करते समय कहीं बाघ तो कहीं तेंदुआ को देखकर रोमांचित हो उठे।

**भर्ती** — इस भर्ती में गरीब किसान के घर के ही बच्चे अप्लाई करेंगे

# यूपी पुलिस भर्ती में आयु को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस की भर्ती जो निकल गई है उसमें सामान्य वर्ग के छात्रों को आयु बहुत कम दी गई है इसी को लेकर आज छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपा इस अवसर पर छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने बताया कि सामान्य वर्ग को छोड़कर सभी वर्गों को 5 वर्ष की छूट दी गई है लेकिन अगर कोई सामान्य घर में पैदा हुआ है तो वह इस क्राइटेरिया में फिट नहीं हो रहा है छात्र की कोई जात नहीं होती है सरकार को सभी छात्रों को एक नजर से देखने की आवश्यकता है क्योंकि इस भर्ती में गरीब किसान के घर के ही बच्चे अप्लाई करेंगे वह छात्र रजनीश तिवारी ने बताया कि विगत कई वर्षों से में यूपी पुलिस की तैयारी कर रहा हूं और डेली सुबह 4:00 बजे उठकर दौड़ता भी हूं और यही आस लगाए रहता था कि उत्तर प्रदेश की पुलिस की भर्ती आएगी तो इसमें में ज्वाइन करके उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवा करूंगा लेकिन जो नई भर्ती आई है पिछली बार मेरी आयु कम थी मैं 18 वर्ष का नहीं था और इस बार जो भर्ती आई है मैं उसमें ओवर रेज हो गया हूं।

क्या मेरा यही अपराध है कि मेरा नाम रजनीश तिवारी है अगर हमारी नहीं मानी गई तो इसके लिए हम आंदोलन करेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की होगी छात्र नेता सूरज शुक्ला, अनुपम सिंह ,सौरभ सिंह, राजा सिंह, रामशोधन, धर्मेंद्र शुक्ला आदि लोक उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व परेड का किया निरीक्षण



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री राधेश्याम राय ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा ने शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवायी तथा जवानों को शारीरिक रूप से फिट रहने का संदेश दिया तथा जवानों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम भी करवाया। तत्पश्चात क्वार्टर गार्ड में सलामी ली। सलामी के उपरांत पुलिस लाइन परिसर, शास्त्रागार, स्टोर कार्यालय, परिवहन शाखा, पुलिस क्लब व अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर भोजनालय एवं बैरक की साफ-सफाई एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# गरीबों को कंबल बांट रहा जीत वेलफेयर फाउंडेशन



लालगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

कहते हैं जिसका कोई सहारा नहीं होता उसका भगवान ही सहारा होता है। एक ओर जहा ठिठुरती ठंड मे रजाई एवं कम्बल के सहारे घरों में लोग सो जाते है। लेकिन उसकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण चादर के सहारे ठंडी रात गुजारते है। असहाये पर सबकी दया नही होती बल्कि भगवान की जिस पर कृपा होती है वही इस तरह के पुन्य कार्य करते हैं।

आपको बता दे कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाजसेवी संस्था जीत वेलफेयर फाउंडेशन उत्तर प्रदेश संस्था पदाधिकारियों के सहयोग से संस्था कार्यालय प्रांगण लालगंज के ग्राम कुम्हडौरा में जरूरतमंद व्यक्तियों को कम्बल वितरण किया गया जिससे उनको ठंड में राहत मिल सके।

जीत वेलफेयर फाउंडेशन निरंतर समाज हित में सक्रियता से कार्य करते हुए मानवता की मिसाल पेश कर रही है संस्था अध्यक्ष जितेंद्र सविता ने बताया कि संस्था के जिम्मेदार पदाधिकारी निरंतर ऐसे ही प्रयास कर जनता की सेवा में डटे रहते हैं और साथ ही साथ उन्होंने प्रदेश के सभी सामर्थवान व्यक्तियों से भी यह आग्रह किया कि कृपया आप सभी लोग भी स्वतः समय निकाल कर जन सेवा करे या फिर किसी सक्रीय एनजीओ के माध्यम से लोगों की सेवा में भूमिका निभाएं जिससे हमारा प्रदेश सशक्त हो सके।

**हर घर शिक्षा की अलख जगा गरीब बच्चों को बांट रहा नि:शुल्क सामग्री**



शिक्षा के व्यवसायीकरण के दौर में गरीब परिवार के बच्चों को सेवा भाव से शिक्षित बनाने का जुनून समाज के लिए प्रेरणादायक है। ऐसा ही कार्य पिछले कई सालो से जीत वेलफेयर फाउंडेशन कर रहा है गरीब बच्चों को मुफ्त में पढ़ाने के साथ ही उन्हें मुफ्त पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध करा रहा है। इसमें ऐसे परिवार के बच्चे शामिल हैं जिनके पास स्कूल भेजने से लेकर घर में जरूरत की सामग्री भी नहीं है। इतना सामर्थ्य ही नहीं कि वो कुछ खरीद सकें।संगठन मिशन है गरीब से गरीब बच्चों को तालीम दिलाना। उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाना। इसके लिए वह दिन रात एक किए है। इन बच्चो को शिक्षित कर उन्हें कुछ काबिल बनाना ही इनके जीवन का लक्ष्य है।

## बाल शहादत दिवस मनाया गया

**महराजगंज,रायबरेली।** महराजगंज तिराहे पर गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे बच्चे द्वारा शहादत दी गई उसी के संदर्भ में बाल शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य वीरेंद्र वर्मा सरदार फतेह सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा सोमनाथ वैश्य श्याम प्रकाश वर्मा पूर्व सभासद विजय धीमान प्रेमनाथ वैश्य शिव कैलाश सोनी मुकेश मोदनवाल सरदार समरजीत सिंह सरदार अमनजीत सिंह अमन सिंह प्रितपाल सिंह सुरजीत सिंह अरोड़ा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों ने उपस्थित रहे और कार्यक्रम के अंत में चाय एवं बिस्किट का लंगर भी दिया गया।

# तुलसी पूजन पर विशाल भंडारे और मेले का आयोजन

▸ हजारों की संख्या में भक्तों ने बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण किया

महाराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

क्षेत्र के हनुमानगंज चौराहा अशर्फाबाद गांव में तुलसी पूजन के दिन विशाल भंडारे और मेले का आयोजन किया गया ।जिसमें पहुंचे हजारों भक्तों ने जहां बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा तो वही ग्रामीणों और क्षेत्र वासियों ने मेले का भी जमकर लुफ्त उठाया विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी पिछले 17 वर्षों से लगातार अशर्फाबाद गांव के हनुमानगंज चौराहा पर सर्वप्रथम रामचरितमानस के पाठ का आयोजन किया गया उसके बाद दूसरे दिन हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने पहुंच कर बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण किया तो वहीं शाम होते-होते विशाल मेले का आयोजन हुआ जिसमें ग्रामीणों सहित क्षेत्र वासियों ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया।

इस मौके पर अशोक सिंह अवधेश सिंह रामकरन सिंह जितेन्द्र सिंह राम कुबेर सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ऋषि सिंह पूर्व प्रधान गंगाराम राजेश सिंह सुरेंद्र सिंह सुभाष सिंह शैलेंद्र सिंह सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# रोजगार सेवकों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

ग्राम रोजगार सेवा के मनरेगा कार्मिक एकता संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश द्वारा एक लिखित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह को सौंपा जिसमें 6 सूत्रीय मांगों के संबंध में दिनांक 27/ 12/ 2023 को प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन लखनऊ में प्रस्तावित है जिसमें दारुलशफा से मुख्यमंत्री आवास तक मानव श्रृंखला बनाकर अपनी मांगों को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मांगों को पूरा करने का अनुरोध किया जाना है। अनुरोध है कि 27/ 12 /2013 को समस्त रोजगार सेवक कंप्यूटर ऑपरेटर तकनीकी सहायक अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को लखनऊ में प्रस्तावित आंदोलन में सम्मिलित होना है जिसके लिए रोजगार सेवकों ने लिखित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा इस मौके पर ए डी ओ पंचायत सतीश चतुर्वेदी एपीओ मनरेगा राजीव त्यागी कंप्यूटर ऑपरेटर सोभित सिन्हा रोजगार सेवकों के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र त्रिपाठी सुरेश कुमार देशराज देवनाथ श्याम सुंदर शशि अरुण कुमार कुलदीप सिंह नन्हेंलाल भोला प्रसाद अलका वर्मा पूनम यादव शिव देवी सरिता सिंह शाहिद रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# ग्राम चौपाल की प्रथम वर्षगांठ पर विशेष चौपाल आयोजित

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

शासन के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया है कि ग्राम चौपाल (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का 01 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 28 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक प्रथम वर्षगांठ का आयोजन किये जाने हेतु 28 दिसम्बर को जनपद स्तर पर विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किये जाने के लिए अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को उत्तरदायी अधिकारी नामित किया है। इसी प्रकार तहसील स्तर पर विशेष स्वच्छता अभियान के लिए अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत/ सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को उत्तरदायी अधिकारी नामित किया है। विकास खण्ड स्तर के लिए सहाविअ(पं) खण्ड विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत स्तर के लिए ग्राम प्रधान एवं सचिव, ग्राम पंचायत को विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किये जाने के लिए उत्तरदायी अधिकारी नामित किया है। मुख्य विकास अधिकारी ने 29 दिसम्बर 2023 को ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष चौपाल का आयोजन के लिए सम्बन्धित ग्राम प्रधान सचिव, एवं खण्ड विकास अधिकारी को उत्तरदायी अधिकारी नामित किया है। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि विशेष स्वच्छता अभियान एवं विशेष चौपाल आयोजन में आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रभावी ढंग से ग्राम चौपाल की वर्षगांठ का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करें।

# आगामी 28 दिसंबर से शुरू होगी खेलकूद प्रतियोगिता

▸ खेल कूद से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है : शिखा श्रीवास्तव

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

खेल-कूद में अपनी पहचान बनाने का सपना देखने वाली ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के लिए खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का विकास खंड स्तरीय दो दिवसीय आयोजन आगामी गुरुवार से किया जाएगा जिसमें हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को विभिन्न खेलों के बारे में काफी कुछ सीखने का मौका भी मिलेगा युवा कल्याण प्रादेशिक विकास विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता विकास क्षेत्र शिवगढ़ के श्री बरखंडी विद्यापीठ इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित होगी जानकारी के मुताबिक आगामी 28 दिसंबर से शुरू हो रही दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता विकास क्षेत्र शिवगढ़ के श्री बरखंडी विद्यापीठ इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित होगी जिसमें विकास क्षेत्र शिवगढ़ के पुरुष एवं महिला वर्ग के सब जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग के एथलेटिक्स,कबड्डी, कुश्ती वालीबाल की प्रतियोगिता आयोजित होगी इन खेलों में रुचि रखने वाले विद्यालयों के खिलाड़ी तथा ग्रामीण अंचल के युवक, युवतियों एवं महिला मंगल दल के खिलाड़ी विकास खंड स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभा कर सकते हैं वहीं इस दो दिवसीय खेल कूद कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शिखा श्रीवास्तव ने बताया की आगामी 28 व 29 दिसंबर को विकास क्षेत्र शिवगढ़ अंतर्गत श्री बरखंडी विद्यापीठ इंटर कॉलेज के मैदान पर युवा कल्याण प्रादेशिक विकास विभाग रायबरेली द्वार विकास खंड स्तरीय दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है विकास क्षेत्र शिवगढ़ के जो भी युवक व युवती खेल-कूद में अपनी पहचान बनाने का सपना देख रहे हैं वह इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते है आगे की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि खेल कूद से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है यह प्रतियोगिता विकास खंड स्तर पर आयोजित होने का मुख्य उद्देश्य है की ग्रामीण अंचल क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी एक मंच मिले जिससे वह अपना हुनर दिखा सकें इसीलिए विभाग द्वारा समय समय पर ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है साथ ही वह बताती है इसमें शामिल होने वाले प्रतिभागी को विकास क्षेत्र शिवगढ़ का निवासी होना चाहिए एवं प्रतिभा के समय आधार के साथ निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति लाना अनिवार्य होगा।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक खराब होने से घंटो लगा रहा जाम

**डलमऊ,रायबरेली।** मुराई बाग कस्बे के रेलवे क्रॉसिंग के पास दोपहर करीब 1:00 बजे अचानक एक ट्रक खराब हो गया ड्राइवर एवं कंडक्टर ट्रक छोड़कर कहीं चले गए जिससे भीषण जाम की समस्या उत्पन्न हो गई देखते ही देखते सड़क के दोनों तरफ भारी वाहनों की लंबी-लंबी कटारे लग गई इसी बीच उधर से गुजर रही 108 एम्बुलेंस बीच क्रॉसिंग में फस गई तभी थोड़ी देर बाद ट्रेन के आने का समय हो रहा था और रेलवे गेट बैंड करना था भिसार जाम में फांसी एंबुलेंस एवं अन्य वाहनों को वहां पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद रेलवे गेट के बाहर किया तब जाकर गेट बंद हुआ और ट्रेन को गुजारा जा सका ट्रक खराब होने से लगे भीतर जाम को छुड़ाने में पुलिस कर्मियों के विषय ठंडी में भी पसीने छूट गए अचानक खराब हुई ट्रक सही होकर वहां से जाता तब जाकर जाम की स्थिति सामान्य हो सकी।

### मानवता से बड़ी कोई सेवा नहीं: पूजा मिश्रा

**महराजगंज,रायबरेली।** गुरुकुल महाविद्यालय पुरासी हलोर द्वारा लगातार गरीबों को कंबल वितरण कार्यक्रम के तहत कंबल दिए जा रहे हैं। कड़ाके की ठंड को देखते हुए गुरुकुल महाविद्यालय पुरासी द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कबल वितरण कार्यक्रम जारी है प्रबंधक आरडी मिश्रा उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा अध्यक्ष शशांक शेखर शुक्ला द्वारा गरीब असहाय बेबस लोगों के लिए ठंड से बचाव कैसे हो इसके लिए लगातार कंबल वितरण किया जा रहा है। 250 से अधिक लोगों को कंबल वितरण किया गया वहीं प्रत्येक दिन विद्यालय पहुंचने वाले गरीब असहायों को कंबल दिया जा रहा है। उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा ने कहा कि गरीबों की सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं है अगर हम सक्षम है और कुछ कर सकते हैं तो हमें हमेशा गरीबों की मदद करते रहना चाहिए क्योंकि मानवता से बड़ी कोई सेवा नहीं।

### एसडीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठे ग्रामीण

**महराजगंज,रायबरेली।** उप जिला अधिकारी कार्यालय के सामने ग्रामीण बैठे धरने पर कुलदीप कुमार पासी पुत्र विश्वनाथ निवासी ग्राम मोन शारदा शरण पांडे निवासी मोन वहीं दर्जनों की संख्या में महिलाएं भी धरने पर बैठी हुई है ग्रामीण मांग कर रहे हैं की स्थानीय थाने के मजारिया हिस्ट्री सीटर शैलेंद्र सिंह तथा माताफेर सिंह के ऊपर त्वरित जिला बदर गैंगस्टर जैसी कार्रवाई की जाए हिस्ट्री शीटरो के द्वारा दलितों के ऊपर लिखवाए गए दो झूठे मुकदमे मुकदमा संख्या 360 /23 व 361 / 23 में फंसाए गए निर्दोषों को न्याय दिलाते हुए दोनों मुकदमे खत्म करवाया जाए। हिस्ट्री शीटरो के एक प्रार्थना पत्र पर दलितों की पुश्तैनी दीवार को गिरवा दिया जाता है जबकि इन भूमफियाओ के विरुद्ध दिए गए प्रार्थना पत्रों पर तहसीलदार नायब तहसीलदार व लेखपाल के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है अतः इन अधिकारियों के ऊपर कार्रवाई करते हुए उक्त भूमाफियाओं की संपत्ति की जांच की जाए बाबा सोमनाथ मंदिर मोन के अंदर पुजारी पर किए गए जानलेवा हमले के दोषियों को पड़कर जेल भेजा जाए। वहीं उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने बैठे ग्रामीणों ने बताया कि अभी तक कोई भी अधिकारी हमारी बात सुनने को नहीं आया है सुबह से धरना चल रहा है शाम हो गई।

# थाना प्रभारी ने दिया व्यापारियों को सुरक्षा का आश्वासन

बछरावाँ, रायबरेली समृद्धि न्यूज




उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बछरावां इकाई की एक बैठक सोनी मैरिज लॉन में संपन्न हुईद्य बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के संरक्षक चंदकिशोर आजाद द्वारा की गईद्य जिसमे व्यापारियों की विभिन्न व्यापारिक एवं जन समस्याओं पर सुझाव मांगे गए।

कार्यकारिणी के सदस्यों ने अवगत कराया ब्रिज के नीचे शिवगढ़ मार्ग का निर्माण कार्य को प्रारंभ हो गया है, परंतु मार्ग के कुछ हिस्से पर बिजली के खंभे खड़े हुए हैं जिन्हें हटाया जाना आवश्यक है,लालगंज मार्ग पर डिग्री कॉलेज के पास पटरी भराईकराई जाने की भी मांग की गई, लखनऊ हैदरगढ़ मार्ग बाईपास पर मोड़ के पास खड़े बिजली के पोल को भी हटाने की भी आवश्यकता पर बल दिया गया सर्वसम्मत से यह तय पाया गया कि संगठन के अध्यक्ष सुनील सागर की अगुवाई में विभागीय अधिकारियों से मिलकर इन समस्याओं का निस्तारण कराया जाएद्य इस मौके पर व्यापार मंडल के आमंत्रण पर आऐ नवागंतुक थाना प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा का कार्यकारिणी की बैठक में पदाधिकारी द्वारा स्वागत किया गयाद्य इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता होगी, परंतु व्यापारियों को भी यह सोचना होगा कि उनकी तरफ से कोई भी वह कार्य जो कानून की नजर में गलत हो वह न किया जाए, किसी भी अराजक तत्व द्वारा परेशान किए जाने की दशा में उसका निराकरण करने के लिए वह 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तत्काल दे सूचना तथा अपना कांटेक्ट नंबर सभी को दिया।

## विद्यालय के उपप्रबंधक का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**सुमेरपुर।** कस्बे के प्रतिष्ठित वयोवृद्ध व्यापारी एवं समाचार पत्र के एजेंसी धारक को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कस्बे के वयोवृद्ध व्यापारी राधेश्याम गुप्ता एक समाचार पत्र के एजेंसी धारक होने के साथ श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के उपप्रबंधक थे।इनको सोमवार की रात को दिल का दौरा पड़ गया।

जिन्हें उपचार के लिए सदर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर में इलाज के दौरान मंगलवार को सुबह करीब पांच बजे इनका निधन हो गया। कस्बे में शव आने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार को उनका दोपहर बाद मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सीजन का सबसे घना कोहरा छाने से वाहनों में लगा ब्रेक

▸ शीत लहर और ठंड से बच्चों का हुआ बुरा हाल

राठ। समृद्धि न्यूज

कड़ाके की सर्दी और कोहरा छाने से जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। दोपहर बाद कोहरा के छंटने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

सुबह के समय कोहरा अधिक होने से स्कूल जाने वाले बच्चों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। कड़कड़ाती ठंड और घने कोहरे के बीच बच्चें स्कूल पहुंचे। मंगलवार को इस सीजन का सबसे घना कोहरा और ठंड रिकार्ड की गई। करीब 6 डिग्री के आसपास तापमान रहने और घना कोहरे होने से वाहनों की रफ्तार थम सी गई। सुबह स्कूल जाने वाले स्कूली वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घना कोहरे होने के कारण वाहन चालकों को आगे कुछ दिखाई न देने से वाहन रेंगते नजर आए। शीतलहर और गलन के चलते कोहरे की विजिबिलिटी 50 मीटर तक देखी गई। राठ उरई मार्ग पर अमगांव के पास दो लोडर वाहन कोहरे के चलते आपस में भिड़ गए। हालांकि वाहन धीमे होने के कारण किसी को कोई चोट नहीं आई। घने कोहरे और ठंड से स्कूलों में भी बच्चों की संख्या कम रही। हालांकि दोपहर बाद धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली।

# बैंक मित्र से बाइक सवार बदमाशों ने लूटे एक लाख 15 हजार रूपये

सुमेरपुर, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

कस्बे की इंडियन बैंक से धनराशि निकालने के बाद बाइक से देवगांव जा रहे बैंक मित्र को रोटीराम महाराज विद्यालय के आगे बालू डंप के पास अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने रोक कर एक लाख 15 हजार नगद,लैपटॉप व मोबाइल लूट कर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सीओ सदर व थानाध्यक्ष ने पीड़ित से जानकारी हासिल कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। कुंडौरा गांव निवासी सुशील कुमार बीते चार वर्षों से देवगांव में इंडियन बैंक की मिनी बैंक शाखा चला रखी है और वह रोजाना गांव से देवगांव जाकर अपने केंद्र को संचालित करता है। मंगलवार को वह कस्बे के इंडियन बैंक शाखा से 65000 नगद निकालने के बाद बाइक से देवगांव जा रहा था। तभी रोटीराम महाराज विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के आगे बालू डंप के पास उसे दो बाइकों में सवार चार बदमाशों ने रोक लिया और मारपीट कर असलहों के दम पर उसकी नगदी, लैपटॉप व मोबाइल छीनकर मौके से भाग निकले। वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बैंक मित्र से पूछताछ कर बाइक सवार बदमाशों की हुलिया व बाइक नंबर आदि की जानकारी लेने के पश्चात लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

## दबंग ने साथी मजदूर पर किया जानलेवा हमला

**उन्नाव।** बांगरमऊ नगर के एक फ्लोर मिल में मामूली बात से नाराज़ होकर एक दबंग मजदूर ने अपने साथी मजदूर पर धारदार औजार से हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया। मिल के मजदूर घायल को यहां की सीएचसी लाए। घायल को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। नगर के ब्लॉक रोड पर स्थित राजेश्वरी फ्लोर मिल में सोमवार देर रात जनपद हरदोई की सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी बिनोद कुमार 30 पुत्र भगवान लाल चोकर की पैकिंग कर रहा था तभी मजदूर मोहित तिवारी निवासी ग्राम अरगूपुर थाना बेहटा मुजावर ने विनोद कुमार से जबरन रात ड्यूटी करने को कहा। बिनोद कुमार के मना करने से नाराज़ होकर मजदूर मोहित तिवारी ने विनोद की गर्दन पर धारदार औजार से जानलेवा हमला कर दिया।

# स्कूली बच्चों से भरी वैन में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

उन्नाव। समृद्धि न्यूज

पुरवा-चमियानी मार्ग पर बच्चों को घर से विधालय लेकर आ रही मारुती वैंन में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे चालक सहित आधा दर्जन से अधिक बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ आनन-फानन मौके पर पहुंच घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। जहां पर प्रथम उपचार के दौरान घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कोतवाली क्षेत्र की पुरवा-चमियानी मार्ग के मध्य काजीखेडा गांव के निकट की है। जहां मंगलवार की सुबह न्यू सीटी मार्डन पब्लिक स्कूल पुरवा की मारुती वैंन बच्चों को लेकर सिंहपुर, चमियानी से वापस विधालय लौट रहीं थी। घने कोहरे के चलते सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर मौके से भाग निकला। वहीं भीषण हादसे में मारुती वैंन क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की खबर मिलते ही कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच सभी घायल बच्चों को आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया।

जहां चालक दीपक 25 वर्ष निवासी चक जमालपुर सहित छात्र कृष्णा 8 वर्ष पुत्र राकेश निर्मल, अक्षत 8 वर्ष पुत्र सोनू निर्मल, मधुर 14 वर्ष पुत्र महेन्द्र गुप्ता, ध्रुव 9 वर्ष पुत्र रमा शंकर पटेल, निवासीगण सिंहपुर, चमियानी गम्भीर रूप से घायल हो गए।

## फैक्ट्री गेट पर परिजनों ने शव रखकर किया हंगामा

**उन्नाव।** दही थाना अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र में एक केमिकल फैक्ट्री के श्रमिक की सड़क हादसे में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने फैक्ट्री गेट पर शव रखकर मुआवजे की मांग करते हुए हंगामा काटा। परिजनों का आरोप था कि दुर्घटना के बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने उनकी कोई सुध नहीं ली। हंगामा बढ़ता देख दही एसओ पहुंचे और प्रबंधन और परिजनों की वार्ता कराने के बाद आर्थिक सहायता राशि को लेकर हुए समझौते के बाद परिजन गेट से हटे। बता दें अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बिचपरी गांव के मजरा गोकुल खेड़ा निवासी लल्लू (61) दही औद्योगिक क्षेत्र में एक केमिकल फैक्ट्री में नौकरी करता था। बीती 12 दिसंबर को फैक्ट्री जाते वक्त कानपुर-लखनऊ हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी साइकल में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रुप से घायल होकर कोमा में चला गया।

## आग से सामान सहित धूं-धूंकर जला ट्रक

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली के सामने सोमवार की रात करीब 1 बजे अचनाक एक ट्रक में आग लग गयी जिससे ट्रक जलने लगा। जिसकी सूचना पुलिस ने फायर बिग्रेड को दी। फायर बिग्रेड की गाड़ी आने पर ट्रक की आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार बाराबंकी से कानपुर कबाड़ की प्लास्टिक लादकर कानपुर जा रहे ट्रक में नवाबगंज के पास ट्रक में आगे से अचानक धुंआ उठने लगा तो चालक गुड्डू पुत्र हेतराम निवासी मोजा गजपतिपुर कोतवाली बहराइच ने ट्रक धीमी गति कर कोतवाली के पास पंहुचा और वहां पर पास में पड़ी मौरंग और मिट्टी डालकर बुझाने का प्रयास करने लगा लेकिन जब आग पर काबू नही पा सका।

**समस्या** | **सबमर्सिबल पम्प वर्षों से खराब पड़ा हुआ है तथा पानी की टंकी एवं पाइपलाइन टूटे पड़े हुए हैं**

# मुराई बाग के पास अपनी दुर्दशा के आंसू बहा रहा पीडब्ल्यूडी का विश्रामगृह

डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज



मुराई बाग कस्बे के मुख्य चौराहे के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा दशकों पूर्व बनाया गया विश्रामगृह आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है कभी डलमऊ कस्बे के हृदय स्थल के रूप में पहचाने जाने वाला लोक निर्माण विभाग का विश्रामगृह आज बदहाली के चरम पर आ खड़ा हुआ है जन श्रुतियों एवं वरिष्ठ जनों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 70 वर्षों पूर्व क्षेत्र में सड़कों के निर्माण के समय विभाग द्वारा विभागीय एवं अन्य अधिकारियों के ठहरने के लिए विश्रामगृह का निर्माण कराया गया था रास्ता दुर्गम एवं कठिन होने के कारण अधिक रात हो जाने पर अधिकारी यहां पर रात्रि विश्राम किया करते थे तथा इधर से गुजरने वाले विशिष्ट जनों का यहां पर ठहराव होता था यहां पर बिजली पानी शौचालय फर्नीचर आदि जैसी जरूरत की सुविधा उपलब्ध रहती थी लगभग एक बीघे के क्षेत्र में बने पीडब्ल्यूडी के विश्रामगृह के चारों ओर तरह-तरह की फूलों की क्यारियां सजी रहती थी तथा तमाम तरह के वर्षों से परिसर सुसज्जित हुआ करता था स्थानीय लोग बताते हैं कि यहां पर विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागीय कार्यों की कार्य योजनाऐं तैयार की जाती थी तथा क्षेत्रीय लोगों द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता था बाद में यहां सड़क निर्माण मैं प्रयुक्त होने वाले औजार तारकोल गिट्टी रोलर वाहन एवं अन्य जरूरी सामान को रखने के लिए विश्रामगृह का उपयोग होने लगा लेकिन समय की विडंबना आज यह है कि कस्बे के हृदय स्थल के रूप में पहचाने जाने वाला पीडब्लूडी का विश्रामगृह बदहाली के चरम पर आ खड़ा हुआ है विश्राम गृह के अंदर जाने पर चारों तरफ बस गंदगी घास फूस एवं झाड़ियां ही दिखाई पड़ती है गंदगी का अंबार होने की वजह से लोगों ने इसे पेशाब घर बना दिया विश्रामगृह का रखरखाव न होने से लोगों ने अतिक्रमण भी फैला रखा है पहले जब विभागीय अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता था तब तक इसका रखरखाव किया जाता था लेकिन आज की हालत यह है कि दीवारों से प्लास्टर उखाड़ने लगा है कहीं-कहीं दीवारों में दरारें नजर आती हैं छतों से पानी टपकता है कमरों के दरवाजे एवं खिड़की टूटे हुए हैं रंग रोगन हुए दशकों बीत चुके हैं और गेट जर्जर अवस्था में पड़े हुए हैं बिजली की व्यवस्था न होने के कारण शाम होते ही विश्रामगृह किसी भूत बंगले से काम नहीं लगता विभाग द्वारा पानी की व्यवस्था के लिए लगवाए गए।

सबमर्सिबल पम्प वर्षों से खराब पड़ा हुआ है तथा पानी की टंकी एवं पाइपलाइन टूटे पड़े हुए हैं आलम यह है कि विभागीय अनदेखी के चलते एक आलीशान विश्रामगृह आज किसी नरक की तरह नजर आता है अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे विश्रम ग्रह पर विभाग की नजरे कब इनायत होगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र विनीत कुमार मिश्रा व उसकी पत्नी दीक्षा पत्नी विनीत कुमार जो मेरा कहा नहीं मानते तथा मनमानी करते हैं। और मुझे आये दिन तंग करते हैं।उनके चाल चलन ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने व मेरे परिवार ने उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगे। महेश चंद्र मिश्रा पुत्र रामलाल निवासी मो. लखपेड़ा पश्चिमी मोहम्मदी थाना व तहसील मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी।

## हवा हो गया दबदबा

केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ की 'दबदबे' वाली टीम को निलंबित कर दिया। मान्यता छीन ली गई। कुश्ती के नेपथ्य से जो दबदबा झांक रहा था, उसे भी हवा कर दिया गया। बहुत देर से फैसला लिया गया, लेकिन वह सटीक और न्यायिक कहा जा सकता है। कमोबेश वे पहलवान देश के सामने रोते हुए, प्रताड़ित और आक्रोशित नहीं दिखने चाहिए, जिन्होंने ओलंपिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक जीते थे। वे आज भी देश की आन, बान, शान हैं। उन्होंने खेल के मैदान पर 'तिरंगे' का सम्मान कमाया और जिया है। समझ नहीं आता कि एक तरफ खिलाड़ी 'राष्ट्रदूत' हैं और दूसरी तरफ उनके साथ यौन-व्यभिचार की कोशिशें की जाती रही हैं। देश की सत्ता ने यह नौबत ही क्यों आने दी? एक सांसद और कुश्ती संघ के अध्यक्ष का इतना दबदबा कैसे संभव है? यह लोकतंत्र है या अनाचार का कोई अड्डा..! कमोबेश मोदी सरकार में ऐसी निरंकुशता और उत्पीडऩ कतई अस्वीकार्य है। भारतीय कुश्ती संघ के चुनावों का आडंबर जरूर रचा गया था, लेकिन 'बाहुबली अध्यक्ष' की टीम ही चुनी गई थी, लिहाजा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के 'दबदबे वाले पोस्टर' चिपकाए गए थे। खेल मंत्रालय के निलंबन आदेश के बाद स्पष्टीकरण शुरू हुए कि कुश्ती से अब उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह कुश्ती से रिटायर हो चुके हैं। 'दबदबे वाले पोस्टर' से अहंकार की बू आती थी, लिहाजा उन्हें हटवा दिया गया।' ऐसे स्पष्टीकरण इसलिए दिए जा रहे हैं, क्योंकि लोकसभा चुनाव करीब हैं। नया जनादेश लेना है। लोकतंत्र ने दबदबे और यौनाचार वाले बाहुबलियों की ताकत को निचोड़ कर रख दिया है। देश की संवेदनाएं और सहानुभूतियां 'पद्मश्री' लौटाते बजरंग पुनिया, कुश्ती से आंसू भरी विदाई लेती साक्षी मलिक और रोती-सुबकती विनेश फोगाट के प्रति रही हैं। देश ने उन्हें सम्मानित किया था, प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें अपना परिवार माना था, उनकी ही आंखों में आंसू हैं या वे सडक़ पर न्याय मांग रहे हैं, तो सत्ता मौन और तटस्थ क्यों है? यौन-उत्पीडऩ का न्याय कब मिलेगा? दरअसल हमारी पूरी व्यवस्था में ही संशोधन की गुंजाइश है। कुश्ती संघ का निलंबन ही पर्याप्त नहीं है। ब्रजभूषण के नापाक मंसूबों और हरकतों के मद्देनजर जो जांच जारी है और आरोप-पत्र अदालत में दाखिल किया जा चुका है, सरकार उसमें हस्तक्षेप करे और दबदबों को एक निश्चित निष्कर्ष तक पहुंचाए। कमोबेश हमारे पदकवीर खिलाड़ी पीड़ित या शोषित नहीं होने चाहिए। उन्होंने देश और कुश्ती के लिए अपना बचपन और यौवन सब कुछ झोंक दिया है, तब ओलंपिक पदक नसीब हुए हैं। क्या किसी एक जमात की हवस और उनके दबदबे के लिए खेल और खिलाडिय़ों की बलि दे दी जाए? दरअसल राष्ट्रीय खेल विकास संहिता, 2011 ऐसी कानूनी बाध्यता है, जिससे सभी खेल संघ जुड़े हैं और उन्हें जवाबदेह बनाते हैं। खेल संघों में एकाधिकार की स्थिति है, लेकिन वे सार्वजनिक चंदा या आर्थिक मदद भी स्वीकार करते हैं।

## पनामा में पर्यावरण के लिए प्रतिरोध

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कोबरे पनामा देश के पर्यावरण के लिए एक आपदा है, इससे जंगली तटीय क्षेत्र को नुकसान होगा और विशेष रूप से जल-आपूर्ति को खतरा होगा। यह एक विदेशी निगम को दिया गया तोहफा है, जिसे जनता ने देश की संप्रभुता पर हमला करार दिया है। संप्रभुता का यह प्रश्न पनामावासियों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि उन्होंने पनामा नहर क्षेत्र को अमेरिका के नियंत्रण से छुटकारा दिलाने के लिए 20वीं सदी में एक लम्बी लड़ाई लड़ी थी। इसी ओपन-पिट खदान को पिछले साल अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जब सरकार और शफर्स्ट क्वांटमश् के बीच सरकार द्वारा वांछित भुगतान पर बातचीत टूट गई थी। मार्च 2023 में पनामा की विधायिका शफर्स्ट क्वांटमश् के साथ एक समझौते पर पहुंची, जिससे शिमनेरा पनामाश् को कम-से-कम 20 और वर्षों तक विशाल तांबे की खदान का संचालन जारी रखने की अनुमति मिल गई। इसे 20 अक्टूबर 2023 को कांग्रेस के माध्यम से तेजी से आगे बढ़ाया गया। पनामा के राष्ट्रपति कॉर्टिजो ने कुछ घंटों में ही इस पर हस्ताक्षर कर अनुबंध को अंतिम मंजूरी दे दी, जिससे सहायक कंपनी को अगले 20 वर्षों के लिए राजधानी के पश्चिम में अटलांटिक तट पर एक जैव-विविधता वाले जंगल में खदान का संचालन जारी रखने की अनुमति मिल गई।



राष्ट्रपति और उनके मंत्रिमंडल ने नए अनुबंध की सराहना करते हुए कहा था कि इससे राज्य और पनामा की जनता को अप्रत्याशित लाभ होगा। देश की जनता और पर्यावरण कार्यकर्ताओं को राष्ट्रपति, उनका मंत्रिमंडल और कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी इस अनुबंध से सहमत और संतुष्ट नहीं कर पाए। खदान पर विवाद के कारण हाल के वर्षों में पनामा में सबसे व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें खदान के बिजली संयंत्र की नाकाबंदी भी शामिल थी। प्रदर्शनकारियों ने पैन-अमेरिकन राजमार्ग के कुछ हिस्सों को भी अवरुद्ध कर दिया था। मिनेरा पनामा ने इस महीने की शुरुआत में एक बयान में कहा था कि प्रदर्शनकारियों की छोटी नौकाओं ने कोलन प्रांत में उसके बंदरगाह को अवरुद्ध कर दिया था, जिससे खदान तक किसी भी प्रकार की आपूर्ति नहीं पहुंच पा रही थी।

उपेन्द्रशंकर

मध्य अमेरिकी देश पनामा की खुले गड्ढे वाली तांबे की खदान के खिलाफ जनता के विरोध प्रदर्शन ने पनामा को एक महीने से अधिक समय से घेराबंदी की स्थिति में रखा है। सड़क पर खड़े किये गये अवरोधों के कारण गैस और प्रोपेन ईंधन की कमी हो गई है। कई सुपर मार्केट की अलमारियां खाली हैं और रेस्टोरेंट, होटल सूने हैं, लेकिन 28 नवम्बर 2023 को पनामा में प्रदर्शनकारियों को खबर मिली कि सुप्रीम कोर्ट ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है कि व्यापक पर्यावरण विरोध का केंद्र बिंदु रही कनाडाई तांबे की खदान, श्कोबरे पनामाश् के लिए 20 साल की रियायत असंवैधानिक है। यह भी पता चला कि पनामा के राष्ट्रपति ने कहा है कि खदान को बंद करने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी।खबर सुनते ही लोग सड़कों पर निकल आये। प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के सामने सड़क पर डांस किया। उन्होंने लाल, सफेद और नीला पनामा का झंडा लहराया और राष्ट्रगान गाया। एक प्रदर्शनकारी रायसा बानफील्ड ने कहा- यही वह चीज है जिसका हम इंतजार कर रहे थे। कनाडा के फर्स्ट क्वांटम मिनरल्स की स्थानीय सहायक कंपनी शिमनेरा पनामा, जो पनामा में खदान का संचालन करती है, ने एक बयान में कहा कि कोबरे पनामा अदालत के फैसले को स्वीकार करता है।कोबरे पनामा के नाम से जानी जाने वाली यह खदान 2019 से उत्पादन कर रही थी और प्रति वर्ष 300,000 टन तांबा निकाल रही थी। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग पांच प्रतिशत और पनामा के निर्यात का 75 प्रतिशत है। खनन क्षेत्र पनामा के श्जीडीपीश् में लगभग सात प्रतिशत का योगदान देता है, जिसमें कोबरे पनामा सबसे महत्वपूर्ण खदान रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कोबरे पनामा देश के पर्यावरण के लिए एक आपदा है, इससे जंगली तटीय क्षेत्र को नुकसान होगा और विशेष रूप से जल-आपूर्ति को खतरा होगा। यह एक विदेशी निगम को दिया गया तोहफा है, जिसे जनता ने देश की संप्रभुता पर हमला करार दिया है। संप्रभुता का यह प्रश्न पनामावासियों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि उन्होंने पनामा नहर क्षेत्र को अमेरिका के नियंत्रण से छुटकारा दिलाने के लिए 20वीं सदी में एक लम्बी लड़ाई लड़ी थी। इसी ओपन-पिट खदान को पिछले साल अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जब सरकार और श्फर्स्ट क्वांटमश् के बीच सरकार द्वारा वांछित भुगतान पर बातचीत टूट गई थी। मार्च 2023 में पनामा की विधायिका श्फर्स्ट क्वांटमश् के साथ एक समझौते पर पहुंची, जिससे शिमनेरा पनामाश् को कम-से-कम 20 और वर्षों तक विशाल तांबे की खदान का संचालन जारी रखने की अनुमति मिल गई। इसे 20 अक्टूबर 2023 को कांग्रेस के माध्यम से तेजी से आगे बढ़ाया गया। पनामा के राष्ट्रपति कॉर्टिजो ने कुछ घंटों में ही इस पर हस्ताक्षर कर अनुबंध को अंतिम मंजूरी दे दी, जिससे सहायक कंपनी को अगले 20 वर्षों के लिए राजधानी के पश्चिम में अटलांटिक तट पर एक जैव-विविधता वाले जंगल में खदान का संचालन जारी रखने की अनुमति मिल गई। राष्ट्रपति और उनके मंत्रिमंडल ने नए अनुबंध की सराहना करते हुए कहा था कि इससे राज्य और पनामा की जनता को अप्रत्याशित लाभ होगा। देश की जनता और पर्यावरण कार्यकर्ताओं को राष्ट्रपति, उनका मंत्रिमंडल और कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी इस अनुबंध से सहमत और संतुष्ट नहीं कर पाए। खदान पर विवाद के कारण हाल के वर्षों में पनामा में सबसे व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें खदान के बिजली संयंत्र की नाकाबंदी भी शामिल थी। प्रदर्शनकारियों ने पैन-अमेरिकन राजमार्ग के कुछ हिस्सों को भी अवरुद्ध कर दिया था। मिनेरा पनामा ने इस महीने की शुरुआत में एक बयान में कहा था कि प्रदर्शनकारियों की छोटी नौकाओं ने कोलन प्रांत में उसके बंदरगाह को अवरुद्ध कर दिया था, जिससे खदान तक किसी भी प्रकार की आपूर्ति नहीं पहुंच पा रही थी। नौसेना पुलिस ने बताया कि कोयला ले जा रहे एक जहाज ने श्प्रदर्शनकारियों के एक समूह के तीव्र विरोध के कारण वापस लौटने का फैसला किया। विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद, सरकार ने एक प्रस्ताव पारित कर दिया था जो अनुबंध को रद्द कर देता, लेकिन 2 नवंबर 2023 को नेशनल असेंबली में एक बहस में वह पीछे हट गई। अल-जजीरा अखबार में माइकल फॉक्स के अनुसार, यह फैसला निवेशकों और देश की दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग के लिए एक बड़ा झटका है, लेकिन फिलहाल पनामा के लिए राहत का एक स्रोत है, जो दशकों में देश को परेशान करने वाले सबसे बड़े विरोध आंदोलन से हिल गया है। विश्लेषकों का कहना है कि विरोध प्रदर्शन और फैसले का पनामा में कारोबार करने की इच्छुक विदेशी कंपनियों पर असर पड़ेगा। अदालत का यह फैसला और राष्ट्रपति की घोषणा खदान के कर्मचारियों के लिए भी झटका है। खदान में लगभग 6,600 लोग कार्यरत हैं- जिनमें से 86 प्रतिशत पनामा के हैं। इस सबके बावजूद माइकल फॉक्स के अनुसार, पनामा के अधिकांश लोगों के लिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक स्वागत योग्य संकेत है और देश सामान्य स्थिति की राह पर है। पनामा के इंटरनेशनल सेंटर ऑफ सोशल एंड पॉलिटिकल स्टडीज के निदेशक हैरी ब्राउन अराउज ने श्अल-जजीराश् को बताया कि श्हम एक नए चरण में हैं। जैसा कि हमने अब तक देखा है, विरोध प्रदर्शन रुक गये हैं, कई बाधाएं दूर हो गई हैं, कई हफ्तों से खाली पड़े राजमार्ग अब खुल गए हैं और गैस स्टेशनों का कारोबार फिर से शुरू हो गया है।

## विचार

# काशी है टूरिस्ट का सबसे बड़ा हब

**अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद उत्तर प्रदेश का टुरिज्म 10 गुना तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या में 30,000 करोड़ रुपये से आधारभूत सुविधाओं के विकास की परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। कुछ समय पहले देशभर के टूर ऑपरेटर्स की सालाना बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घरेलू पर्यटकों की पसंद के मामले में इस समय उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। उत्तर प्रदेश धार्मिक, आध्यात्मिक, ईको टूरिज्म के सभी बड़े केंद्र मौजूद हैं। जब अयोध्या में 2024 तक श्रीराम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा तो वहां 10 गुना पर्यटन बढ़ जाएगा। अयोध्या हर सनातनी की आस्था का केंद्र है जहां भव्य मंदिर का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।**

अगर कोई यह मानता है कि सबसे अधिक टुरिस्ट समुद्र के किनारे के 'बीच' में या फिर आकाश को छूते पहाड़ों में आते हैं तो उन्हें एक बार फिर सोचना होगा। मतलब यह है कि ना तो सबसे अधिक टुरिस्ट गोवा आ रहे हैं या फिर शिमला, नैनीताल या किसी अन्य हिल स्टेशन पर। सबसे ज्यादा टूरिस्ट को अपनी तरफआकर्षित करने लगा है वाराणसी। आईसीआईसीआई के एक सर्वे से पता चला है कि पिछले साल-2022 में वाराणसी में 7.02 करोड़ टूरिस्ट पहुंचे। गोवा के हिस्से में लगभग 85 लाख टूरिस्ट। यूं तो वाराणसी में लगातार खूब टूरिस्ट आते थे, पर 2015 के बाद तो स्थिति वाराणसी के पक्ष में पूरी तरह से हो गई। इस लिहाज से गेम चेंजर साबित हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे (अब स्मृति शेष) का धर्म नगरी वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में 2015 में भाग लेना। गंगा सिर्फएक नदी नहीं, हमारी संस्कृति की वाहक भी है। इस लिहाज से जापान के प्रधानमंत्री के स्वागत में काशी में गंगा आरती का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौलिक और व्यापक सोच का परिचय देने वाला था। गंगा आरती महज पूजाविधि नहीं है। मोदी-आबे ने गंगा आरती में भाग लेकर दुनिया में भारत की खोई हुई या यूं कहें कि तिरस्कृत हो चुके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ने अपनी जगह बनाई थी। बीते 60 सालों की राजनैतिक सत्ता ने इस छवि को नजरअंदाज कर एक उपभोगी देश की छवि के रूप में भारत को दुनिया के सामने पेश किया था, संस्कृति के नाम पर ताज के मकबरे को ही खूब भुनाया गया लेकिन, गंगा की ''ब्रांडिंग'' तो सही माने में भारत के लिए आत्मगौरव का क्षण था। टूरिस्ट क्षेत्र के जानकार कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और आबे के गंगा आरती में भाग लेने के बाद सारे देश में वाराणसी को लेकर एक नई तरह की सकारात्मक सोच विकसित होने लगी। इसी का नतीजा है कि वाराणसी में देश-दुनिया के टुरिस्ट पहले से कहीं अधिक संख्या में पहुंचने लगे हैं। काशी का गोवा को पीछे छोड़ना सामान्य बात नहीं है। आमतौर पर तो यही माना जाता था कि गोवा से ज्यादा टूरिस्ट कहीं जा ही नहीं सकते। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यह कॉरिडोर सिर्फ एक भव्य इमारत नहीं है बल्कि यह हमारी आध्यात्मिक, परंपरा और गतिशीलता का प्रतीक है। यही नहीं यह काशी की आर्थिक समृद्धि मंल नए चौप्टर को जोड़ने का काम करेगा। अगर उन्होंने यह बात कही थी तो आंकड़े उसे प्रमाणित भी कर रहे हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के दौरान पुनर्वास का मुद्दा भी उठा था। विपक्ष लगातार इस बात को उठा रहा था कि आम लोगों को उजाड़ा जा रहा है लेकिन जिन 300 संपत्तियों का अधिग्रहण किया गया था उससे जुड़े लोगों का पुनर्वास हो चुका है। काशी में श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के अलावा पर्यटकों की सुविधा का भी खास ख्याल रखा जाता है। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। काशी पूरे देश में उत्तर प्रदेश डॉमेस्टिक टूरिज्म का हब बन गया है। इसके साथ ही काशी की यात्रा करने वाला हरेक शख्स सारनाथ तो जाता ही है। भगवान बुद्ध ने बोध प्राप्त करने के पश्चात पहला प्रवचन यहां ही दिया था। उन्होंने जिधर प्रवचन दिया था वहां पर धामेक स्तूप है। इस स्तूप का निर्माण सम्राट अशोक ने 500 ईसवी में करवाया था। हालांकि कोविड के कारण बुद्ध धर्म को मानने वाले देशों से काशी में उड़ानें नहीं आ रही हैं,पर अब श्रीलंका, थाईलैंड, साउथ कोरिया, जापान और शेष बुद्ध देश के नागरिक इधर आने लगे हैं। काशी से लेकर सारनाथ तक घूमते हुए रोज सैकड़ों विदेशी टूरिस्ट नजर आते हैं। जाहिर है इनमें ज्यादातर बुद्ध देशों के ही होते हैं। इस सारे क्षेत्र की देखरेख आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफइंडिया की तरफसे की जाती है। हम आमतौर पर सरकारी महकमों को उनकी काहिली के कारण कोसते हैं। लेकिन इस जगह को आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफइंडिया बेहतरीन तरीके से मेनटेन कर रही है। बीते सावन के दिनों में काशी भर गया था टूरिस्टों से। आंकड़ों के मुताबिक सावन महीने में करीब 2.5 से 3 लाख पर्यटकों का रोजाना काशी में आगमन हुआ। कहना ना होगा कि बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने से काशी की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। स्थानीय लोगों को रोजगार के भी अवसर उपलब्ध हुए हैं। काशी आने वाले सबसे ज्यादा श्रद्धालु और पर्यटक काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन, वाराणसी के घाटों की गंगा आरती करने, नमो घाट और सारनाथ का भ्रमण करने के लिए पहुंचते हैं। वाराणसी में अनेक प्रकार के फेस्टिवल और सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी समय-समय पर आयोजित किया जाता है। मुझे कुछ समय पहले मेरे ईस्ट अफ्रीकी देश केन्या के मित्र स्टीफन मुंगा कह रहे थे कि वे अपनी आगामी भारत यात्रा के समय काशी जाना चाहेंगे। मैंने उनकी काशी के प्रति दिलचस्पी की वजह पूछी तो कहने लगे कि भारत को समझने के लिए काशी को देखना जरूरी लगता है। हां, यह ठीक है कि काशी ने गोवा, केरल और देश के बाकी प्रमुख पर्यटन स्थलों-राज्यों को पीछे छोड़ दिया है पर्यटकों को अपनी तरफ खींचने के स्तर पर लेकिन देश के पर्यटन उद्योग से जुड़े सभी लोगों को अपने-अपने क्षेत्रों को विकसित करना होगा।

## हूतियों के हमले

इस्राइल व हमास के बीच जारी युद्ध की तपिश अब लाल सागर समेत अन्य अंतर्राष्ट्रीय नौवहन मार्गो को अपनी चपेट में ले रही है। हाल के दिनों में हमारी समुद्री सीमा के निकट अरब सागर तथा लाल सागर में उन जहाजों को निशाना बनाया गया, जो भारत आ रहे थे। ये जहाज भारत के स्वामित्व वाले तो नहीं थे, लेकिन उनका संचालन भारतीयों के हाथ में था। यमन के हूती विद्रोही पिछले कुछ समय से लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर ड्रोन व मिसाइलों से लगातार हमले कर रहे हैं। खासकर उन जहाजों पर जिनको लेकर उन्हें शक है कि वे किसी न किसी रूप में इस्राइल से संबंध रखते हैं। निस्संदेह, इन हमलों से समुद्री व्यापार पर घातक प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही इस्राइल व हमास के बीच जारी संघर्ष के अंतर्राष्ट्रीय रूप लेने की आशंका है। इस घटनाक्रम के बाद अमेरिका ने लाल सागर में जहाजों को सुरक्षा देने के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय टास्क फोर्स बनायी है। हालांकि, अरब देशों ने इस्राइल को मदद पहुंचने की चिंता में इस टास्क फोर्स में कोई रुचि नहीं दिखायी है। यूं तो कई अरब देशों को इन हमलों का शिकार होना पड़ रहा है। लेकिन उन्हें लग रहा है कि इस टास्क फोर्स से गाजा में लड़ाई लड़ रहे इस्राइल को फायदा पहुंच सकता है। अरब देशों में केवल बहरीन खुलकर टास्क फोर्स के साथ खड़ा नजर आ रहा है। वहीं दूसरी ओर अमेरिकी रक्षा विभाग का कहना है कि गुजरात के पास अरब सागर में चेम प्लूटो नामक टैंकर पर हुए हमले में ईरान से छोड़े गए ड्रोन का प्रयोग हुआ है। दरअसल, सऊदी अरब से चले इस टैंकर को भारत के न्यू मैंगलोर बंदरगाह पर पहुंचना था। सात अक्तूबर को इस्राइल पर हुए हमास के हमले के बाद हुई जवाबी कार्रवाई के बाद क्षेत्र में जो तनाव बढ़ा है, उसका असर इस समुद्री मार्ग पर होने वाले हमलों के रूप में हुआ है। उसके बाद ईरान समर्थित हूती विद्रोही अंतर्राष्ट्रीय सीमा में जहाजों को निशाना बना रहे हैं। दरअसल, चिंता की बात यह है कि गुजरात तट तथा लाल सागर में जिन समुद्री जहाजों को हमले का शिकार होना पड़ा, उन दोनों में चालक दल के सदस्य भारतीय थे। चिंता की बात यह है कि समुद्री मार्गों पर हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर मिसाइलें दागी जा रही हैं। लगातार हो रहे ड्रोन व मिसाइल हमलों के कारण तमाम समुद्री जहाज अपना मार्ग बदल रहे हैं। इन हमलों में कम से कम एक दर्जन से ज्यादा जहाज प्रभावित हुए हैं। इस संकट को देख भारत की नौसेना भी अलर्ट पर है और हमले का शिकार बने चेम प्लूटो नामक जहाज की मदद के लिये अपने जहाज भेजे थे। यह अच्छी बात है कि हमले के बाद लगी आग को चालक दल के सदस्यों ने नियंत्रित कर लिया और कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। इस जहाज के चालक दल में करीब बीस भारतीय शामिल थे। कहा जा रहा है कि जहाज के इस्राइल कनेक्शन होने के संदेह में हूती विद्रोहियों ने उसे निशाना बनाया। वहीं दूसरी ओर लाल सागर में क्रूड ऑयल टैंकर( साईबाबा) को ड्रोन हमले का शिकार बनाया गया। जिसके चालक दल में पच्चीस भारतीय मौजूद थे। इस हमले के दौरान अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत के पहुंचने से हूतियों के ड्रोनों को खदेड़ा गया। निश्चित रूप से एक दर्जन से अधिक हमलों के बाद लाल सागर में सक्रिय कई शिपिंग समूहों ने इस मार्ग से होने वाली जहाजों की आवाजाही को फिलहाल रोक दिया है। उधर अमेरिका इन हमलों के लिये खुले तौर पर ईरान को दोषी बता रहा है,लेकिन ईरान इस बात से इनकार कर रहा है। साथ ही दलील दे रहा है कि भले ही वह हूती विद्रोहियों को राजनीतिक संबल देता है, लेकिन उन्हें हथियारों की पूर्ति नहीं करता। लेकिन इसके ठीक विपरीत ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड के कमांडर चेतावनी देते हैं कि गजा में इस्राइल के हमले न रुके तो लाल सागर के अलावा भूमध्यसागर और जिब्राल्टर की खाड़ी आदि समुद्री मार्गों को भी बंद किया जा सकता है।



## राशिफल

**मेष:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुध्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

कुंभ:- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

# 2023 के पार, नये के आसार!



**बिहार, पंजाब, महाराष्ट्र और तमिलनाडु, चार ऐसे बड़े राज्य हैं, जहां अपने गठजोड़ के समीकरणों में अपने भारी प्रतिकूल उलट-फेर के चलते, भाजपा को 2019 के मुकाबले, सीटों और वोट दोनों में ही उल्लेखनीय घाटे का सामना करना पड़ सकता है। भाजपा इन सच्चाइयों को बखूबी पहचानती है। लेकिन, इसलिए भी वह 50 फीसद से ज्यादा वोट हासिल करने जैसे अतिरंजित दावों के जरिए, और भी जोर-शोर से अपने जीत के प्रति आश्वस्त होने की झूठी धारणा बनाने कोशिश कर रही है। भाजपा को इस झूठी धारणा की जरूरत इसलिए और भी ज्यादा है क्योंकि उसे बखूबी पता है कि 2024 का चुनाव, 2019 के चुनाव से काफी भिन्न होगा। उसके प्रति रुख के लिहाज से, 2024 के चुनाव का मतदाता तो 2019 के चुनाव के मतदाता से काफी भिन्न होगा ही, इसके अलावा चुनाव में उसका मुकाबला जिस विपक्ष से होने जा रहा है, वह भी 2019 के उसके विपक्ष के मुकाबले बहुत भिन्न होगा।**

राजेंद्र शर्मा

हैरानी की बात नहीं है कि साल के आखिर तक आते-आते भाजपा पूरी तरह से, आगामी आम चुनाव के लिए चुनावी मोड में आ चुकी है। इस लिहाज से संसद के शीतकालीन सत्र के असमय अंत के तुरंत बाद हुई भाजपा के केंद्रीय तथा राज्य स्तरीय शीर्ष पदाधिकारियों की दो दिनी बैठक से दिए गए संकेतों में वैसे तो कुछ भी अप्रत्याशित नहीं है। फिर भी, ये संकेत से तीन-चार महीनों में ही होने जा रहे आम चुनाव के लिए, सत्ताधारी पार्टी की आने वाले दिनों की प्रमुख पहलों और कार्यनीतियों को तो उजागर करते ही हैं। यह दूसरी बात है कि इन कार्यनीतियों में, बढ़-चढ़कर दावे करने और इसके सहारे, मीडिया पर अपने लगभग मुकम्मल नियंत्रण के जरिए, अपने अपराजेय होने की छवि को पुख्ता करने की कार्यनीतियां भी शामिल हैं। इस बैठक से कम से कम दो ऐसे बढ़े-चढ़े दावे निकले हैं, जिनका आने वाले दिनों में काफी ढोल पीटा जाना तय है। इनमें पहला है, यह दावा कि भाजपा, 2024 के आम चुनाव में अपने वोट में 10 फीसद बढ़ोतरी करने और 50 फीसद से ज्यादा वोट हासिल करने के लिए काम करने जा रही है। बूथ-आधार को और पुख्ता करने तथा जातिगत समीकरणों को और मजबूती से साधने को व लाभार्थियों को पूरी तरह अपने पाले में करने को, इसका मुख्य उपाय बताया गया है। दूसरा, दावा यह है कि भाजपा इस बार लोकसभा की उन 160 सीटों पर भी जोरदार प्रदर्शन करने की तैयारी करने जा रही है, जिन पर 2019 के आम चुनाव में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। संभवतः इन दोनों ही दावों तथा खासतौर पर बाद वाले दावे का विस्तार, संघ-भाजपा के बीच से उछाले जाने शुरू हो गए, श्अब की बार, चार सौ पारश् के नारे में देखा जा सकता है। बाकायदा यह नारा उछाले जाने की शुरूआत, पर्यावरण संबंधी विश्व सम्मेलन, कार्प-28 के सिलसिले में प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की यात्रा के दौरान हुई थी, जब उनके स्वागत के लिए जुटे अनिवासी भारतीयों के मुंह से संभवतरू पहली बार, यह नारा बाकायदा सुनने को मिला था। उसके बाद से, खुद प्रधानमंत्री मोदी भी इस तरह के नारों को इशारों में आगे बढ़ाते रहे हैं। संसद के हाल ही के सत्र के दौरान, सरकार का विरोध करने वाली पार्टियों के सांसदों के थोक के हिसाब से अभूतपूर्व निलंबनों के बीच, सत्ताधारी भाजपा के संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री ने, अगली बार बैठक के हाल की खाली सीटें भी भर जाने की बात कहकर, इसी तरह के नारों की ओर इशारा किया था। हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी उक्त दावा करते हुए, यह कहकर विपक्षी सांसदों के निलंबनों को सही ठहराने की ही कोशिश कर रहे थे कि आने वाले चुनाव में जनता, विपक्ष की सीटें और कम कर के और भाजपा की सीटें और बढ़ाकर, विपक्ष को सजा देगी। कहने की जरूरत नहीं है कि इस तरह के बढ़े-चढ़े दावे करने के जरिए, अपनी अजेयता की छवि बनाने की कोशिश करने के लिए, जान-बूझकर बहुत बढ़ा-चढ़ाकर अपनी संभावनाओं को दिखाने में संघ-भाजपा को कोई हिचक नहीं होती है। मिसाल के तौर पर यह मानना मुश्किल है कि हाल के ही विधानसभाई चुनावों में तेलंगाना में, जहां भाजपा के हिस्से में कुल आठ सीटें आई हैं, भाजपा जब अपनी सरकार बनाने के दावे कर रही थी और राज्य को पहली बार अन्य पिछड़ा वर्ग का मुख्यमंत्री देने के दावे कर रही थी, तब संघ-भाजपा को इसका अंदाजा ही नहीं था कि वे मुख्य चुनावी मुकाबले से बाहर, काफी पीछे तीसरे स्थान पर रहेंगे। अमित शाह समेत भाजपा के शीर्ष नेतागण, निस्संकोच इस तरह के बेतुके दावे करने पर, यह कहकर सफाई देते रहे हैं चुनाव में तो हर कोई यही कहता है कि हम जीत रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि 2024 में 50 फीसद से ज्यादा वोट लेकर, 2019 के सीटों के अपने 303 के आंकड़े में उल्लेखनीय बढ़ोतरी करने के भाजपा के दावों को, बहुत गंभीरता से शायद ही कोई ले सकता है। याद रहे कि 2019 में अपनी झाड़ूमार जीत के बावजूद, भाजपा कुल 37.4 फीसद वोट ही हासिल कर पाई थी। अपने सहयोगी दलों को मिलाकर भी उसके नेतृत्व वाले एनडीए को, कुल 45 फीसद वोट ही मिल पाए थे। इसके बावजूद, सत्ताधारी पार्टी और उसके गठजोड़ की चुनावी कामयाबी, उसकी अपनी बढ़त से ज्यादा, विपक्ष के वोटों के बिखराव का ही नतीजा थी। बेशक, पुलवामा की घटना और बालाकोट की कार्रवाई की पृष्ठ भूमि में, प्रच्छन्न रूप से युद्ध जैसा वातावरण बनाने और उसके सहारे राष्ट्रवादी भावनाओं को भुनाने के जरिए, भाजपा और उसके सहयोगी, 2019 में न सिर्फ चुनाव जीतने में बल्कि अपना वोट बढ़ाने में भी कामयाब रहे थे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# मेधावी विद्यार्थियों के लिए मेडल व छात्रवृत्तियां होंगी शुरू

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

महाविद्यालय में युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार की टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण समारोह आयोजित गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्विद्यालय के कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव रहे एवं अध्यक्षता क्षेत्रीय उच्चशिक्षाधिकारी प्रो. रिपुदमन सिंह ने की। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजयशंकर वर्मा व मंत्री ओंकारनाथ वर्मा उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन किया। प्राचार्य एवं शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने अतिथियों का बुके, फूल माले एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। स्मार्ट फोन वितरण से पूर्व के. के. कालेज के ही पूर्व में छात्र रहे विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव तथा क्षेत्रीय उच्चशिक्षाधिकारी प्रो. रिपुदमन सिंह का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर के. के. कालेज की एलमुनाइ एसोसिएशन के गठन का शुभारंभ कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव एवम क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने आजीवन सदस्यता लेकर किया। प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज के दोनों अतिथिगण महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं और आज ये उच्च शिक्षा के उच्च पदों पर प्रतिष्ठित होकर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। महाविद्यालय आप




दोनों का सम्मान करके गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

उन्होंने युवा विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत व अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करने का संकल्प लेने तथा स्मार्टफोन का सकारात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव ने युवा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तकनीकी ज्ञान से जुड़कर अपनी शिक्षा को लक्ष्य तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र शस्त्र है जिसके माध्यम से आप प्रत्येक लड़ाई जीत सकते हैं। आज का समय तकनीकी शिक्षा का है इसलिए इसका दुरुपयोग न करके शिक्षा के हित में इसका सदुपयोग करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कानपुर मंडल प्रो. रिपुदमन सिंह ने विद्यार्थियो को प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ाई का कोई शॉर्टकट नही होता है।

अध्यक्ष प्रबंध समिति श्री विजयशंकर वर्मा ने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि कुलसचिव जी व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी इसी महाविद्यालय के छात्र रहे हैं। इसी प्रकार आज जिन विद्यार्थियों को स्मार्टफोन प्राप्त हुआ है वे भी अपनी मेहनत से महाविद्यालय का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.मनोज गुप्ता व सह नोडल अधिकारी डॉ. सुशील वर्मा एव शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अथक परिश्रम से यह कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रो. ओमकुमारी, प्रो. सुनील सिंह सेंगर, प्रो. राजवीर सिंह, डॉ. अनिल यादव, डॉ.हिमांशु कुमार, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ. सनोज यादव, श्री अनुपम मिश्रा, श्री सुभाष चन्द्र, श्री अजय कुमार, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार,डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ. अश्वनी श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेक गौड़, डॉ. विमल गुप्ता, डॉ. हेमेंद्र सिंह, श्री कौशलेन्द्र यादव, डॉ. विमल शुक्ला, आदि शिक्षकों एवं कार्यालय अधीक्षक मधुसूदन सिंह, अखिलेश वर्मा, रतन कुमारी वर्मा, जय सिंह आदि कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत करके कार्यक्रम सफल बनाया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# भाकियू ने विभिन्न समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

भाकियू (महात्मा टिकैत) की ओर से विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। जिसमें अन्ना जानवरों की समस्या प्रमुख होने से किसानों को छुटकारा दिलाने की मांग प्रमुख है।

वहीं तहसील मौदहा के गांव न्यूरिया, कुनेहटा, टीहर, कैमोखर, चिकसोना, भुगैचा, इमिलिया, मुटनी आदि में जंगली सूअर, वनरोज, नीलगाय, हिरन आदि किसानों की फसलें उजाड़ रहे हैं। जिससे इन गांवों के किसान बेहद परेशान हैं। यूनियन ने जंगल में तारबाड़ी की व्यवस्था कराए जाने व गहरी सीमा खाई खुखवाने मांग की है। ग्राम यूरिया तहसील मौदहा में 20 नंबर नलकूप रिबोर कराने को कहा है। तथा 137 एमजी ट्यूबवेल का भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। तहसील मौदहा के दोहरी गांव में नहर की पुलिया छोटी होने से भारी वाहन नहीं आ पाते हैं। इस पुलिया का चौड़ीकरण कराया जाए। दोहरी से भुगैंचा मार्ग तक रोड ध्वस्त हो चुका है। पतारा डांडा स्थित राजकीय नलकूप संख्या 376 पिछले तीन साल से खराब पड़ा है। ग्राम टिकरौली में चन्दा देवी से जमीन खरीदने वाली बसीमा पत्नी चांद बाबू को कब्जा दिलाया जाए। बिजली बिलों में एकमुश्त समाधान योजना को अप्रैल तक बढ़ाया जाए। ताकि किसान फसल आने पर बिल जमा कर सकें।

# शिशु के जन्म के एक घण्टे के भीतर मां का गाढ़ा पीला दूध बच्चे को अवश्य पिलाये

**महेवा,इटावा। समृद्धि न्यूज**

महेवा विकास खण्ड की ग्राम पंचायत रमऊपर परसौली में भारत विकसित यात्रा के समय ग्राम में कार्यरत आगनबाड़ी कार्य कर्ताओ द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भारत विकसित यात्रा में शामिल हुई इस यात्रा की सह प्रभारी एव बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजक मीनाक्षी चौहान ने गोद भराई कार्यक्रम की रस्म अदा की गोद भराई कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को मीनाक्षी चौहान ने बताया कि गर्भवस्था में प्रतिदिन हरी साग सब्जी, मूंग की दाल, सतरंगी फल, सूखे मेबे एव दूध खाना चाहिये, वही



गोद भराई की रस्म करतीं मीनाक्षी चौहान।

महिलाओं को खून की कमी से बचने के लिए गर्भबती महिलाओं को बच्चे को जन्म देने से पहले 180 आयरन की गोलियां लेनी चाहिए कार्यक्रम में गर्भबती महिलाओं की अच्छी सेहत के लिये उपहार स्वरूप पोषण की पोटली भेंट की गई गर्भबती महिलाओं को चुनरी पहनाकर और टीका लगाकर गोद भराई की रस्म पूरी की गई, सभी महिलाओं की अच्छी सेहत के लिए पोषण की आवश्यकता व महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी महेवा मनोरमा पाण्डेय, दीपक कुमार , आगनबाड़ी कार्यकत्री सन्ध्या, अमिता उपस्थित रही।

# अवैध शराब निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाया अभियान

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन व पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूट धाम बांदा के निर्देशन पर जनपद के 102 स्थानों पर अवैध शराब निर्माण/बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने बताया कि क्रिसमस व आगामी नववर्ष 2024 के दृष्टिगत जनपद में अवैध शराब निर्माण, बिक्री, तस्करी व अवैध स्प्रिट/एल्कोहल पर अंकुश लगाए जाने के संबंध में 24 व 25 दिसंबर को अवैध कार्य में पूर्व से चिन्हित/सूचीबद्ध ग्रामों में समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा आवश्यक पुलिस बल के साथ करीब 102 स्थानों पर तस्दीक/छापेमारी की गई। इन स्थानों पर अवैध कार्य में



संलिप्त/सक्रिय व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। बताया कि इस छापेमारी के दौरान जिले भर में 416 क्वार्टर अवैध देशी शराब, 227 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं कुल 30 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही मौके से 985 किग्रा0 लहन को नष्ट कराया गया। बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी चलाई जाती रहेगी। जनपद में किसी भी तरह के अवैध शराब बिक्री, निर्माण एवं तस्करी नहीं होने दिया जाएगा।

# शौच को गए किसान की नहर में डूबकर मौत

- मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है किसान

**मौदहा। समृद्धि न्यूज**

सोमवार सुबह अपने घर से खेतों में शौच के लिए गये किसान की नहर में गिरने से पानी में डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक गरीब किसान था और मजदूरी कर परिवार चला रहा था।

जानकारी के मुताबिक बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम बिगहना निवासी शहीद खान (38) पुत्र पीर खां सोमवार की सुबह शौच के लिए खेतों में गया था और कोहरे के चलते नहर में गिर गया। जिससे उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। राहगीरों ने जब युवक को नहर में पड़ा हुआ देखा तो उसे




नहर से निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है और उसे अक्सर मिरगी का दौरा पड़ता था।

सम्भवतः दौरा पड़ने के कारण ही वह नहर में गिरने के बाद पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक गरीब खेतिहर मजदूर था और मजदूरी कर अपना परिवार चला रहा था। अब परिजनों के सामने खाने का भी संकट खड़ा हो सकता है। मृतक अपने पीछे दो जवान बेटियां और दो बेटे छोड़ गया है। घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची बिवांर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### बाजारों से दूर लगाये जाएं अलाव - व्यापार मंडल

**इटावा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित व शहर अध्यक्ष संजय वर्मा नें जिला प्रशासन से मांग की है कि सर्दियों के मौसम में लगाये जाने वाले अलाव बजारों में दुकानों के आस पास न लगाये जायें। अलाव बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा ऐसे मुख्य चौराहों जहां पर पुलिस ड्यूटी लगती है वहीं लगाये जाएं,बाजारों में लगाये जाने से कभी भी अग्नि कांड का खतरा हो सकता है,और इन अलावों के आस पास अराजक तत्व भी इकठ्ठे होते हैं,अगर बाजारों में लगेंगे तो कभी भी बंद दुकानों को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। मांग करने वालों में* प्रमुख रूप से महामंत्री रिषी पोरवाल, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, शहर महामंत्री अवनीश वर्मा,रेडीमेड ऐसोसिएशन अध्यक्ष देव गुप्ता,युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा आदि प्रमुख हैं।

### शराब बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के लह्री डेरा गांव में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर कच्ची महुआ शराब बनाते एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। लह्री डेरा गांव में सोमवार की शाम मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक संगम लाल प्रजापति अपने हमराहियों के साथ गांव पहुंचकर कच्ची महुआ की शराब बना रहे आरोपी को पकड़ा। वहीं मौके पर प्लास्टिक की पिपिया में 12 लीटर कच्ची शराब महुआ व उपकरण बरामद किए।

### वृद्ध को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**राठ।** साइकिल से बाजार आ रहे एक वृद्ध को एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। राहगीर घायल वृद्ध को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। कोतवाली के अकौना गांव निवासी हरीचरन गुप्ता (80) पुत्र गयादीन गुप्ता मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे साइकिल से राठ कस्बा बाजार करने आ रहे थे। राठ हमीरपुर मार्ग पर सियारानी धुलाई स्टेशन के पास पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह साइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां मौजूद लोग घायल को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो पुत्र खूचंद्र और कंधीलाल हैं। कंधी लाल की पहले ही मौत हो चुकी है। राहगीरों को बाइक सवार को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### दंगल और रामलीला देखने को उमड़ी भीड़

**महोबा।** जिले के छिकहरा गांव में चल रहे महोत्सव में दंगल और रामलीला देखने के लिए भारी संख्या में लोग उमड़े। रामलीला के मंचन की शुरूआत होत प्रात मुनिबेष धरि जौं न रामु बन जाहिं। मोर मरनु राउर अजस नृप समुझिअ मन माहिं॥ के प्रसंग से हुई। छिकहरा में शिवशक्ति रामलीला मंडल के कलाकारों के द्वारा तृतीय दिवस की लीला का शुभारंभ श्री राम विवाह,कैकयी-मंथरा संवाद के साथ किया। लीला का मुख्य आकर्षण दशरथ-कैकयी संवाद रहा। लीला का विश्राम तमसा के तट पर हुआ। मेला महोत्सव के तहत ही कुश्ती का आयोजन किया गया।

### पीएम आवास की धनराशि लेकर पत्नी फरार

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम कैथी के मजरा करेना डेरा के निवासी एक दिव्यांग की पत्नी प्रधानमंत्री आवास योजना की धन राशि लेकर घर से फरार हो गई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। करेना डेरा निवासी चन्ना ने पुलिस को दी तहरीर में अवगत कराया है कि उसे दिव्यांग कोटे से प्रधानमंत्री आवास मिला था। प्रथम किस्त के लिए 70 हजार रुपये उसके खाते में आए थे, जिनको निकालकर उसने घर पर रखे थे। इसके साथ बकरियां बेचकर रुपए एकत्र किए थे। गत 21 नवंबर को सुबह पत्नी रेखा एक लाख 25 हजार नगद और जेवरात लेकर घर से फरार हो गई है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# नायब तहसीलदार के धर्म परिवर्तन की खबर से हड़कंप

**मौदहा। समृद्धि न्यूज**

तहसील में सेवारत एक नायब तहसीलदार के द्वारा धर्म परिवर्तन कर इस्लाम स्वीकार करने की खबर से समूचे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है।मामले की जांच के बाद इस मामले की रिपोर्ट शासन को भेजे जाने की तैयारी है।वहीं इस पूरे मामले में नायब तहसीलदार सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की सुगबुगाहट तेज हो गई है।

बताते चलें कि मौदहा तहसील में सेवारत एक नायब तहसीलदार कस्बा के इलाहीतालाबा के समीप स्थित काचरिया मस्जिद में विगत कुछ दिनों से नमाज़ पढ़ने जाता था।जहाँ वह अपने को कानपुर निवासी मुहम्मद यूसुफ बताता था।लेकिन मस्जिद के आसपास रहने वालों के साथ ही नमाजियों ने इस नायब तहसीलदार



को पहचान लिया और यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई जैसी ही यह मामला तहसील प्रशासन के आला अधिकारियों के बीच पहुंचा तो प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया।मामले की सच्चाई जानने के लिए तहसीलदार बलराम गुप्ता स्वयं इस मस्जिद के मुअज्जिन मुहम्मद मुस्ताक के पास पहुंचे जहाँ मुअज्जिन ने उन्हें बताया कि एक अनजान व्यक्ति मस्जिद में कुछ दिनों से नमाज़ पढ़ने आता था जो कि अपना नाम मुहम्मद यूसुफ निवासी कानपुर बताता था।लेकिन जब उस शख्स ने स्वयं को मौदहा तहसील में तैनात नायब तहसीलदार बताया तो लोगों के होश उड़ गए।इधर तहसीलदार बलराम गुप्ता की जांच में पता चला है कि जो व्यक्ति स्वयं को मुहम्मद यूसुफ बताकर मस्जिद में नमाज अदा करने जाता है वह वास्तव में मौदहा तहसील में तैनात कानपुर निवासी नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता ही है ।इतना ही नहीं इस बात की भी चर्चा जोरों पर है कि उक्त नायब तहसीलदार और मौदहा कस्बा की एक मुस्लिम लड़की से संबंध रहे हैं।चर्चा यह भी है कि नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता ने इस मुस्लिम लड़की से निकाह भी कर लिया है।हलाकि नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है।कुछ दिनों से यह मौदहा कस्बा के इलाही तालाब के निकट स्थित काचरिया बाबा की मस्जिद में नमाज़ पढ़ने पहुंचने लगा था। तहसीलदार बलराम गुप्ता की माने तो आशीष गुप्ता दो दिन से मस्जिद गए थे शायद उनकी किसी से उर्दू सीखने की बात हुई थी, नमाज़ पढ़ने का मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। हालांकि जांच अधिकारी ने मौके पर मौजूद लोगों से यह भी पूछा की क्या कोई अन्य धर्म का आदमी मस्जिद में नमाज़ पढ़ सकता तो इन लोगों ने बताया कि किसी के नामज़ पढ़ने पर आपत्ति नहीं है।हलाकि गोपनीय सूत्रों की माने तो नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता के खिलाफ सख्त विभागीय कार्यवाही होना तय है।नौकरी भी जा सकती है।

### बेतुकी विद्युत कटौती से छात्रों की पढ़ाई हो रही चौपट

**सुमेरपुर।** इंगोहटा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शाम को 6 बजे से रात 9 बजे तक रोजाना विद्युत कटौती किए जाने से आम जनमानस तो परेशान है ही, साथ ही बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्र छात्राओं की पढाई लिखाई भी प्रभावित हो रही है। जिससे भविष्य को लेकर विद्यार्थी भी परेशान हैं। लोगों ने बेतुकी कटौती को रोकने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि रोजाना शाम 6 बजे से रात 9 बजे प्रतिदिन कटौती की जा रही है। यही समय छात्रों की पढ़ाई लिखाई का होता है और यही समय आम जनमानस की भोजन आदि व्यवस्था का भी है। किन्तु ज्यों ही शाम होती है तो अंधकार छा जाता है इससे समस्या खड़ी हो जाती है। दिन भर कामकाज में व्यस्त रहने के बाद जब शाम को लोग घरों में आकर विश्राम करना चाहते हैं तो चारो ओर अंधेरा रहता है। छात्र परीक्षाओं के लिए तैयारी करना चाहते हैं, पढ़ना चाहते हैं मगर लाइट न होने से तीन घंटे लाइट का ही इंतजार करते रहते हैं।

# ज्ञापन सौंप प्रदर्शन के लिए लखनऊ रवाना हुए मनरेगाकर्मी

**हमीरपुर, सुमेरपुर। समृद्धि न्यूज**

2 वर्ष बाद मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल न होने से नाराज रोजगार सेवक एवं मनरेगा कर्मी ब्लॉक में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपकर मानव श्रृंखला बनाकर राजधानी मे प्रदर्शन करने के लिए रवाना हुए हैं।

मंडल अध्यक्ष कुलदीप द्विवेदी की अगुवाई में ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति के आवाहन पर रोजगार सेवक संघ एवं मनरेगा कर्मियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौपा है। ज्ञापन में आरोप है कि 4 अक्टूबर 2021 को मुख्यमंत्री ने राजधानी में रोजगार सेवक संघ के साथ मनरेगा कर्मियों का सम्मेलन



किया था। सम्मेलन में सीएम ने घोषणा की थी कि एक माह में एच आर पॉलिसी लागू करेगा। सेवा समाप्ति में उपायुक्त मनरेगा की सहमति अनिवार्य की जाएगी। मनरेगा कर्मियों के जाब चार्ट में अन्य कार्यों को भी जोड़ा जाएगा लेकिन 2 वर्ष गुजर जाने के बाद घोषणाओं पर अमल नहीं किया गया है। इससे ग्राम रोजगार सेवक संघ एवं मनरेगा कर्मियों में रोष व्याप्त है। सरकार का ध्यान आकर्षित कराने के लिए बुधवार को ग्राम रोजगार सेवक संघ एवं मनरेगा कर्मी राजधानी के दारुलशफा से मुख्यमंत्री आवास तक मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में साहेबलाल, महेंद्र कुमार, मंजय प्रजापति, रामनरेश, शिव प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार, शारदा प्रसाद, प्रमोद कुमार, विलेश कुमार, बालेंद्र आदि कर्मी शामिल रहे।

# सिद्धेश्वर धाम पैलस में बाल वीर संगोष्ठी का आयोजन

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी मंडल पनवाड़ी में सिद्धेश्वर धाम पैलेस में बाल वीर संगोष्ठी की कार्यक्रम के आयोजन किया गया जिसमें मुख्यअतिथि डॉ कमलेश सक्सेना पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को याद किया गया। तथा गुरुगोविन्द जी के जीवन पर प्रकाश डाला इस संगोष्ठी के अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन सोनी द्वारा की गई महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कु. प्रियंका सोनी मंडल महामंत्री अजय परिहार जिला मीडिया सह प्रभारी रामलखन सोनी पूर्व मंडल



अध्यक्ष तुलसीदास दुबे हिरदेश पटेरिया नितिन सोनी कृष्णकांत बाजपेई इंद्रेश प्रजापत दलपत अहिरवार युवा मोर्चा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राहुल नायक मंडल मंत्री गोविंद राजपूत अंजुल सक्सेना राजा दीक्षित जिलाउपाध्यक्ष धीरज अनुरागी राज गुप्ता अजेश राजपूत समापन की घोषणा पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन सोनी द्वारा की गई सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भंडारे के साथ श्रीगायत्री महायज्ञ का समापन

**हमीरपुर, सुमेरपुर।** मंगलवार को श्री गायत्री तपोभूमि में चल रही श्री गायत्री महायज्ञ के 67वीं वर्षगांठ का विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया।भंडारे में साधु संतों के साथ हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा देर रात तक संचालित रहा। इस दौरान पूरे दिन कथा पंडाल में भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। मंगलवार को श्रीगायत्री महायज्ञ की 67वीं वर्षगांठ का विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। दस दिन तक चले इस धार्मिक आयोजन में लाखों लोगों ने शिरकत की। भंडारे में सर्वप्रथम बाहर से आए साधु संतों को प्रसाद ग्रहण कराकर संत परंपरा का निर्वहन करते हुए ससम्मान विदा किया गया। इसके उपरांत भंडारे को आम लोगों के लिए खोला गया।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी पद पर चयनित हुए धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

जनपद की तहसील कुलपहाड़ क्षेत्र के जैतपुर गांव के बेटे ने आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी के पद पर चयनित होकर महोबा जनपद का नाम रोशन किया है। धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी ने इसके पहले दो बार ह्वश्चश्चह्यष् एवं एक बार से लिखित परीक्षा पास की , लेकिन इंटरव्यू में असफल होने के बाद, जुनून कायम रहा, और कड़ी मेहनत व लगन के चलते इस बार सफलता प्राप्त कर, क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस बार परीक्षा मे 341 वीं रैंक से सफलता हासिल की है। धीरेन्द्र ने इंटरमीडिएट जनतंत्र इंटर कॉलेज



कुलपहाड़ से बी ए एम एस की डिग्री शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल से शिक्षा ग्रहण की है. इस सफलता पर माता-पिता और परिवार एवं गाव के लोगों ने धीरेन्द्र को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। चिकित्सा अधिकारी के पद पर चयन होने पर क्षेत्र के लोगों में भी खुशी है। लोगों ने सोशल मीडिया, फोन आदि माध्यमों से बधाई दी। धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी के चयन से परिवार, गांव एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस उपमहानिरीक्षक ने ली बैठक

**हमीरपुर।** जनपद में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारिया शुरू हो चुकी है। जिसको लेकर पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम बांदा अजय कुमार सिंह द्वारा मण्डल के पुलिस अधीक्षकों के साथ चारो जनपद हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट के संबन्ध में अपराध समीक्षा बैठक कर अपराध नियंत्रण के संबन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के संबन्ध में भी दिशा निर्देश निर्गत किए गए। महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम और समय से विवेचनाओं का निस्तारण प्राथमिक तौर पर किया जाना आदि जनता के साथ सदव्यवहार किए जाने हेतु अपने अधीनस्थों को आदेशित करने के निर्देश दिए गए है।

**बयान**

**बच्चों को अपने वीर महापुरूषों का इतिहास पढ़ने के लिए प्रेरित करें**

# वीर अमर शहीदों के संस्कार हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को देने होंगे: सांसद

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

नन्हें साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह के त्याग और बलिदान को देश कभी भुला नहीं सकता। इन वीर अमर शहीदों के संस्कार हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को देने होगें जिससे हमारी धर्म और संस्कृति सुरक्षित रह सके।

हमीरपुर-महोबा-तिन्दवारी संसदीय क्षेत्र के सांसद कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल ने जनपद मुख्यालय स्थित टाउन हाल में नगर पालिका परिषद महाबा द्वारा आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उक्त उद्गार व्यक्त किये। श्री चन्देल ने कहा



कि नन्हें साहिबजादों के शहीदी दिवस के अवसर पर उनके प्रति सच्ची श्रृद्धांजलि यही होगी कि हम उनके बताये हुए मार्ग पर चलें और अपने बच्चों को अपने वीर महापुरूषों का इतिहास पढ़ने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन क्रूर मुगल शासक औरगंजेब ने नौ वर्ष और सात वर्ष के मासूम बच्चों को धर्म परिवर्तन न करने पर जिन्दा दीवार में चिनवा दिया, किन्तु अपनी आन-बान और शान की खातिर धर्म परिवर्तन नहीं किया और देश व धर्म की रक्षा के खातिर हँसते-हँते अपने प्राणों की आहूति दे दी। ऐसे वीर योद्धाओं को शत्-शत् नमन। गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी महोबा के अध्यक्ष सरदार जसपाल सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वीर बाल दिवस के अवसर पर सिख वीर योद्धाओं के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर गहन प्रकाश डाला। साहबजादों के देश समर्पण के किस्से सुनकर उपस्थित जनसमूह की आंखें नम हो गयीं। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने भी शहीदी दिवस के अवसर उद्गार व्यक्त करते हुए वीर अमर शहीदों को श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन से जुड़े संस्मरणों के द्वारा उपस्थित जनमानस को अवगत कराया। कार्यक्रम के समापन के उपरान्त नन्हें साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह के पोस्टर लेकर आल्हा चौक तक पैदल मार्च किया और आल्हा चौक पहुँचकर श्रृद्धासुमर्न अिर्पत करते हुए जयकारे लगाये।

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य शिवकुमार गोस्वामी, सरदार अमरजीत सिंह, कार्यक्रम के संयोजक शीलू सोनी सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. सन्तोष चौरसिया ने मुख्य अतिथि एवं आगन्तुकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# भारत रत्न अटल, मालवीय और तुलसी की जयंती पर संवेदना की काव्य मय श्रद्धांजलि

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**पूर्व प्रधानमंत्री** अटल बिहारी वाजपेई, महामना मदन मोहन मालवीय, गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के मौके पर साहित्यिक संस्था संवेदना ने जहां एक और महापुरुषों को काव्यांजलि का आयोजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तो वहीं संस्था की महामंत्री विमल तिवारी विमल को भी उनके जन्मदिन पर दीर्घायु और साहित्य संवर्धन की कामनाएं की गई। इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता जनपद के मूर्धन्य साहित्यकार पंडित यज्ञदत्त त्रिपाठी ने व मुख्य आतिथ्य सुप्रसिद्ध नेचर फोटोग्राफर अनिल सिंदूर कानपुर ने तथा कार्यक्रम का संचालन संस्था की अध्यक्ष डॉ.माया सिंह माया ने किया। मां शारदे पर पुष्पांजलि और स्तुति के उपरांत प्रारंभ हुई काव्य गोष्ठी में सर्वप्रथम अपने गीतों से पहचान कायम कर चुकी कवित्री इंदु विवेक ने अपनी रचना पढ़ी- कोरे कागज को नयन सम दृश्य रखकर सोचती हूं मैं कलम को मीत लिख दूं। युवाकवि अमित मिश्रा ने सही जगह पर फूटी किस्मत जा सकती है एक तस्वीर में अच्छी कोपे आ सकती हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम नारायण दीक्षित प्रेम ने जीवन अटल, अटल रण कौशल अटल पराक्रम जो कहलाते, उनकी रहती अटल प्रतिज्ञा भीष्म पितामह जो कहलाते। सुप्रसिद्ध शायर शफीकुर्रहमान कशफी ने पत्थर खुद अपने सर पर उछाला नहीं करते ,हम दूसरों में ऐब निकाला नहीं करते। डॉ अनुज भदोरिया ने पढ़ा हम पर नहीं संवरण होता हम तो मनोभाव कहते हैं। अरुण प्रताप सिंह राजू ने पढ़ा अटल था जिनका निश्चय पूरा विश्व में था जिनका परिचय। कवित्री प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम ने मिले खुशियां जमाने की सफर आसान हो हरदम। कवित्री शिखा गर्ग ने गुलाबी धूप में सिक कर दिसंबर यह चला देखो, समय के चक्र में बंध साल पूरा ही ढला देखो। कवित्री शिरोमणि सोनी ने जन्मदिवस महान अटल व्यक्तित्व का, अटल कर्म अटल मर्म देशत्व का। पढ़कर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। युवा कवि दिव्यांशु गुप्त दिव्य ने परमाणु संपन्न बनाने में लगे जान कभी श्रेष्ठ अटल जी को दिल में बसाइये। भावों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कृष्ण न्यूज के संपादक सिद्धार्थ त्रिपाठी ने अटल इरादे, अटल वचन थे और अटल सिद्धांत, अटल सत्य स्वीकार अटल जी हुए सदा को शांत। कवि राम शंकर गौड़ ने दिल का दर्द बताएं आंसू निर्मल हृदय बने आंसू। कवि ब्रह्म प्रकाश दीपक ने छंद तुम्हारे देख लिए हैं गान तुम्हारे देख लिए हैं। वरिष्ठ साहित्यकार और कवि सुरेश चंद्र त्रिपाठी ने पढ़ा जब तक भू पर गंगा, जमुना जल बहता कल-कल है तब तक भू पर अटल बिहारी संज्ञा अमर अटल है। युवा कवि अभिषेक सरल ने हाथ आया और फिसल गया एक ख्वाब नींद को ही निकल गया। खूबसूरत गीत पढ़ा।

# बाबा हरिशंकर दास ने मुन्ना पहलवान को हराया

श्रीदत्तगंज, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज



**स्थानीय ब्लॉक** के ग्राम दारी चौरा में दो दिवसीयअखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया था दंगल के दूसरे दिन कई प्रदेशों से आए पहलवानो ने अपना अपना अखाड़े में जोर आजमाइश किया ।बाबा रविशंकर दास अयोध्या व मुन्ना पहलवान चंडीगढ़ के बीच कड़ा मुबाकला को देखने को मिला बाबा हरिशंकर दास ने मुन्ना पहलवान को हराया ,लकी पहलवान पंजाब व नसीब पहलवान जम्बू के बीच कुश्ती हुई नसीब पहलवान लकी को पराजित किया ,विनोद पहलवान दिल्ली व शेरा पहलवान कन्नौज ,लतीब पहलवान जम्बू व किशन पहलवान बाँदा के बीच अखाड़े में अपना दम खम दिखाए तथा भूरा पहलवान बदायूं व फकीर बाबा पहलवान अमेठी के बीच कुश्ती हुई। दंगल के आयोजक ओम प्रकाश त्रिगुनायक ने बताया कि दंगल का समापन है आज अखाड़े में नामी ग्रामी पहलवानो का कुश्ती का कड़ा मुकाबला को देखने को मिला दंगल में काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे एवं कुश्ती के आयोजन से दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला ।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्तगंज हेमन्त जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य राम प्रताप वर्मा सूरज प्रसाद पाण्डेय,राहुल जायसवाल, महन्थ जितेंद्र वन विनय कुमार ,राज कुमार जायसवाल मौजूद रहे ।

## खबरें एक नजर में

### गैस गोदाम कैशियर से तीन लाख लूट के मामले में अभी पुलिस कोसों दूर

**उतरौला(बलरामपुर)।** गैस गोदाम के कैशियर के साथ हुई तीन लाख रूपयों की लूट के आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस ने पूरी ताकत लगा दी है। एसपी केशव कुमार ने घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी निरीक्षक को जल्द ही अपराधियों को पकड़ने का निर्देश दिया है।पुलिस ने सुराग के लिए कुछ स्थानों के सीसी कैमरे के फुटेज भी जुटाए हैं मोबाइल सर्विलांस टीम के जरिए भी लुटेरों तक पहुंचने की कवायद? की जा रही है।पुलिस स्पष्ट रूप से मानकर चल रही है कि इस लूट कांड में मुख्य सूत्रधार? वही हो सकता है जो सेल्समैन व गैस एजेंसी के हर विंदु से वाकिफ है? लूट की घटना के बाद खुलासा होने? की लोगों की जिज्ञासा बढ़ ग?ई है।पिछले क?ई महीनों में अन्तर्राजीय मामलों से जुड़े होने के चलते पुलिस अनेक अपराधियों को जेल भेज चुकी है ।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे का कहना है कि घटना के अनावरण के लिए पुलिस द्वाराअनेक दिशाओं में काम चल रहा है जल्द ही अपराधियों के गले पर पुलिस शिकंजा कसने वाली है।

### मानदेय न मिलने पर समूह सखी ने किया विरोध प्रदर्शन

**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को समूह सखी ने बीते 4 वर्षो से मानदेय न मिलने को लेकर किया विरोध प्रदर्शन बुलंद की आवाज डीएम नामित ज्ञापन संबंधित बाबू को सौपा। वही समस्त समूह सखी ने बताया कि हम समूह सखी उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित समूहों में जनपद सोनभद्र में कार्य करते हुए लगभग 5 वर्ष हो गए, जिनका निर्धारित मानदेय प्रति समूह 100रु प्रति महिने हीं है, 5 वर्षो में से कुछ महिने का ही मानदेय अभी तक प्राप्त हुआ है। चार वर्षो का मानदेय अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। जिससे हम समूह सखी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले है, जिससे मानदेय न मिलने के कारण बहुत ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, आर्थिक स्थिति दिन पर दिन खराब होती जा रही है, जिससे जिविकोपार्जन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वही सखियों ने बताया कि हम समस्त समूह सखी का मानदेय अति शीघ्र दिलवाने की कृपा प्रदान करें। इस मौके पर सोनमती, सविता, कविता, चंद्रबली ,अनीता ,सुनीता, सीता, पार्वती, सुशीला ,पुष्पा देवी ,उषा देवी ,वंदना, रीता, संगीता ,आशा, राजवंशी, उर्मिला देवी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहे।

### वाहन चालक की लापरवाही से मासूम की गई जान परिवार में छाया मातम

**सोनभद्र, कोन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को रामलाल पुत्र किरोधन भारती निवासी रोरवा पुरानपानी कोन थाने में एक प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाया कि वाहन संख्या [illegible]64 [illegible] 4791 ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर मेरी पुत्री के लड़के मन्नु कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी नवडीहा थाना म्योरपुर उम्र लगभग 4 वर्ष को धक्का मार दिया जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई । मौके पर उप निरीक्षक रविंद्र प्रसाद द्वारा घटना स्थल का जायजा लिया गया। एवं विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मृत बालक का शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सीएससी भेजवा दिया गया प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि शांति व्यवस्था हेतु घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात कर दी गई है लॉ एंड ऑर्डर की कोई समस्या नहीं है वहीं पर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत तीन नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में माननीय न्यायालय भेजा गया गिरफ्तार अभियुक्त विमलेश कुमार पुत्र हरिनारायण यादव सुरेंद्र कुमार यादव पुत्र दयाशंकर यादव विनय कुमार पुत्र दयाशंकर यादव समस्त निवासी कचनरवा को सुबह लगभग 9−30 बजे कचनरवा से गिरफ्तार कर लिया गया ।गिरफ्तार करने वाली टीम में कोन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत उप निरीक्षक रविंद्र प्रसाद हेड कांस्टेबल संजय यादव सहित कांस्टेबल जयप्रकाश चौबे मौजूद रहे।

# हवन पूजन के साथ बाराहीं देवी मेला की तैयारियां शुरू



**जालौन (उरई)।** हर वर्ष नगर की पहचान व गंगा जमुना तहजीब का प्रतीक श्रीबाराही देवी का पूजन किया और मजार पर चादर चढ़ाई। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित मेला एवं विकास प्रदर्शनी से पूर्व मंगलवार को श्रीबाराहीं देवी की विधि विधान से पूजन अर्चना की गई। पूजन के साथ ही आयोजन की तैयारियां शुरू हो जाएंगी। नगर में प्रतिवर्ष श्रीबाराहीं देवी मेला फौजी पड़ाव की भूमि पर आयोजित किया जाता है। यह मेला इस मायने में और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह मेला गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बना हुआ है। मेला मैदान में श्रीबाराहीं देवी मंदिर के साथ ही उसी के बगल में मजार भी स्थित है। प्रतिवर्ष नगर पालिका द्वारा श्रीबराहीं देवी मंदिर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन एवं मजार पर अकीदत के साथ चादर चढ़ाई जाती रही है। पूजन व चादर चढ़ाने के बाद मेले के आयोजन की गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। मंगलवार को पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल, ईओ सीमा तोमर ने सभासदों व क्षेत्रीय विधायक गौरीशंकर वर्मा के साथ मेला परिसर में बने श्रीबाराहीं देवी मंदिर पर पूजा अर्चना की और मजार पर चादर चढ़ाकर मेले के आयोजन की शुरुआत कर दी है। श्रीबाराही देवी के पूजन के बाद मेला एवं विकास प्रदर्शनी के आयोजन की तैयारियां शुरू हो जायेगी। मेला को आकर्षक बनाने के लिए नगर पालिका परिषद प्रयास कर रही है। इसके साथ मेले में दुकानें लगाने वाले दुकानदारों को कोई असुविधा न हो इसका प्रयास किया जाएगा। मेला की तैयारियों के पूर्ण होने के बाद मेला का उद्घाटन कराया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह राजावत, अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, राजीव मिश्रा, मलखान दोहरे, सभासद हर्षित श्रीवास्तव, अनिल कुशवाहा, कमलेश त्रिपाठी समेत सभासद व नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

### गरीबों का सेवा कर मिलता है बहुत सुकूनः सौरभ चतुर्वेदी

**धुरियापार/उरुवा/गोरखपुर।** गरीबों एवं असहायों को ठंड में कंबल वितरण करना एक पुनीत कार्य है। एवं हर वर्ष यह कार्यक्रम करके हमें अपने आप को सुकून मिलता है जिसको मैं प्रकट नहीं कर सकता। उक्त बातें विकासखंड बेलघाट की ग्राम पंचायत पल्हवापुर के राजस्व ग्राम प्रतापीपुर में निवासी सौरभ चतुर्वेदी उर्फ मोनू चौबे द्वारा विजय नारायण चतुर्वेदी की स्मृति में आयोजित कंबल वितरण समारोह में। मोनू चौबे द्वारा कही गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नवीन सिंह %मुन्ना% चेयरमैन प्रतिनिधि उरुवा बाजार रहे। इस अवसर पर ग्राम बनकटी , हरिहरपुर, महुआडांड़ , बनगांव, भवानीपुर, रतनपुरा, अलावलपुर, पल्हवापुर, डीहवा एवं प्रतापीपुर के 500 लगभग गरीबों व असहायों में कंबल वितरित किया गया। कंबल पाकर गरीबों व असहायों के चेहरे खिल उठे। वहीं दूसरी ओर बच्चों को बिस्किट और टॉफी भी वितरण किया गया जिससे बच्चों में भी अजब की खुशी देखने को मिली।

# सहदेईया पंचायत भवन में एकल विद्यालय की बैठक सम्पन्न



श्रीदत्तगंज, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**विकास खण्ड** श्रीदत्तगंज संच में एकल विद्यालय की मासिक बैठक पंचायत भवन सहदेईया में किया गया जिसकी अध्यक्षता एकल विद्यालय के अध्यक्ष राहुल जायसवाल ने किया ,उन्होंने एकल विद्यालय के आचार्यों बहनों को अंग वस्त्र भेट करके सम्मानित किया तथा विद्यालय के आचार्यो को व महिलाओं को विस्तार पूर्वक बैठक में जानकारी दी गई । बैठक में आचार्य अंकिता तिवारी ने अगले माह विवेकानंद जयंती के बारे में जोरदार तैयारी करने को कहा जिससे विवेकानंद जयंती धूमधाम से मनाया जा सके इस अवसर पर बहन अंकिता , रितु तिवारी एवम् समिति के सुरेंद्र कौशल आकाश कुमार संदीप पटवा उपस्थित रहे।

# पंडित अटल बिहारी वाजपेई के जयंती पर विधायक ने अस्पताल में मरीजों को वितरित किए फल




उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**पंडित अटल** बिहारी वाजपेई की जयंती पर भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में मरीजों को फल वितरित करके उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर विधायक ने सीएचसी उतरौला में भर्ती मरीजों के पास जाकर उन्हें फल दिया और उनके इलाज के लिए सरकार से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी की। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डाक्टर सी पी सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी, अंकुर गुप्ता, सी बी माथुर, देवानंद गुप्ता,फणीन्द्र कुमार,विकास गुप्ता, नवीन जायसवाल, दुर्गेश, राहुल गुप्ता समेत तमाम पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम बक्सरिया में सन्त बन्दर दास मन्दिर पर निकला शिवलिंग

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**उतरौला बाजार** से दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित बकसरिया गांव के संत बंदर दास बाबा समाधि स्थल के मंदिर में स्थापित शिवलिंग में शंकर भगवान की आकृति देखने को मिली। इस सूचना के बाद लोगों की भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी है। लोगों का दावा है कि शिवलिंग में भगवान शंकर ने साक्षात दर्शन दिए हैं और उनकी आकृति शिवलिंग में साफ तौर पर दिखाई दे रही है। जिसको लेकर उतरौला बाजार सहित आसपास के लोग मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंच रहे हैं। जैसे-जैसे खबर फैल रही है, श्रद्धालु दूर-दराज से मंदिर में पहुंच रहे हैं। लोग इसे चमत्कार मान रहे हैं। बताते चले कि उतरौला बाजार से सटे बक्सरिया गांव में स्थित श्री संत बंदर दास बाबा शिव मंदिर में बीते सोमवार को अचानक शोर हुआ की शिवलिंग में भगवान शिव की आकृति नजर आ रही है। कुछ ही देर में वहां भीड़ लग गई। लोग इसे चमत्कार मान रहे हैं। साथ ही स्थानीय लोगों का कहना है कि हम प्रतिदिन यहां पूजा करने आते हैं, लेकिन ऐसा कुछ नजर नहीं आया था। अब शिवलिंग में शंकर भगवान की प्रतिमा नजर आ रही है। यह सब ईश्वर की महिमा है और भगवान शिव अपने भक्तों को शिवलिंग में प्रतिमा के रूप में दर्शन दे रहे हैं। स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूरदराज से भी श्रद्धालु आ रहे हैं।

### देखने वालों की उमड़ पड़ी भीड़

स्थानीय निवासी व मंदिर के पुजारी राममणि मौर्य,सुनीता मौर्य, नीलम दुबे, राज कुमार गुप्ता,राम नारायण, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, बम बहादुर मौर्य, शनि कुमार आदि बताया कि आज जब हम मंदिर में पूजा करने के लिए पहुंचे तो देखा कि शिवलिंग के ऊपर भगवान की प्रतिमा नजर आ रही है। जैसे-जैसे लोग मंदिर में पूजा करने आते गए, वैसे ही वह भगवान प्रतिमा के दर्शन करते गए। वर्तमान में मंदिर में भारी संख्या में भीड़ उमड़ी पड़ी है और वह भगवान भोलेनाथ से अपनी मनोकामना मांग रहे हैं और पूजा अर्चना कर रहे हैं।

### जंगल में कांबिंग कर ग्रामीणों को सीओ ने दिए निर्देश

**सोनभद्र।** मंगलवार को क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र घोरावल के पेड़ ग्राम क्षेत्र तथा भैसवार ग्राम क्षेत्र में सघन कांम्बिंग अभ्यास किया गया। क्षेत्राधिकार अमित कुमार ने बताया कि एंटी नक्सल कांम्बिंग अभ्यास के दौरान डेढ़ सेक्शन पीएससी पुलिस उम्भा एवं अपराध निरीक्षक मनोज कुमार थाना घोरावल के साथ थाना पुलिस बल भी उपस्थित रहा। उपलब्ध पुलिस बल को एंटी नक्सल कांम्बिंग अभियान के महत्व एवं एंटी नक्सल गतिविधियों से अवगत कराया गया तथा साथ ही साथ स्थानीय लोगों से भी जनसंवाद एवं विश्वास बहाली के तहत बातचीत किया गया। संबंधित मौजूद ग्रामीणों को भी सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सरकार द्वारा चलाए गए टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई बताया गया कि कोई इमरजेंसी सेवाओं पर इन नंबरों का प्रयोग कर उसकी जानकारी दें जिससे की समस्याओं का निजात टूरी तोर पर किया जा सके महिला अपराध बाल अपराध सहित किसी भी मामले में महिला हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर और संबंधित थाना चौकी को भी सूचित करें।

**राजनीति** | बांसगांव लोकसभा क्षेत्र समेत देश में चल रही परिवर्तन की लहर

# बांसगांव लोकसभा क्षेत्र का विकास करना ही सपना: ई. विरेन्द्र भारती

समृद्धि न्यूज, गोरखपुर

- भाजपा की जन विरोधी नीतियों से जनता त्रस्त, चल रही परिवर्तन की लहर
- 2024 लोकसभा चुनाव में तेजी से दौड़ेगी साइकिल, जीतेगी यूपी की सभी 80 सीटें



गोला गोरखपुर। समाजवादी पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव ई0 विरेन्द्र भारती ने कहा कि भाजपा की जन विरोधी नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है। खोखले दावों और झूठ के पुलिंदो पर ही भाजपा सरकार चल रही। भाजपा की जन विरोधी नीतियों से आजिज जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। और बांसगांव लोकसभा समेत पूरे देश में परिवर्तन की लहर चल रही। 2024 लोकसभा चुनाव में यूपी की सभी 80 सीटों पर साइकिल दौड़ेगी।

उक्त बातें समाजवादी पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव ई0 विरेन्द्र भारती ने उपनगर गोला के तहसील चौक स्थित बैंक्वेट हाल में कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान को कमजोर कर रही है। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। और लोकतंत्र बचाने के लिए भाजपा को हटाना जरूरी है, तभी बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का संविधान बच सकेगा। संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा। जातीय जनगणना होगी तभी समानुपातिक ढंग से सबको हक और सम्मान मिल सकेगा। लोकतंत्र, समाजवाद और पंथनिरपेक्षता की तभी गारंटी होगी। जनता के आगे भाजपा कोई ताकत नहीं। पीडीए के दम पर भाजपा को यूपी के सभी 80सीटों पर शिकस्त देंगे। उन्होने कहा कि भाजपा के खोखले दावों का सबसे बड़ा उदाहरण बांसगांव लोकसभा क्षेत्र है। जहां सर्वाधिक बार भाजपा ने प्रतिनिधित्व किया है। लेकिन फिर भी बांसगांव लोकसभा क्षेत्र विकास से अछूता रह गया। वर्तमान सांसद भी खोखले दावों के दम पर लगातार तीन बार से क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहें। बावजूद इसके इस क्षेत्र पर लगे पिछड़ेपन का ठप्पा नही हटा सके। यहां के कस्बों-चौराहों पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। क्षेत्र में रोजगार के अभाव में युवा पलायन को मजबूर है।

गरीब, किसान, नौजवान, दलित, शोषित, पिछड़े वंचित समेत समाज का हर तबका भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त होकर परिवर्तन का मन बना चुकी है। 2024 लोकसभा चुनाव में बांसगांव समेत यूपी की सभी 80 सीटों पर पीडीए के दम पर साइकिल भारी बहुमत से जीतेगी। पूर्व जिपसं घनानंद यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी गरीबों, नौजवानों, किसानों और महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए लड़ रही है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के बिना समाज में न सद्भाव रहेगा और न विकास का रास्ता प्रशस्त होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता देश में परिवर्तन करेगी। समाजवादी पार्टी पीडीए भाजपा को उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर हरायेगा। समाजवादी पार्टी की सरकार के समय हुए कामों का ही वह उद्घाटन और शिलान्यास कर रही है। जो निर्माण कार्य समाजवादी सरकार में हुए उन पर अपने नाम के ठप्पा लगाने से बाज नहीं आ रही है। लेकिन जनता सब जान रही। और 2024 लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को हराकर उसे सबक सिखाएगी।

# गायत्री ज्ञान मंदिर में हुआ कार्यशाला का आयोजन

- विचार की शक्ति के महत्व को समझाया

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**रवींद्र तिवारी** वरिष्ठ गायत्री परिजन तपोभूमि मथुरा के द्वारा जीवन प्रबन्धन विषय आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रतिपादन करते हुए परमपूज्य गुरुदेव के विचारों से शारीरिक एवं मानसिक विकास से समृद्धि की प्राप्ति हेतु वैज्ञानिक विवेचन से व्यवहारिक प्रस्तुति में दुनियां की सबसे बड़ी शक्ति विचार की शक्ति के महत्त्व को बताया गया।

कार्यशाला में अपने विचार रखते हुये रवीन्द्र तिवारी ने कहा कि यदि व्यक्ति विचारों से शारीरिक एवं मानसिक विकास से समृद्धि को प्राप्त करने की क्षमता विकसित कर लेता है। यही कारण है कि आज दुनियां में सबसे बड़ी विचार की शक्ति मानी जाती है। यदि हमारे विचार सही होंगे तो नि निश्चित रूप से विचार शक्ति भी ज्यादा होगी। कार्यशाला में डॉ. प्रवीण जादौन, दुर्गा, धर्मेंद्र जैन, सुदामा, सत्यनारायण, मुकेता सिंह, नीरज सिंह नदीगांव, सखी कलस्टर लेवल फ्रेडरेशन एट की सचिव जुलेखा बानो और कु. रूबी अकाउंटेंट समूह सखी चित्रलेखा, हैल्थ सखी शिल्पा तिवारी, नीती राजपूत, गायत्री परिजन शैलेन्द्र गुप्ता, नेहा गुप्ता, वीना गुप्ता, रामरतन दुबे, मंजू दुबे, कर्मक्षेत्र अवस्थी, रीता, अनिल, मनीष आदि दर्जनों प्रतिभागी की सक्रिय उपस्थिति हुई। कार्यशाला का आयोजन युवा मंडल और महिला मण्डल द्वारा गायत्री ज्ञान मन्दिर उरई में सकुशल संपन्न किया गया।

# पुलिस टीम पर हमले में घायल सिपाही की हुई मौत

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

- बदमाशों ने की 30 राउंड फायरिंग
- सिपाही की उपचार के दौरान अस्पताल में हुई मौत
- मौके पर आकर पुलिस अपर महा निर्देशक व पुलिस महा निरीक्षक ने किया घटनास्थल निरीक्षण

**बिशनगढ़ क्षेत्र** में पुलिस टीम पर हमले में बदमाशों की गोली से घयाल सिपाही की मौत हो गई है। पुलिस टीम हिस्ट्रीशीटर के गांव धरनीधरपुर घर पर दबिश देने गई थी। उसी समय बदमाशों ने हमला कर दिया।फायरिंग में एक सिपाही घायल हो गया,जिसकी इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गई। सिपाही के शव को कानपुर से कन्नौज लाया जा रहा है। पुलिस लाइन ग्राउंड पर शहीद सिपाही को सलामी दी जाएगी। पुलिस टीम हिस्ट्रीशीटर अशोक यादव उर्फ मुन्ना के घर दबिश देने पहुंची थी।पुलिस टीम पर अशोक यादव ने फायरिंग शुरू कर दी थी। इसने भागने की कोशिश की,लेकिन पुलिस ने कड़ी नाकेबंदी कर रखी थी। लगभग दो घंटे की कार्रवाई के बाद पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अशोक यादव उर्फ मुन्ना और उसके बेटे को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों के पैर में गोली लगी है।

बता दें कि पूरा मामला बिशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धरनी धरपुर नगरिया का है। यहां सोमवार शाम 5 बजे थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ हिस्ट्रीशीटर अशोक यादव उर्फ मुन्ना के घर पहुंचे थे। उसी समय अशोक यादव और उसके बेटे ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक गोली कॉन्स्टेबल सचिन राठी को लग गई और वह वहीं गिर गया। उसे इलाज के लिए सौसैया अस्पताल ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार देकरकानपुर के लिए रेफर कर दिया गया भर्ती कराया गया लेकिन उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



शहीद सिपाही का नाम सचिन राठी है। सचिन राठी मुजफ्फरनगर जिले के सदबार का रहने वाला था। 2019 बैच में सचिन की भर्ती यूपी पुलिस में हुई थी। इस घटना के बाद पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।सचिन की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।महकमे में भी शोक की लहर है। दो महीने बाद फरवरी में सचिन राठी की शादी होनी थी,लेकिन उससे पहले घर में मातम पसर गया,जिस समय अस्पताल से सचिन का शव बाहर निकला, उनकी मंगेतर भी वहां मौजूद थीं। रोते-बिलखती सचिन की मंगेतर को किसी तरह घरवालों ने संभाला।वह बार-बार शव वाहन में बैठने की जिद कर रही थी।बाद में परिजन उन्हें दूसरी कार में बैठाकर ले गए। माहौल बेहद भावुक कर देने वाला था।वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। सचिन कुल तीन बहन-भाई हैं।एक छोटी बहन है जबकि एक बड़ा भाई है।पिता खेती-किसानी करते हैं। बताया जा रहा है कि सचिन की मंगेतर भी सिपाही है और सौरिख थाने में तैनात है। मैं थाना बिशुनगढ़ के गांव धरनी धरपुर नगरिया में देर शाम को घटना स्तर पर कानपुर अपर पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर जॉन कानपुर प्रशांत कुमार व वरिष्ठ वरिष्ट पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक सहित घटना स्तर पर जाकर निरीक्षण किया आरोपी का छठ के ऊपर चढ़कर सभी आला अधिकारियों ने चारों तरफ घूम घूम कर घटना का निरीक्षण किया।

# एडीजी, आईजी, डीएम और एसपी ने शहीद सिपाही सचिन को दी श्रद्धांजलि

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**सोमवार** की शाम थाना विशुनगढ़ क्षेत्र के ग्राम धरनी धीरपुर नगरिया में हिस्ट्रीशीटर मुन्ना यादव को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हुए हमले में सिपाही सचिन राठी की मौत हो गई। मंगलवार को एडीजी आलोक कुमार और आईजी प्रशान्त कुमार कन्नौज स्थित पुलिस लाइन पहुंचें। एडीजी, आईजी और डीएम एसपी समेत पुलिस अधिकारियों ने शहीद सचिन राठी को राजकीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी। जिसके बाद पार्थिव शरीर को परिजनों के साथ उनके पैत्रक निवास भेजा गया। इस दौरान एडीजी आलोक कुमार ने कहा कि आरक्षी सचिन राठी ने दुर्दांत अपराधी अशोक यादव उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार करने में अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस





दु:खद पल में हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतृप्त परिजनों को इस अपूर्णनीय क्षति को सहने की शक्ति मिले। उन्होने कहा कि इस घटना में लिप्त अपराधियों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही फास्ट ट्रैक कोर्ट से सजा सुनिश्चित कराई जाएगी।

# खेत के बीचोबीच सीसीटीवी कैमरे से लैस है आलीशान मकान

- हिस्ट्रीशीटर बदमाश के पास कहां से आई रकम
- अंदर से पुलिस की गतिविधियां देखकर कर रहा था फायरिंग हिस्ट्रीशीटर

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**आरोपी हिस्ट्रीशीटर** बदमाश अशोक ने गांव के बाहर खेत में आलीशान बिल्डिंग बनवा रखी है जिसमें चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं कि घर के अंदर से वह सारी गतिविधियों को देख रहा था पुलिस की माने तो जिस तरफ भी टीम का मोमेंट होता है वह उसी तरफ गोली चल रहा था मुन्ना यादव का क्षेत्र में इतना दबदबा है कि उसके खिलाफ कोई भी मुंह खोलने की हिम्मत नहीं करता था इस आरोपी का राजनीति में भी काफी अच्छा दखल था इसके चलते तमाम मुकदमे के बाद भी वह बाहर घूमता रहा और पुलिस ने जब दबाव बनाने की कोशिश की उसने उल्टा पुलिस पर हमला कर दिया सोमवार को जब पुलिस पहुंची तो उसने सीसीटीवी में देख लिया और अलर्ट हो गया इसके बाद उसने घर के अंदर से टीम पर टावर तो फायरिंग कर दी पुलिस और गांव वालों की माने तो गांव के अंदर उसके दो बेटे और पत्नी भी मौजूद है जैसे-जैसेरात बढ़ रही थी पुलिस दावों के साथ घेराबंदी करती रही पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के नेतृत्व में सभी उसे अधिकारी कई थानों की फोर्स के साथ देर रात तक डटे रहे घेराबंदी कार रही बाप बेटों ने फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की और मरमेड में दबोचा गए उसका क्षेत्र में काफी रसूल है वही गांव में दहशत फैली हुई है।

## पूरे क्षेत्र में फैली दहशत

धरनी धरपुरनगरिया गांव में पुलिस और हिस्ट्री सीटर के बीच फायरिंग से पूरे इलाके में दहशत फैल गई धरनी धरपुर नगरिया ही नहीं आज पड़ोस के गांव के लोग घरों में डूबते रहेशुरुआत में आसपास काफी संख्या में भीड़भाड़ हो गई थी लेकिन रात तक लोग अपने घरों में चले गये

## अपने भाई की हत्या का बदला लेने में बना हिस्ट्रीशीटर बदमाश

धरणीधरपुर नगरिया निवासी हिस्ट्रीशीटर बदमाश अशोक कुमार उर्फ मुन्ना यादव के भाई अनिल उर्फ गुड्डू की 25 साल पहले 1998 में हत्या कर दी गई थीउसके बदले में मुन्ना यादव ने अगस्त 2002 में गांव के ही एक व्यक्ति की हत्या की थी और फिर 5 वर्ष बाद 2007 में भी एक हत्या का मामला प्रकाश में आया 1999 में उसे पर पुलिस की राइफल लूटने का आरोप लगा था बिशनगढ़ थाने में उसकी हिस्ट्री सीटर नंबर 40 ए है उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# प्रभु यीशु का जन्म बड़ी धूमधाम से मनाया गया

- सेंट पाल स्कूल में हुआ कार्यक्रम
- कैथोलिक चर्च में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस पर्व

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**ललकापुर** में गांव स्थित कैथोलिक चर्च में सजावट की गई प्रार्थना सभा के बाद के काट कर प्रभु यीशु का जन्म महोत्सव मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई परिसर में झांकियां भी सजाई गई प्रार्थना सभा भी हुई जिसमें फादर संतोष सेलेरिटन ने कहा कि प्रभु यीशु ने जीवन पर्यंत मानवता की शिक्षा दी मानवता की रक्षा के लिएउन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया प्रार्थना के बाद प्रभु यीशु के जन्मदिवस पर आधारित कई नाटक भी प्रस्तुत किए गए सेंट पॉल स्कूल में की झांकियां का आकर्षण का केंद्र रहाइसे देखने के लिए एस्प्रोस के गांव सहित शहर के लोगों का चर्च में रात के समय भी आना-जाना लगा रहा। मौके पर सिस्टर असिन सिस्टर रोकना सिस्टर लिस विनीशराजी जीवन मनोज कुमार रमेश चंद राजीव कुमार रानी पुष्पा जितेंद्र कुमार कुसुम विमल कुमार पाल आदि लोग मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## घर पर फांसी के फंदे पर लटका मिला पेंटर का शव परिवार में मचा कोहराम



**छिबरामऊ कन्नौज।** काशीराम कॉलोनी में एक पेंटर का शव कमरे में झूलता हुआ मिला घटना की सूचना मोहल्ले वासियों ने सौसैया अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ करने के बाद शब का पंचनामावर के परिवार को सौंप दिया। काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 37 निवासी तस्लीम उम्र 30 पुत्र चुना पेंटर था मृतक के दो बच्चे नाबालिक व पत्नी को रोता पिघलता छोड़ गया।

## ससुराल से जेवर व नगदी ले जाने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवक ने कोर्ट के आदेश पर घर में रखी नगदी व जेवर ले जाने का आरोप पत्नी सहित उसके परिजनों पर लगाया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। नगर के मोहल्ला मुजाहिद नगर निवासी राजन गुप्ता पुत्र सुरेश चंद्र गुप्ता ने कोर्ट के आदेश पर स्थानीय कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे कहा है कि 10 दिसंबर की सुबह 09 बजे उसकी पत्नी अनुष्का, साला अमित, शिवम, हर्षित और रजत उसके घर से मां के सोने चांदी के जेवरात एवं 02 लाख रूपये की नगदी लेकर फरार हो गए। जब उसे इस बात की जानकारी हुई तो उक्त लोगों ने नंगापुरवा निवासी अनिल गुप्ता सुनील गुप्ता और मंजू के सहयोग से उसके साथ अभद्रता कर दी और जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मां-बेटे से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुराने विवाद को लेकर गांव के युवकों ने महिला से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र ग्राम मझपुर्वा निवासिनी अनीता पत्नी हरिओम ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि सोमवार की देर शाम करीब 08 बजे गांव के ही उमाशंकर, रमाशंकर पुत्र चंद्रपाल उसके दरवाजे पर आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा बचाने आए पीड़िता के पुत्र सनी से भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## देशी शराब सहित युवक को दबोचा, मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराध नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 18 देशी शराब के क्वार्टर सहित एक युवक को धर दबोचा। जिसके बाद युवक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। उच्चाधिकारियों के निर्देशन व कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत गश्त कर रहे कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक आशीष कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर जलालाबाद से तिलपई जाने वाली रोड के पास से एक युवक को 18 देसी शराब के क्वार्टर सहित पकड़ लिया। पुलिस हिरासत में युवक ने अपना नाम अकरम पुत्र वाहिद अली निवासी जलालाबाद बताया। इसके बाद उस पर आवकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर बांटे गए कंबल



मरीजों को कंबल वितरित करते डॉक्टर — समृद्धि न्यूज

- 20 मरीजों की आंखों का हुआ निशुल्क ऑपरेशन

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नगर के** एक निजी अस्पताल में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस पर निशुल्क आंखों का ऑपरेशन किया गया और मरीजों को कंबल वितरण किए गए। इसके बाद दवाइयां एवं चश्मे भी दिए गए। नगर के फर्रुखाबाद रोड पर स्थित अमन हॉस्पिटल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस पर ब्राह्मण महासभा सेवा समिति के तत्वाधान में निशुल्क आंखों का ऑपरेशन किया गया। इस दौरान 56 मरीज का चेकअप किया गया। जिसमें से 20 मरीजो का ऑपरेशन भी हुआ और दवाइयां व चश्मा एवं कंबल फ्री वितरण किया गया। इस मौके पर नेत्र चिकित्सक डॉक्टर निशित भट्ट, डॉक्टर शरद दुबे, डॉक्टर गयासुद्दीन, गौरव, रब्बानी, रामसिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में सैनिक को मारी गोली

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**जिले के** एक गांव में रहने वाले सैनिक को गोली मार दी गई। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां से डाक्टरों ने उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। पुलिस हमलावर की तलाश कर रही है। बताया गया कि दोनों के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। घटना तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गपचरियापुर गांव की है। जहां के रहने वाले संजय कुमार भारत-तिब्बत सीमा पुलिस में सैनिक के पद पर तैनात हैं और वर्तमान में उनकी ड्यूटी दिल्ली में थी। यहां से वह 1 महीने की छुट्टी लेकर अपने गांव आए थे। संजय ने कुछ दिन पहले जमीन खरीदी थी। यहां रकवा कम-ज्यादा को लेकर उनका गांव के ही एक व्यक्ति से विवाद चल रहा था। 1 दिन पहले विवाद निपटारे को लेकर दोनों पक्षों में पंचायत चलती रही। लेकिन देर शाम तक पंचायत में कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका। जिसके बाद दोनों पक्ष अपने-अपने घरों में चले गए। रात 9 बजे के बाद संजय के मोबाइल पर एक कॉल आई और उसने संजय को घर के बाहर बुलाया। फोन कट कर के संजय घर के बाहर निकल कर सड़क पर पहुंच गए। तभी किसी ने उन पर पहले चाकू से हमला किया और फिर जान से मारने की नीयत से सीधा फायर कर दिया। गोली संजय के पेट में जाकर लगी। जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। फायरिंग की आवाज सुनकर परिजन जब तक वहां पहुंचे, तब तक हमलावर भाग निकले। आनन-फानन में घायल संजय को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। सैनिक के गोली लगने की सूचना मिलते ही तिर्वा कोतवाली पुलिस गांव पहुंच गई और मामले की पड़ताल शुरू कर दी। हालांकि मंगलवार सुबह तक हमलावरों को पकड़ा नहीं जा सका। सीओ तिर्वा ओमकारनाथ शर्मा ने बताया कि आरोपों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही हमलावरों को पकड़ लिया जाएगा।



# पूर्णिमा पर देव दरबार आश्रम में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

- अनुयायियों को दिया राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने और धूम्रपान से दूर रहने का संदेश

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज



**देव दरबार** आश्रम में मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा पर्व पर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मंगलवार को पूर्णिमा पर्व पर देव दरबार आश्रम में आयोजित वार्षिकोत्सव पर हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आश्रम के अध्यक्ष व प्रमुख से आशीर्वाद प्राप्त किया। गुगरापुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम करीमपुर स्थित देव दरबार आश्रम में आस पास क्षेत्र और बाहर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने आश्रम पहुंच कर फूल और फूल मालाएं समर्पित करते हुए सम्मानितों की समाधि पर अपना सिर झुकाते हुए उन्हे नमन किया। जन सभा के रूप में उपस्थित समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने आश्रम के अनुयायियों को देश निर्माण करने में सहयोगी बनने हेतु सक्रिय रहने की अपील की। उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर में होने बाली प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सभी से अपने अपने घरों पर दीप प्रज्वलित करने के लिए कहा। आश्रम के प्रमुख देवनारायण उर्फ बड़े भैया सहित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत वंदन और अभिनंदन किया गया। अध्यात्म चर्चा के दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित अपने अनुयायियों को संबोधित करते हुए आश्रम के अध्यक्ष और प्रमुख देव नारायण उर्फ बड़े भैया ने कहा कि आश्रम से जुड़े सभी व्यक्ति शुद्ध शाकाहारी जीवन जीते हुए धूम्र पान,मद्यपान,अथवा किसी अन्य उत्तेजक और मादक वस्तुओं और पेयों से बचकर रहें। उन्होंने समाज कल्याण राज्य मंत्री द्वारा की गई अपील का अनुसरण करने का भी आवाहन किया। इस दौरान आश्रम के अध्यक्ष देव नारायण उर्फबड़े भैया, जीवेंद्र नारायण, भागवताचार्य पंडित सुभाष चंद्र पाठक, चंद्र प्रकाश, अजय यादव एडवोकेट, मोरपाल सिंह सहित आदि रहे।

# वीर बाल दिवस पर जिले भर में आयोजित हुए कार्यक्रम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसंम्बर को वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। प्रदेश संगठन के आवाहन पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के ततत्वाधान में जनपद के विभिन्न कॉलेजों व भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक 16 मंडलों में वीर बाल दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर परं सिखों के 10 वें गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की गौरव गाथा के बारे में बताया गया। जिला संगठन द्वारा ग्राम उदैतापुर स्थित बिट्टी देवी इंटर कॉलेज में आयोजित हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे सांसद सुब्रत पाठक व उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने वीर शहीदों की गाथा को बताया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि वीर बाल दिवस की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री मोदी ने की। कहा कि कई सरकारें आई और गई पर किसी ने वीर शहीदों को






सम्मान देने का काम नहीं किया। देश के मोदी जी ने 9 जनवरी 2022 को गुरु गोविंद सिंह प्रकाश वर्ष के दिन मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में घोषणा की दोनों साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत कि स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि दोनों शूरवीरों ने हंसते-हंसते मौत को गले लगा लिया लेकिन मुगलों के आगे घुटने नहीं टेके और मुस्लिम धर्म स्वीकार करने से मना कर दिया। मंत्री असीम अरुण ने अपने सम्बोधन में कहा कि वीर शहीद जोरावर सिंह व फतेह सिंह ने अदम्य साहस का परिचय दिया और मुगल शासक के आगे झुके नहीं और अपने प्राण न्यौछावर कर दिए ।अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।. यह उनकी कहानियों को याद करने का भी दिन और यह जानने का भी दिन है कि कैसे उनकी निर्मम हत्या की गई।इस अवसर पर यहां लगी प्रदर्शनी का सांसद सुब्रत पाठक व मंत्री असीम अरुण ने देखां। जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप मनाया जाता है. इस दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटों - अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, और फतेह सिंह की वीरता और बलिदान को याद किया जाता है। इन दोनो अमर शहीदो के शौर्य और पराक्रम के आगे उम्र की कोई बाधा नहीं आई और वह छोटी उम्र में ही हम सबको बड़ी सीख देखकर इस दुनिया चले गए और अपने धर्म से विमुख होना स्वीकार नहीं किया । वीर बाल दिवस कार्यक्रम के अवसर पर पार्टी कार्यकर्त्ता सहित स्कूलों की प्रबंधन समित व स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# यीशु के जन्मदिवस पर चर्च में हुआ सेलीब्रेशन

- केक काटकर धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन
- तीन बच्चों का हुआ वफ्तीसवां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



बच्चों का वफ्तीसवां देते पादरी जयपाल मैसी समृद्धि न्यूज



रखा चर्च में सेल्फी के साथ सेलीब्रेशन करतीं युवतियां

**क्रिसमस-डे के** उपलक्ष्य में मसीह समाज द्वारा गिरजाघरों में प्रार्थना के साथ क्रिसमस सेलीब्रेशन का आयोजन हुआ। बड़े दिन के उपलक्ष्य में बीते एक माह से चल रहीं प्रार्थनाओं के दौर में 25 दिसंबर को सीएनआई चर्च बढ़पुर, आल सोल्स चर्च फतेहगढ़, सीएनआई रखा चर्च, सीएनआई सिटी चर्च व क्राइस्ट चर्च फतेहगढ़ में प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन पर आराधना का आयोजन हुआ। पादरी जयपाल मैसी ने बाइबिल का संदेश पढ़कर सुनाया- उन दिनों में औगुस्तुस कैसर की ओर से आज्ञा निकली कि सारे जगत के लोगों के नाम लिखे जायें। यह पहली नाम लिखायी उस समय हुई जब किबरीनियुस सीरिया का हाकिम था। सब लोग नाम लिखवाने के लिए अपने-अपने नगर को गये। युसुफ भी इसलिए कि वह दाऊद के घराने और वंश का था। गलील के नासरत नागर के यूहूदिया में दाऊद के नगर बेहतलम को गया। उनके वहां रहते हुए उसने अपनी मंगेतर मरियम के साथ जो गर्भवती थी उसका नाम लिखवाया। वह अपना पहलौता पुत्र जनी और उसे कपड़े में लपेटकर चरनी में रखा। उसके लिए सराय में जगह थी। सर्वदूतों द्वारा चरवाहों को संदेश दिया गया और परमेश्वर ने 24 दिसंबर की रात 25 दिसंबर को यीशु के नाम से जन्म लिया। आकाश में परमेश्वर की महिमा और पृथ्वी पर उन मनुष्यों में प्रसन्नता हुई और शांति का पैगाम दिया। पादरी जायपाल मैसी ने वफ्तीसवां तीन बच्चों का किया। जिसमें डियाना आदित्य सहाय, अभिजीत एडवर्ड व क्रिस्टल जार्ज ने वफ्तीसवां लिया। सभी ने प्रार्थना सभा में भाग लिया और देर रात केक काटकर प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन मनाया और उनके बताये गये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रियंका मैसी, विनीता सिंह, सुषमा लाल, भावना लाल, शशी सिंह, आदित्य रोहित सहाय, विजय दयाल, जोर्डन राज, राजीव के.लाल, सुनील विक्टर, ऐस्तर रोज दयाल, अनुराग मल्ल, अनिल प्रसाद, अंजू मल्ल, वहीं आल सोल्स चर्च में आर.के. सिंह, विशाल धनी, अमित कुमार, रोजीशन विश्वासी, रोहितानी विश्वासी, अभिषेक मसीह, एकता मसीह, माया मैसी, सुमन, सचिन मसीह आदि लोग मौजूद रहे। रखा चच में जयवंत सनी, आर फ्लोमर, सुरेंद्र पाल, सनी हिल्स, किशन पॉल, मैरिस पीटर, अनीता पीटर, फराह, सविता एरिस मौजूद रहे। वहीं सिटी चर्च में मुकेश डेविड, रंजीत मैसी, अभिषेक, सुनील मैसी, अंकिता मसीह, अरुनचंद्र, रोनितिका लाल मौजूद रहीं। देर शाम चर्च कम्पाउण्ड के मैदान पर मेले का लोगों ने लुत्फ उठाया।

# मामा को बुलाने जा रहे बाइक सवार भांजे की सड़क हादसे में मौत



रोते बिलखते मृतक के परिजन समृद्धि न्यूज

- घने कोहरे के कारण घटी घटना, पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**संकिसा, समृद्धि न्यूज**



मृतक की फाइल फोटो

**मंगलवार सुबह** मामा को बुलाने जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

मंगलवार सुबह समय करीब 8.30 बजे मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव कुरार निवासी युवक धीरेन्द्र प्रताप सिंह उम्र 25 वर्ष पुत्र नरेश चन्द्र पाल अपने घर से बाइक पर सवार होकर अचरा से अपने मामा हरिओम पाल निवासी ग्राम चौडियाई पोस्ट गंजडुंडवारा जनपद कासगंज को बुलाने जा रहा था, कि तभी घने कोहरे में अचरा सराय अगहत मार्ग पर गणेशपुर चौराहे के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक धीरेन्द्र प्रताप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। अज्ञात चालक मौके से वाहन भगा ले गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजनों ने मौके पर पहुंचकर युवक के शव पर विलाप करने लगे। जानकारी मिलते ही मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह व अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक धीरेन्द्र प्रताप सिंह अपने भाई अरुर्णेद्र कुमार पाल व अर्जेंद्र से छोटा व बहन दीक्षा से बड़ा था। धीरेन्द्र प्रताप सिंह अविवाहित था। घटना के बाद से माता शारदा देवी, पिता नरेश चंद्र पाल आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना में मौत का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है।

# ओवर स्पीड में पकड़े गए 47 वाहन




वाहनों की गति को मापता इंटरसेप्टर वाहन समृद्धि न्यूज

- परिवहन कार्यालय में किया गया चालकों को जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा इंटरसेप्टर के माध्यम से छिबरामऊ मार्ग तथा कायमगंज मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया गया। दो दिन में परिवहन विभाग की टीम ने 47 वाहनों को निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करते हुए पकड़ा तथा उनका चालान किया। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी रजनेश कुमार द्वारा स्वयं भी वाहनों की गति को इंटरसेप्टर के माध्यम से मापा। यह इंटरसेप्टर वाहन परिवहन विभाग फर्रुखाबाद को कानपुर परिक्षेत्र द्वारा दिसंबर माह में 2 दिन के लिए सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत उपलब्ध कराया गया है। परिवहन कार्यालय में चालकों हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चालकों को संबोधित करते हुए एआरटीओ प्रशासन वी0एन0 चौधरी द्वारा सभी से मार्ग पर संवेदनशील होकर वाहन चलाने एवं सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन करने की अपील की गई। अपने संबोधन में उनके द्वारा दुर्घटना के उपरांत पीड़ित परिवार को होने वाले कठिनाइयों का एहसास कराया गया एवं सभी से जीवन भर मार्ग पर दुर्घटना न करने का आश्वासन मांगा। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने चालकों को बताया की दुर्घटनाएं की जाती हैं अपने आप नहीं होती। हम सड़क पर वाहन को तीव्र गति से चलाकर, नशा, नींद अथवा तेज रफ्तार की स्थिति में वाहन को चलाकर दुर्घटना होने की संभावना को कई गुना बढ़ा देते हैं। इसी कारण दुर्घटना कारित होती हैं। यातायात प्रभारी रजनेश कुमार द्वारा भी चालकों को संबोधित किया गया और उन्हें सड़क सुरक्षा के सभी नियमों से अवगत कराया गया।

# शेखपुर मेले में व्यवस्था दुरुस्त कराने को कमेटी के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



एडीएम को ज्ञापन सौंपते शेखपुर मेला कमेटी के सदस्य समृद्धि न्यूज

**ऐतिहासिक 699वें** उर्स मखदूम मेला शेखपुर की व्यवस्थाओं के संबंध में कमेटी के लोगों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति को सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि हजरत शेख मखदूम महमूद बुर्राक शाह लंगरजहां रहमुतुल्ला अलैह का 699वां उर्स मखदूम मेला शेखपुर में 26 दिसंबर से शुरु हो रहा है। जो 02 जनवरी तक चलेगा। मेले के मुख्य आयोजन 31 दिसंबर से 01 जनवरी तक होंगे। उपरोक्त ऐतिहासिक मेले में 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है। मेले का मुख्य आकर्षण शेख मखदूम के अनुयाइयों की छड़ियों और पीर जी का डोला भोजपुर चिल्लागाह से शेखपुर दरगाहे मखदूमिया पर हजारों अनुयाइयों द्वारा सुरक्षा में लाया जाता है। वहीं दरगाह मखदूमिया को सरकार द्वारा पेंशन भी प्राप्त होती थी। जो वर्तमान सज्जादानशीन से पूर्व सज्जादानशीन के इंतकाल के बाद नवीनीकृत हो सकी। सज्जादानशीन की सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक को उर्स और मेले में पर्याप्त पुलिस बल मुहैया कराये जाने के संबंध में ज्ञापन दिया जा चुका है। साथ ही मंडल रेल प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर बरेली तथा स्टेशन मास्टर कमालगंज व फतेहगढ़ को मेले के अवसर पर 1 जनवरी से 2 जनवरी तक रेलवे क्रासिंग गेट संख्या 138 सी पर कमालगंज एवं फतेहगढ़ की ओर से आने जाने वाली गाड़ियों की गति धीमी व रुक-रुककर गुजारी जायें। जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके, क्योंकि पिछली बार पीर जी का डोला निकलने के समय एक्स्प्रेस ट्रेन रेलवे क्रासिंग गेट संख्या 138 सी पर फुल स्पीड से गुजरी थी। जिससे दुर्घटना होते-होते बची थी। इसके साथ ही मेले में सफाई व्यवस्था के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा निर्देशित किया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई सफाईकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा है। ज्ञापन देने के दौरान भुवन बरतरिया, अनस सिद्दीकी, मोहसिन शमसी, बिल्लू श्रीवास्तव आदि कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## घने कोहरे में बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, दो घायल

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** थाना मेरापुर के सामने जनपद एटा थाना नयागांव क्षेत्र के ग्राम नगला सिमरा निवासी आशीष पुत्र गिरीश चंद्र तथा कस्बा मेरापुर निवासी संतोष मिश्र पुत्र स्व0 विद्यासागर मिश्र की बाइकों में घने कोहरे के कारण आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे दोनों घायलों के स्वजन उन्हें इलाज के लिए सराय बाजार स्थित एक नर्सिंग होम ले गए। इलाज कराने के बाद दोनों लोग थाने में बिना सूचना दर्ज कराए अपने-अपने गांव चले गए।

# अटल बिहारी बाजपेई का जन्म दिवस सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया

- जिला जेल अधीक्षक ने पत्नी के साथ गौशाला पहुंचकर कैदियों द्वारा बनाये गये 100 नग काऊ कोट गायों को पहनाकर गुड चना खिलाकर की गौसेवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




गऊ सेवा करते जिला कारागार अधीक्षक भीमसैन मुकुंद आदि

**जिलाधिकारी** संजय कुमार सिंह के निर्देश पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और उत्साहवर्धन से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस पर मनाए जा रहे सुशासन दिवस पर जेल में कटे फटे पुराने कंबलों से कैदियों द्वारा बनाए जा रहे काऊ कोट बसेली गांव स्थित गौशाला में रह रहे गौवंश को सर्दी से बचाने के लिए 100 नग काऊ कोट गायों को पहनाकर गुड चना खिलाकर जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने पत्नी कल्पना मुकुंद के साथ मिलकर गौसेवा की गई। जेल अधीक्षक ने बताया कि आज सुशासन दिवस पर निःस्वार्थ सामाजिक कार्यो के अंतर्गत सपत्नीक गौसेवा की गई। जेल अधीक्षक ने बताया कि गौसेवा करके उन्हे खुशी और आत्मीय संतोष मिलता है, साथ ही उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जब से उनके गौ-सेवा कार्य का उल्लेख अपने मन की बात कार्यक्रम में निःस्वार्थ सेवा भाव से गौसेवा किए जाने के निमित किया गया है, तब से निरंतर वह इसी प्रकार गौसेवा कर रहे है।

# उच्च न्यायालय के आदेश से कार्यरत तदर्थ शिक्षकों का वेतन रोकने पर होगी अवमानना की कार्यवाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**वर्ष 1993** से 2000 के मध्य नियुक्त तदर्थ शिक्षकों को हटाने के शासनादेश 9 नवंबर 2023 के विपरीत प्रदेश के कई जिलों में डीआईओएस द्वारा वर्ष 1993 से पूर्व नियुक्त तथा उच्च न्यायालय क अंतिम आदेश से कार्यरत एवं वेतन प्राप्त कर रहे तदर्थ शिक्षकों का भी वेतन रोकने की कार्यवाही का जा रही है।

जानकारी के मुताबिक उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अंतिम आदेश से प्रदेश में अनेक तदर्थ शिक्षक वर्ष 1993 से पूर्व के कार्यरत हैं तथा वेतन पा रहे हैं। उनके विनियमितीकरण की पत्रावली संयुक्त शिक्षा निदेशक को भेजी जा चुकी है, परन्तु विनियमितीकरण की कार्यवाही विभाग द्वरारा नहीं की गयी है, परन्तु ऐसे तदर्थ शिक्षकों के पक्ष में उच्च न्यायालय का अंतिम आदेश पारित है। जिसके तहत ही लगभग 25 वर्षों से अधिक समय से वह विधिवत कार्य कर रहे हैं तथा वेतन प्राप्त कर रहे हैं, ऐसे शिक्षकों की नियुक्ति भी 1993से पूर्व हुई है जो शासनदेश की समय अवधि में नहीं हैं। प्रदेश के कई जिलों में डीआईओएस एवं लेखाधिकारी द्वारा वर्ष 1993 से पूर्व नियुक्त तदर्थऔ शिक्षकों का भी वेतन रोकने की कार्यवाही की जा रही है। जबकि वह उच्च न्यायालय के आदेश से विधिवत कार्यरत हैं तथा वेतन पा रहे हैं। ऐसे शिक्षकों की नियुक्ति का अनुमोदन भी डीआईओएस द्वारा न्यायालय के आदेश के क्रम में कर दिया गया है तथा संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वारा वेतन भुगतान की अनुमन्यता भी न्यायालय के आदेश के क्रम में प्रदान की गयी है। सिविल मामलों (सर्विस मेटर) के जानकार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजेश गौर तथा अर्पण श्रीवास्तव का कहना है कि शासनादेश में स्पष्ट है कि वर्ष 1993 से 2000 के बीच नियुक्त विनियमितीकरण न होने वाले तदर्थ शिक्षकों को हटाया जाना है, परन्तु यदि 1993 से पूर्व नियुक्त तदर्थ शिक्षकों जो उच्च न्यायालय के आदेश से कार्यरत हैं और वेतन प्राप्त कर रहे हैं ऐसे शिक्षकों का वेतन रोकने वाले जिला विद्यालय निरीक्षक एवं वित्त लेखाधिकारी पर उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना में कोर्ट ऑफ कंटेम्ट (अवमानना) की कार्यवाही हो सकती है। जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग ने विनियमितीकरण से वंचित तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण किये जाने हेतु संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षकों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# खड़े ट्रक से टकराकर बाइक टेंपो से जा भिड़ी, एक की मौत, दूसरा घायल



दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीर व पुलिस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक से घर लौट रहे युवक की बाइक खड़े ट्रक से टकराने के बाद असंतुलित होकर टेंपो से जा भिड़ी। जिससे चालक की मौत हो गयी, जबकि पीछे बैठा युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी भेजा। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के गांव चांदनी निवासी मोनू कश्यप (19 ) पुत्र स्व विशुनदयाल कश्यप अपनी ननिहाल जेरापुर अल्लहगंज में बटाई पर खेती करता था। आज सुबह वह बाइक से घर चंदनी वापस आ रहा था, क्योंकि उसे अपनी बहन के लिए लड़का देखने जाना था। बघौना भट्ठा से पहले उसकी गाड़ी अज्ञात वाहन से टकरा गई। जिससे मोनू कश्यप व उसकी बाइक के पीछे लिफ्ट लेकर बैठा युवक ग्राम कोकापुर निवासी निरंजन (18) पुत्र लालू कश्यप गम्भीर रुप से घायल हो गये। घटना के बाद मौक पर राहगीर एकत्रित हो गयी और किसी ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहॉ डॉ0 गौरव राजपूत ने मोनू कश्यप को मृत घोषित कर दिया, जबकि निरंजन को भर्ती कर लिया। होश आने पर निरंजन ने बताया मोनू की बाइक कोहरे की वजह से पहले खड़े ट्रक में टकराई उसके बाद असंतुलित होने पर नवाबगंज की तरफ से तेजी से आ रहे हैं टेंपो से टकरा गयी। उसके बाद कुछ पता नहीं चला क्या हुआ। मृतक 6 भाइयों में तीसरे नंबर पर था। सभी भाई खेती किसानी करते हैं। मृतक की बहन वंदना के लिए आज संकिसा में लड़का देखने जाना था। मृतक की मां नन्हीं देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस में मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल निरंजन एक पेट्रोल पंप पर कर्मचारी है।

# भाजपा ने गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों की शहादत को किया याद, टेका माथा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



माथा टेंकते जिला प्रभारी विकास राजपूत आदि समृद्धि न्यूज

**सिखों के** दसवें गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों की शहादत दिवस को भाजपा जिला मुख्यालय पर वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित बौद्धिक जिला संगोष्ठी में सिख समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सिखों के दसवें गुरु गोविंद साहब के चार साहिबजादों की शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास वीर बलिदानियों से भरा हुआ है। सिख समाज के दसवें गुरु गोविंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। यह अवसर उन बच्चों की शहादत को याद करने का है। जिन्होंने जुल्म और अन्याय के खिलाफआवाज उठाकर अपने धर्म की रक्षा के लिए इस्लाम को कबूलना स्वीकार नहीं किया, बल्कि खुद को बलिदान कर दिया। कोई भी धर्म हिंसा की शिक्षा नहीं देता है। समाजसेवी व युवा भाजपा नेता विकास राजपूत ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने इतिहास को भुलाने का कार्य किया। कांग्रेस पार्टी ने इतिहास सिर्फ एक परिवार तक सीमित रखा। उन बच्चों की शहादत को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस घोषित करने का कार्य किया जो कि एक ऐतिहासिक निर्णय है। उन साहिबजादों के बलिदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता है।

भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा वीर बाल दिवस उन शहीदों को याद करने का दिन है। जिन्होंने राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दे दिया। आज सभी उनके बलिदान को याद कर रहे हैं। इस अवसर पर ज्ञानी गुरमुख सिंह एवं रानी सचदेवा ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के पश्चात जिला संगठन प्रभारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे के साथ समाजसेवी व युवा भाजपा नेता विकास राजपूत ने गुरुद्वारा में माथा टेंका। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने भी गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेंका। कार्यक्रम में मुख्य रुप से डीएन डिग्री कॉलेज पूर्व प्राचार्य के के0एन0 सचदेवा, हरविंदर सिंह सलूजा, गुरविंदर सिंह छाबड़ा. गुरविंदर सिंह लांबा, देवेंद्र कौर, रूमी छाबड़ा, आरपी मिश्र, गगन चतुर्वेदी, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष ममता सक्सेना, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मयंक सिंह बुंदेला, पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी राजपूत, अंकित तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# अखिलेश यादव की जनसभा के लिए विधानसभा अध्यक्षों को दिया गया पांच-पांच हजार कार्यकर्ता ले जाने का लक्ष्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी** पार्टी कार्यालय आवास विकास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 30 दिसम्बर के आगमन को लेकर जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि सभी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी 30 दिसम्बर को अलीगंज जनपद एटा में अखिलेख यादव की जनसभा होगी। जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचे। उन्होंने कहा कि आगामी 2024 में पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलानी है। जिसके लिए कार्यकर्ता जी-जान से मेहनत करें। लोकसभा प्रभारी डा0



बैठक को सम्बोधित डा0 नवल किशोर शाक्य — समृद्धि न्यूज

नवल किशोर शाक्य ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे। जिसके लिए फ्रंठल संगठन व पदाधिकारी लोगों से सम्पर्क कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भीड़ ले जाये। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह यादव व सर्वेश अम्बेडकर ने विचार रखे। चारों विधानसभा के अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत, नरेंद्र यादव, सोमेंद्र यादव,उदय प्रताप भोला यादव अपनी-अपनी विधानसभा से 5-5 हजार कार्यकर्ता जनसभा में ले जाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, इलियास मंसूरी, राघव दत्त मिश्रा, सुलक्षणा सिंह, केके यादव, बेंचेलाल यादव, पूजा कठेरिया, मनोज मिश्रा, बबलू यादव, संजीव राठौड़, विशाल यादव, शिव शंकर शर्मा, रोमित सक्सेना, देवेंद्र यादव, अरविंद यादव, रूक्मंगल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# नेत्र शिविर में सैकड़ों लोगों का हुआ परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शिवानंद एजूकेशनल** सेंटर के संस्थापक पंकज यादव के जन्मदिन पर उनके पुत्र शुभम यादव हनी ने चिलसरा रोड भिडौर स्थित शिवानंद एजूकेशन सेंटर पर नेत्र शिविर का आयोजन किया। डा0 जवाहर लाल रोहितगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय के तत्वाधान में निवारणीय अन्धतामुक्त अभियान के तहत निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। नेत्र परीक्षण डा0 एसके यादव व डा0 राज आर्यन अग्निहोत्री ने अपनी टीम के साथ मरीजों का परीक्षण किया। पूरे दिन चले शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर परीक्षण कराया। परीक्षण के दौरान मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चिन्हित किये गये मरीजों का कानपुर



कैम्प में नेत्र परीक्षण करते चिकित्सक मौजूद हनी यादव

सर्वोदय नगर नेत्र चिकित्सालय में आपरेशन होगा। शुभम यादव हनी ने बताया कि यह कैम्प मैं हर वर्ष अपने पिता पंकज राय के जन्मदिन पर लगाता हूं। इस कैम्प के माध्यम से आसपास के लोगों को नेत्र संबंधी लाभ दिया जाता है। पंकज यादव ने अपने जन्मदिन पर सभी ग्रामीणों को बधाई दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# फैन्सी ड्रेस फुटबाल मैच में भूत, मुर्दा व स्लो वॉक ने किया प्रदर्शन

> फैन्सी ड्रेस फुटबाल मैच में ए टीम ने बी टीम को 7.0 से किया पराजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बड़े दिन** के उपलक्ष्य में सीएनआई चर्च बढ़पुर के तत्वाधान में मंगलवार को चर्च ग्राउंड पर फैन्सी ड्रेस फुटबाल मैच का आयोजन हुआ। पादरी जयपाल मैसी ने दुआ के साथ फुटबाल मैच का शुभारम्भ किया। फैन्सी ड्रेस, फुटबाल मैच में ए टीम ने बी टीम को 7.0 से पराजित किया। रेफरी की भूमिका सुजीत सहाय ने निभाई। संचालन रजत सहाय ने किया। चर्च कम्पाउंड के मैदान पर आयोजित फैन्सी ड्रेस, फुटबाल मैच



फैन्सी ड्रेस फुटबाल मैच में मौजूद खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

में ए टीम की तरफ से अभिजीत मसीह, हनी पौल, आदित्य जेलाल, अनुराग दयाल, आशीष दयाल, जॉय, आदित्य सैमुअल, आशीष सहाय, रोहित डेविड, प्रशांत, अंश लाल, सर्वेश, अभिजीत, अमन मसीह, वहीं बी टीम से बॉबी, निमित, अभिजीत लाल, अंशुमान जितेन्द्र, दीपू दास, आयूष मसीह, विपिन लाल, अमर लाल, आकाश दास, अनमोल, विशाल, स्मित लाल आदि खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी ने अपनी-अपनी भूषभूषा में काला भूत, भोलेबाबा, हरा भूत, ग्रेड जोकर, जोविन, ममी, पैड, मुर्दा, पूचांग, स्लो वॉक आदि भेषभूषा में फैंसी ड्रेस पैनकर फुटबाल मैच में भाग लिया। वेस्ट ड्रेस का खिताब भी दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक मिचिल ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसी तरह यह प्रथा चलती रहे। अतिथि के रुप में पहुंचे पादरी स्टीफन मसीह ने सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया और विजेताओं को सम्मानित किया। पादरी जयपाल मसीह ने दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर राजीव के लाल, जोर्डन राज, रितेश ओलिव, विजय दयाल आदि लोग मौजूद रहे।

# बड़े गुरु महाराज के जन्मदिन पर विग्रह पूजा के साथ हुआ भण्डारा



मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाकाल मंदिर में बड़े गुरु पूर्व महंत के 98वें जन्मदिन मंदिर परिसर में धूमधाम से पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से मनाया गया। महंत साधवी अर्चना दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर विधि विधान से पूजन कराया। हजारों भक्तों ने पूजन में भाग लिया और भण्डारा चखा। बड़े गुरु की प्रतिमा को पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। प्रतिमाओं को नवीन वस्त्रों एवं पुष्पों से अलंकत किया गया। मंदिर को विद्युत रोशनी से प्रकाशित किया गया। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भक्तों ने आनंद लिया। इस मौके पर हरिओम सिंह, शालिनी, सूरज, देवेन्द्र कुमार, आलोक, सुधीर, राजेश, उमेश, अवधेश, मीना शिखा, सरोज, आरती, जगदेवी आदि लोग मौजूद रहे। देर शाम भजन संख्या का आयोजन हुआ।

## खबरें एक नजर में

### गुनहगारों को देने सहारा, आया चरणी में तारणहारा



प्रार्थना करते पादरी स्टीफन मसीह मौजूद मसीह समाज के लोग

> सिटी चर्च में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सीएनआई सिटी चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। पादरी स्टीफन मसीह ने प्रभु यीशु मसीह के नाम का संदेश सुनाया। मसीह समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पादरी स्टीफन मसीह ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह इस दुनिया में शांति का संदेश लेकर आये, तथा उन्होंने सदैव प्रेम-शांति, दया, क्षमा का संदेश लोगों को दिया। उन्होंने एक दूसरे के साथ मिलकर प्रेम से रहने का भी संदेश दिया। सिटी चर्च में अनेक विशेष गीतों के द्वारा प्रभु यीशु मसीह की स्तुति की गई। लोगों ने मिलकर एक दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनायें दी। साथ ही क्रिसमस केक का अदान-प्रदान किया। मसीह समाज में हर्षउल्लास के साथ क्रिसमस मनाया गया। इस अवसर पर रंजीत मैसी, मुकेश डेविड, सुरेन्द्र मसीह, सोनल मैसी, विवेक, यश, अंकिता, आर्यन, राजेश मसीह आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। देर शाम लोगों ने चर्च पहुंचकर कैंडिल जलाकर सुख-शांति की दुआ की।

### तीन दिन के अवकाशों की मिली स्वीकृति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानाचार्य परिषद द्वारा शासन एवं शिक्षा निदेशक माध्यमिक को दिये गये मांग पत्र में प्रधानाचार्य के विवेकाधीन तीन अवकाशों की स्वीकृत प्रदान की गई है। शिक्षानिदेशक द्वारा जारी पत्र के अनुसार तीन दिन के अवकाश की स्वीकृत मिली है। यह जानकारी प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी ने दी है।

### मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा मंझना निवासी चंदन पुत्र राम कुमार ने थाना पुलिस को दिए गये प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पिता रामकुमार 16 दिसंबर को बाइक से फर्रखाबाद से वापस लौट रहे थे। शुकरुल्लापुर ओवर ब्रिज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से उनके पिता की मौत हो गई थी। जिसमें बीती रात्रि थाना पुलिस ने चंदन की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# वक्फ सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए सिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड को भेजा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** काजी जफर शाह रिजवी ने अध्यक्ष सिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ को पत्र भेजकर मांग की है कि वक्फ पंजीकृत संख्या 175 हकीम सय्यद अकबर हुसैन लोहाई रोड में मनोज अग्रवाल, मधुप अग्रवाल पुत्र स्व0 विश्नस्वरुप अग्रवाल के विरुद्ध वक्फ अधिनियम 1995 की धारा 55 (क) के अन्तर्गत कार्यवाही करने की मांग की है। वक्फ बोर्ड को भेजे गये पत्र में दर्शाया कि वक्फ बोर्ड में 175 पंजीकृत है। वक्फ की संपत्ति कूटनीति द्वारा 10/08/1962 को लक्ष्मण बाबू पुत्र स्व0 राधेमोहन ने अपने नाम बैनामा करा लिया है। लक्ष्मण बाबू ने वक्फ सम्पत्ति को 27/03/2002 को मनोज कुमार अग्रवाल व मधुप अग्रवाल को बैनामा कर दिया। क्रेता का स्वर्गवास हो चुका है। इस संबंध में धारा 52( ) के तहत कार्यवाही करने की मांग की है। इस संबंध में 20/07/2023 को सहायक वक्फ आयुक्त फर्रुखाबाद ने सर्वे भी किया था। इस संबंध में पुनः कार्यवाही हेतु सिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ को काजी जफर शाह रिजवी द्वारा पत्र भेजा गया है।

### बसपा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष निष्कासित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बसपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने अनुशासनहीनता के चलते भोजपुर विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सर्वेश भारती को पार्टी विरोधी गतिविधियों से लिप्त पाये जाने के चलते निष्कादित कर दिया है।

# ग्रामीण खेल जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**युवा कल्याण** एवं प्रादेशिक दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद मुकेश राजपूत ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, भारोत्तालन आदि विधाएं शामिल रहीं। जिसमें महिला व पुरुष वर्ग के सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता हुई। कबड्डी प्रतियोगिता में राजेपुर विजेता व बढ़पुर उपविजेता रहा। वालीबाल प्रतियोगिता में मोहम्मदाबाद विजेता व राजेपुर



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र — समृद्धि न्यूज

उपविजेता रहा। 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग दौड़ में नैन्सी मिश्रा प्रथम, कृतिका मिश्रा द्वितीय, रूचि तृतीय रही। बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में मूर्ति प्रथम, रुचि द्वितीय, प्रिया तृतीय रही। 400 मीटर बालक वर्ग में जितेन्द्र कुमार प्रथम, विजय द्वितीय, प्रशांत तृतीय रहे। 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में अनील प्रथम, राकेश द्वितीय, भानू प्रताप तृतीय रहे। 200 मीटर बालक वर्ग में सौरभ प्रथम, विवेक द्वितीय, प्रशांत यादव तृतीय रहे। 400 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में श्रुति प्रथम, बीना यादव द्वितीय, साधना तृतीय रही। 800 मीटर बालक वर्ग दौड़ में अखंड प्रताप प्रथम, रोहित द्वितीय, विशाल यादव तृतीय रहे। सब जूनियर 100 मीटर दौड़ में अभिषेक प्रथम, अजय यादव, द्वितीय, वर्धान दीक्षित तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ में सुनील कुमार प्रथम, अभिषेक द्वितीय, दीपक मिश्रा तृतीय रहे। इस मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी देवेंद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शुभम, अनुराग, जीतू, पुष्पेंद्र, कंचन, जिला कबड्डी एसोसिएशन सचिव कुलदीप यादव, अरुणकुमार, आलोक यादव, मनीष कुमार, अतुल कटियार, सौरभ शर्मा, दुर्गा वर्मा, सपना यादव, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, सुरजीत वर्मा, देवेश कुमार, अभिषेक पाल आदि लोग मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने मॉडलों की लगायी प्रदर्शनी

> डा. अरविन्द गुप्ता ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**हाजी अख्तर** हुसैन रहमानी गर्ल्स इंटर कालेज में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 अरविन्द कुमार गुप्ता ने फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में जूनियर एवं सीनियर वर्ग की छात्राओं ने प्रोजेक्ट लगाकर प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि अरविन्द गुप्ता ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रबंधक मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने माल्यार्पण कर डा0 अरविन्द गुप्ता का स्वागत किया। डा0 अरविन्द गुप्ता ने कहा कि बच्चों ने मॉडल बहुत अच्छे



प्रदर्शनी का अवलोकन करते डा0 अरविन्द गुप्ता — समृद्धि न्यूज

बनाये है। सभी बच्चों ने एक से एक बड़कर प्रोजेक्ट तैयार किये है, जो सराहनीय है। प्रबंधक मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने बच्चों का हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि जो बच्चे पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे उनकी मदद की जायेगी। साथ ही बच्चों को सालाना प्रोग्राम में सम्मानित किया जायेगा। विज्ञान प्रदर्शनी में अध्यापक खुशबू व इफ्तिखार ने विचार रखे। प्रबंधक पुत्र सूफियान हुसैन रहमानी, शादमान हुसैन रहमानी, प्रधानाचार्या इरम खान, अध्यापक सावेज शाहिद आकिब मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथि डा0 नदीम, सलमान खान, मोहम्मद जावेद, आकिल खान आदि ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्य अतिथि को शील्ड देकर प्रबंधक मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने स्वागत किया।

### ठंड के चलते आलू की आमद रही सुस्त, 30 रुपये भाव में गिरावट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सातनपुर** मण्डी में मंगलवार को कोहरे के चलते आलू की आमद कम हुई। लगभग 100 मोटर आलू मण्डी में आया। साथ ही आलू के भाव में 30 रुपये की गिरावट रही। 501 रुपये से 641 रुपये कुंटल आलू की बिकवाली हुई। ठंड के चलते आलू के भाव में भी गिरावट रही। साथ ही आलू की रैक नीलांचल ट्रेडर्स द्वारा लगायी गई। जिसमें 500 पैकेट आलू की लोडिंग हुई। किसानों की ओर से मण्डी में अलाव जलवाने की मांग की गई। ठंड के चलते पूरे दिन मंडी में किसान ठिठुरते दिखे। जैसे-तैसे आग तापकर आढ़तियों की दुकानों पर किसानों ने ठंड को दूर किया।

# एसएस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वीर बाल दिवस

> वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार को** एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में वीर बाल दिवस पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कमेटी चैयरमैन सुरेश चंद्र अवस्थी ने हवा में गुब्बारे छोड़ कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कमेटी मैनेजर अनुपम अवस्थी ने बच्चों को गुरू गोविंद सिंह एवम् उनके वीर साहिबजादों की वीरता पर व्याख्यान दिया। प्रधानाचार्य देवेश नारायण अवस्थी ने साहिबजादों की वीरता




प्रतियोगिता के दौरान मौजूद विजेता बच्चे

एवम् साहसी चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके दृढ़ संकल्पों का व्याख्यान किया। डायरेक्टर जतिन नारायण अवस्थी ने गुरू गोविंद सिंह एवम् उनके साहिबजादो के चित्र पर माल्यार्पण किया। खेल लूडो में सोनल और कोमल, कैरम में नेमा और पायल, नींबू चम्मच रेस में कुनाल, गुब्बारे में पलक ने जीत प्राप्त की। वहीं कबड्डी में गौरव की टीम, खो-खो में प्रिया की टीम ने फाइनल मैच में जीत प्राप्त की। कोआर्डिनेटर राहुल मिश्रा, राजेश तिवारी, प्रतिभा सिंह, प्रिया सक्सेना, लक्ष्मी मिश्रा, सोनू सिंह, रिया आदि ने व्यवस्था संभाली। विद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर खेलों में हिस्सा लिया।

# 21 जनवरी को धूमधाम से होगा सुंदरकांड पाठ का 24वां वार्षिकोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सुंदरकांड पाठ समिति चिंतामणि की बैठक समिति के अध्यक्ष बृज किशोर सिंह किशोर के निवास चिंतामणि में हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति होने वाले 24वां वार्षिक उत्सव की रूपरेखा तय की गई। समिति का वार्षिक उत्सव जनवरी माह के पहले सप्ताह में होता है, लेकिन इस बार अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए। कार्यक्रम को 21 जनवरी को किया जाएगा। समित के अध्यक्ष ने बताया प्रभु राम के मंदिर की प्राण



कार्ड का विमोचन करते सुंदर कांड पाठ समिति के लोग

प्रतिष्ठा होगी। सौभाग्य की बात है कि हम उनके परम सेवक संकट मोचन हनुमंत लला का वार्षिकोत्सव करेंगे। हम समिति के लोग जनपद में भाव सुमन अर्पित करेंगे। जिसमें यज्ञ पाठ, 56 भोग और प्रसाद का वितरण होगा। सदस्यों को प्रमुख कार्य 14 जनवरी को दिए जाएंगे। भव्यता प्रदान करने के लिए सदस्यों से सुझाव लिये गये। साथ ही कार्ड का विमोचन हुआ। इस मौके पर अशोक वर्माद्व घनश्याम बाजपेई, कमलेश दीक्षित, प्रशांत कुमार सिंह, निर्मल दीक्षित, रामवीर सिंह, अनूप मिश्रा, संदीप वर्मा, अनुराग वर्मा, अजीत वर्मा, अनुपम तिवारी, नवीन कौशल, चंदन शुक्ला, विक्की वर्मा, केसी वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

धरना प्रदर्शन

### नौ सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने ब्लाक पर दिया धरना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय** किसान यूनियन टिकैट गुट ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर बढ़पुर ब्लाक परिसर के बाहर धरना देकर जिलाधिकारी सम्बोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। पूरे दिन चले धरने में भाकियू नेताओं ने भाग लिया। ज्ञापन में मांग की गई कि आवारा जानवरों को पकड़कर गौशाला भेजा जाये। किसानों के बिजली कनेक्शन न काटे जाये। सातनपुर मण्डी में आलू की खुली बोली लगायी जाये। आठ दिन के अंदर आलू का भुगतान किया जाये। नगला खैरबंद रोड का नाला अधूरा है उसे पूरा किया जाये। खैरबंद नगला में मचले के घर से कमलेश के घर तक गली बनवायी जाये। बढ़पुर



धरने को सम्बोधित करते प्रभाकांत मिश्रा — समृद्धि न्यूज

विकास खण्ड की सभी ग्राम पंचायतों में टंकी व पाइप लाइन पड़ने एवं टूटी हुई गली की मरम्मत करायी जाये। मोहम्मदाबाद बराकेशव में चल रही चकबंदी की वोटिंग हो चुकी है, चकबंदी न चाहने वालों की संख्या ज्यादा होने के कारण फाइल फेज कर चकबंदी निरस्त की जाये। बीसलपुर तराई की नाली खोली जाये। मोहम्मदाबाद ब्लाक अध्यक्ष रजनी तिवारी के ऊपर दो बार हमला हुआ। पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की है। दोषियों पर धारा 307 के तहत कार्यवाही की जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, मुकेश शर्मा, रामवरन राजपूत, विजय सिंह, पुजारी कटियार, अमर सिंह गौतम, बिट्टो अवस्थी, तारादेवी, मनोरमा, कुसुमलता, राधेश्याम शाक्य, संजय यादव, सोनू सोमवंशी, बबलू कटियार, मदन सिंह, योगेन्द्र सिंह, अरूण राजपूत आदि किसान नेता मौजूद रहे।

# साहिबजादों का शौर्य है प्रेरणा : ठाकुर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादों के शहादत दिवस के रूप में मनाए जा रहे वीर बाल दिवस के मौके पर केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर गुरुद्वारा बंगला साहिब पहुंचे और अरदास की। इस मौके पर उन्होंने गुरुद्वारे में सेवा भी की।

इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों की शहादत हमें सदैव बलिदान, त्याग और वीरता का संदेश देती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीर बाल दिवस के माध्यम से साहिबजादों की वीर गाथा व समर्पण भाव को जन-जन तक पहुंचाने का अभिनंदनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस के अवसर पर धर्म, राष्ट्र व मातृभूमि की रक्षा में गोबिन्द सिंह जी के साहिबजादों बाबा ज़ोरावर सिंह जी व बाबा फतेह सिंह जी के सर्वोच्च बलिदान को नमन करता हूं। उनका त्याग, बलिदान और समर्पण युगों-युगों तक प्रेरणादायी रहेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज देश ही नहीं बल्कि पूरा विश्व वीर बाल दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर पूरे भारत के युवाओं से नशा मुक्त होकर खेलों को अपनाने का आह्वान किया है। विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है जब भारत का युवा फिट हो और नशा मुक्त हो। प्रधानमंत्री ने युवाओं से माय भारत प्लेटफार्म से जुड़कर फिजिकल और डिजिटल एक्टिविटी के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का भी आह्वान किया है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज करेंगे पुंछ का दौरा, आतंकी हमले के छठे दिन भी चला तलाशी अभियान



**पुंछ।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को लगातार छठे दिन भी जम्मू-कश्मीर के पुंछ में घात लगाकर किए गए हमले के शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए कठिन इलाकों और घने जंगलों में घेराबंदी और तलाशी अभियान जारी रखा है। रक्षा मंत्री के बुधवार को क्षेत्र का दौरा करके स्थिति से निपटने के लिए किए जा रहे उपायों पर शीर्ष कमांडरों के साथ बैठक करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पुंछ में आतंकवादी हमले में पांच जवानों के बलिदान तथा इस हमले के बाद तीन नागरिकों की मौत के मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शीर्ष सेना और नागरिक अधिकारियों के साथ बुधवार को ग्राउंड जीरो का दौरा कर स्थिति की निगरानी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों के दौरान 30 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की गई है और उनमें से कई को रिहा कर दिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सेना के वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए घेराबंदी और तलाशी अभियान जारी है।

# मोदी सरकार के शासन में 100 में से पूरा 100 पैसा राज्य तक पहुंच रहा

एजेंसी



**श्रीगंगानगर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को श्रीकरणपुर में कहा कि कांग्रेस के राज में 100 पैसे में से राज्य तक 15 पैसा ही पहुंचता था लेकिन मोदी सरकार के शासन में 100 में से पूरा 100 पैसा राज्य तक पहुंच रहा है। श्रीगंगानगर जिले की श्रीकरणपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी के समर्थन में सभा करने आए सीएम ने केंद्र सरकार की योजनाओं की तारीफ की।

उन्होंने कहा कि फिरोजपुर फीडर की डीपीआर जल्द बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय में कार्यकर्ताओं के किए वादों पर भी ध्यान दिया जाएगा। उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने संबोधन की शुरुआत भारत माता की जय के नारे के साथ की। इसके बाद पंजाब से सटे श्रीगंगानगर जिले में बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान दिवस पर वीर बाल दिवस का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि भाजपा अब नशा मुक्ति योजना बनाएगी। श्री गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले में बड़ी संख्या में युवा नशे की चपेट में है। इसे रोकने के लिए नशा मुक्ति की योजना तैयार की जाएगी। युवाओं को नशे के कारण नहीं बिगड़ने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के दोषियों को सजा दी जाएगी। कोई पेपर लीक नहीं हो इस पर भी ध्यान दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि हम वह करेंगे जो जनता चाहती है। जनता की इच्छा के अनुसार ही भाजपा सरकार में काम होंगे। इससे पहले भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी ने भी संबोधित किया।

## खबरें एक नजर में

### नन्हे मुन्नों ने नाच गाकर दिया स्वच्छ भारत का संदेश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** स्वच्छता का इरादा है स्वच्छ भारत बनाना है, इन पंक्तियों पर नन्हे मुन्नों ने नाच गा कर लखनऊ पब्लिक स्कूल आनंद नगर शाखा के वार्षिकोत्सव की शुरुआत की। एलपीएस आनंद नगर शाखा के वार्षिकोत्सव हारमोनिकास-2023 की शुरुआत लखनऊ पब्लिक कॉलेज गोमती नगर के श्री राम मनोहर लाल मेमोरियल ऑडिटोरियम हॉल में हुई जिसमें बच्चों ने रामायण का सजीव मंचन किया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व छात्र डॉ. अखिलेश बनर्जी (इंजिनियर, इंटेल कारपोरेशन यूएसए), अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व छात्रा श्रद्धा यादव, आईएफएस (डिप्टी कंजर्वेटर आफ फारेस्ट, फारेस्ट ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, कानपुर) व पूर्व छात्र नवनीत सिंह (न्यायाधीश) मौजूद रहे। हार्मोनिकाज़ के माध्यम से बच्चों ने सांस्कृतिक मूल्यों, परम्पराओं और मानव मूल्यों को स्थापित करते हुए आकर्षक प्रस्तुतियों की शुरुआत रॉकबैंड से की। इसके बाद सनी संडे, कथक राकर्स, लिटिल स्टार, मिकी डांस क्लब, जगा ले जज्बा, फिटनेस गाला, स्वच्छता की जोत, शाबासियां, मोसाद ऑफ इंडिया, हाईरेटेड गबरू जैसी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के प्रबंधक व संस्थापक डा. एसपी सिंह, निदेशक नेहा सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमती मीना तिवारी ने संस्था की शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान 30 बच्चों व उनके अभिभावकों को प्रशंसनीय उपलब्धियों पर प्रशस्ति पत्र, शॉल व बुके देकर सम्मानित किया गया।

### बंथरा के प्रभु यीशु दरबार में भक्तों का जमावड़ा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कानपुर रोड स्थित बंथरा के प्रभु यीशु दरबार उम्मेद खेड़ा, खसरवारा में क्रिसमस की पूर्वसंध्या से ही यीशु मसीह के जन्मदिन पर भक्तों का जमावड़ा लग गया था। दोपहर तीन बजे से भण्डारा शुरू हो गया और रात 12 बजे केक काट कर क्रिसमस मनाया गया। प्रभु यीशु मसीह के गीतों और क्रिसमस जिंगल्स गाते हुए भक्तों ने नाच गा कर प्रभु यीशु मसीह को याद किया। प्रभु यीशु दरबार के विशप डॉ राजेन्द्र प्रसाद राव ने सभी को बड़े दिन की शुभकामनाएं दी। विशप डॉ राजेन्द्र प्रसाद राव ने कहा कि ब्लेसिंग चर्च ट्रस्ट ऑफ इंडिया सभी देशवासियों को क्रिसमस तथा नववर्ष की हार्दिक बधाई देते हुए सबके मंगल कामना करते हैं। इस मौके पर नगर पंचायत बंथरा के चेयरमैन रंजीत कुमार रावत, आशीष भाई, सचिन और आकाश ने भी सबको शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभु यीशु सबको स्वस्थ रखें और मसीह समाज सर्व समाज के लिए दुआएं करते हुए एकजुट रखने की कामना करते हैं।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर घने कोहरे के कारण 30 उड़ानों में देरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे की चादर छाए रहने के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे को परिचालन में भारी व्यवधान का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई। इससे विभिन्न उड़ानों के कार्यक्रम में काफी देरी हुई। हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, प्रतिकूल मौसम की स्थिति से कुल मिलाकर 30 उड़ानें प्रभावित हुईं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि अगले 3-4 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम और इससे सटे मध्य भारत के कुछ हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा जारी रहने की संभावना है। अपने बुलेटिन में, मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने कहा कि मंगलवार-गुरुवार के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में और राजस्थान और उत्तर में शुरुआती घंटोंध्सुबह में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति जारी रहने की संभावना है।

### लोस चुनाव की तैयारियों को नेताओं से मिलेंगे खड़गे व राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा के लिए बुधवार को आंध्र प्रदेश के पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, खड़गे के साथ पार्टी नेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल और अन्य ने राज्य में वाईएसआरसीपी से मुकाबला करने की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए आंध्र प्रदेश के नेताओं से मुलाकात करेंगे। बैठक में नवनियुक्त राज्य प्रभारी मनिकम टैगोर समेत राज्य इकाई प्रमुख और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

# प्रधानमंत्री आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से करेंगे संवाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार (27 दिसंबर) को दोपहर 12ः30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि इस कार्यक्रम में देशभर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी शामिल होंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

इस साल 15 नवंबर को इसकी शुरुआत के बाद से प्रधानमंत्री देशभर के विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ नियमित रूप से बातचीत कर रहे हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीन बार (30 नवंबर, 9 दिसंबर और 16 दिसंबर) बातचीत हो चुकी है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने अपनी हालिया वाराणसी यात्रा के दौरान लगातार दो दिन (17-18 दिसंबर) को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया किया था। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इनका लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे।

### तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा करेगी रोड मैप तैयार



**नई दिल्ली।** तेलंगाना विधान सभा के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनावों पर तेजी से रणनीति बनानी शुरू कर दिया है। इसी संबंध में पार्टी ने तेलंगाना में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के लिए विशेष रणनीति तैयार की है। इस रोड मैप को अंतिम रूप देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 28 दिसंबर को तेलंगाना पहुंच रहे हैं। मंगलवार को केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में तेलंगाना के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करेंगे। तेलंगाना की जनता प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते देखना चाहती है। तेलंगाना की जनता भी यही चाहती है कि भाजपा देश में हैट्रिक लगाए। उन्होंने बताया कि इसका रोडमैप तैयार करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 28 दिसंबर को तेलंगाना जाएंगे। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव में आठ सीटें जीती थीं। तेलंगाना में 17 लोकसभा सीटें हैं, जिसमें से चार सीटों पर भाजपा काबिज है, तीन पर कांग्रेस और 9 पर टीआरएस काबिज है।




**पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में एसजीपीजीआईएमएस और सीडीआरआई के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू चिकित्सकों और शोधकर्ताओं के बीच अधिक जुड़ाव बनाने में मदद करेगा और अंततः अधिक प्रभावशाली अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देगा।**

# खूंटी का सबसे सुरक्षित पर्यटन स्थल है तोरपा की सप्तधारा



वैसे तो प्रकृति प्रेमियों और पिकनिक मनाने के शौकीन लोगों के लिए खूंटी जिले में दर्जनों पर्यटन स्थल हैं, पर आये दिन इन सैलानियों के कुछ न कुछ घटनाएं होती रहती हैं। पेरवांघाघ, पांडूपुड़िंग, रिमिक्स जल प्रपात जैसे पर्यटन स्थलों पर तो कई सैलानियों की जान तक जा चुकी है, पर तोरपा प्रखंड मुख्यालय से महज छह किलोमीटर की दूरी पर निचितपुर गांव के नजदीक स्थित सातधारा पर्यटन स्थल जिले का सबसे सुरक्षित माना जाता है। यहां न गहरे पानी में डूबने का खतरा है और न ही थका देनेवाली चढ़ाइयां और न ही खतरनाक चट्टान।

यही कारण है कि छोटे-छोटे बच्चों और परिवार के साथ पिकनिक मनाने वालों के लिए यह पसंदीदा है। नवबर-दिसंबर से ही यहां सैलानियों का आना शुरू हो जाता है जो मार्च तक चलता रहता है। नववर्ष पर तो यहां पिकनिक मनाने वालों की भारी भीड उमड पडती है। जिला मुख्यालय खूंटी से लगभग 35 किलोमीटर और तोरपा प्रखंड मुख्यालय से सप्तधारा की दूरी महज सात-आठ किमी है। शहर के नजदीक होने के कारण परिवार के साथ पिकनिक मनाने के लिए यह जगह सुरक्षित माना जाता है। यहां नदी के बीच छोटी-छोटी चट्टान होने के कारण जोखिम भी कम है। दूर-दूर तक नदी किनारे फैली रेत की ढेर में बच्चे बिना डर-भय के खूब धमाचौकडी मचाते हैं। स्थानीय लोगों के अलावा रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा और अन्य जिलों से भी बडी संख्या में सैलानी यहां पिकनिक मनाने आते हैं। छाता और कारो नदी के मिलन के बाद यह नदी सात धाराओं में विभक्त होकर बहती है, जो देखने में काफी सुखद अनुभूति देती है। चटानों के बीच बहता पानी लोगों को लुभाता है। कारो नदी पर स्थित यह स्थान प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है। नदी के बीच दूर-दूर तक फैले चट्टानों से होकर बहता पानी इसकी सुंदरता को बढाता है।

**निजी वाहन से ही पहुंचा जा सकता है सप्तधारा**

सप्तधारा पर्यटन स्थल तक सिर्फ निजी वाहनों से ही पहुंचा जा सकता है। वैसे सप्तधारा तक सड़क काफी अच्छी है। इसलिए बस, कार, स्कूटी और बाइक से आसानी से सप्तधारा पहुंचा जा सकता है। तोरपा चर्च रोड से डिगरी और जरकाटोली, निचितपुर गांव होते हुए नदी तक पहुंचा जा सकता है। वहां जाने वाले सैलानियों को खाने-पीने के सामान लेकर जाना पड़ता है, क्योंकि निकट में न कोई दुकान है और न ही होटल। अधिकतर लोग स्वयं ही भेजन बनाते हैं। वैसे सप्तधारा से आठ किलोमीटर दूर तोरपा में जरूरत के सभी सामान मिल जाते हैं।





# मोक्षदा एकादशी : मोह का क्षय करने वाली

मोक्षदा एकादशी पुराणों के अनुसार मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी को कहा जाता है। द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने इसी दिन अर्जुन को भगवद् गीता का उपदेश दिया था। इसीलिए यह तिथि गीता जयंती के नाम से भी प्रसिद्ध है

**नामकरण**

यह एकादशी मोह का क्षय करने वाली है। इस कारण इसका नाम 'मोक्षदा' रखा गया है। इसीलिए भगवान श्रीकृष्ण मार्गशीर्ष में आने वाली इस मोक्षदा एकादशी के कारण ही कहते हैं, 'मैं महीनों में मार्गशीर्ष का महीना हूं।' इसके पीछे मूल भाव यह है कि मोक्षदा एकादशी के दिन मानवता को नई दिशा देने वाली गीता का उपदेश हुआ था।

**व्रत**

इस दिन गीता, श्रीकृष्ण, व्यास जी आदि का विधिपूर्वक पूजन करके गीता जयंती का उत्सव मनाया जाता है। इस एकादशी के बारे में कहा गया है कि शुद्धा, विद्धा और नियम आदि का निर्णय यथापूर्व करने के अनंतर मार्गशीर्ष शुक्ल दशमी को मध्याह्न में जौ और मूंग की रोटी, दाल का एक बार भोजन करके द्वादशी को प्रातः स्नानादि करके उपवास रखना चाहिए। भगवान का पूजन करें और रात्रि में जागरण करके द्वादशी को एक बार भोजन करके पारण करें।

**गीता का पठन-पाठन**

भगवद् गीता के पठन-पाठन, श्रवण एवं मनन-चिंतन से जीवन में श्रेष्ठता के भाव आते हैं। गीता केवल लाल कपड़े में बांधकर घर में रखने के लिए नहीं बल्कि उसे पढक़र संदेशों को आत्मसात करने के लिए है। गीता का चिंतन अज्ञानता के आचरण को हटाकर आत्मज्ञान की ओर प्रवृत्त करता है। गीता भगवान की श्वास और भक्तों का विश्वास है। इस दिन गीता, श्रीकृष्ण, व्यास जी आदि का विधिपूर्वक पूजन करके गीता जयंती का उत्सव मनाया जाता है। भगवान दामोदर (विष्णु) की धूप, दीप, नैवेद्य से पूजा करनी चाहिए। ब्राह्मण को भोजन कराकर दानादि देने से विशेष फल प्राप्त होता है। इस दिन व्रत करने से दुर्लभ मोक्ष पद की प्राप्ति होती है।

**कथा**

एक समय गोकुल नगर में वैखानस नामक राजा राज्य करता था। एक दिन राजा ने स्वप्न में एक आश्चर्य की बात देखी। उसका पिता नरक में पड़ा है और वह अपने पुत्र से उद्धार की याचना कर रहा है। राजा अपने पिता की यह दशा देख व्याकुल हो उठा। उसी समय उसकी निद्रा भंग हो गई। प्रातः राजा ने ब्राह्मणों को बुलाकर अपने स्वप्न का भेद पूछा। तब ब्राह्मणों ने कहा, 'हे राजन! इसके लिए पर्वत नामक मुनि के आश्रम में जाकर इसका उद्धार पूछो।'तब राजा ने वैसा ही किया। जब पर्वत मुनि ने राजा की बात सुनी, वे चिंतित हो गए। उन्होंने अपनी योग दृष्टि से राजा के पिता को देखा और बोले, 'राजन! पूर्वजन्म के पापों से आपके पिताजी को नर्कवास प्राप्त हुआ है। उन्होंने सौतेली स्त्री के वश में होकर दूसरी स्त्री को रतिदान का निषेध कर दिया था। इसी दोष से उन्हें नरक की प्राप्ति हुई है। अब तुम मोक्षदा एकादशी को व्रत कर उसका फल अपने पिता को अर्पण करो तो उनकी मुक्ति हो सकती है।' राजा ने मुनि के कथनानुसार ही मोक्षदा एकादशी का यथा नियम व्रत किया और ब्राह्मणों को भोजन करा दक्षिणा, वस्त्रादि अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस उत्तम कर्म से उसने प्रत्यक्ष देखा कि आकाश में मंगल ध्वनि हो रही है और उसका पिता विमान में बैठ स्वर्ग को जा रहा है। उसके पिता ने कहा, 'हे पुत्र! मैं थोड़े समय यह स्वर्ग का सुख भोग मोक्ष को प्राप्त कर जाऊंगा। तेरे व्रत के प्रभाव से मेरा नर्कवास छूट गया, तेरा कल्याण हो।'

# तानसेन समारोह विशेष : जब सुर सम्राट तानसेन ने तोड़ी मुगल सम्राट की परंपरा

संगीत सम्राट तानसेन के हजीरा स्थित समाधि स्थल पर हर साल की तरह इस बार भी 24 से 28 दिसंबर के बीच विश्व संगीत समागम तानसेन समारोह का आयोजन होने जा रहा है। सुरों के इस समागम में देश-विदेश के प्रतिष्ठित और ब्रह्मनाद के शीर्षस्थ साधक सुर सम्राट तानसेन की समाधि पर स्वरांजलि अर्पित करने आ रहे हैं। ऐसे में संगीत सम्राट तानसेन से जुड़ा एक प्रसंग यहां प्रस्तुत है।






मुगल बादशाह अकबर अक्सर अपने नवरत्नों के घर जाया करते थे। बादशाह के स्वागत के लिये नवरत्नों द्वारा घरों को खूब सजाया जाता था। मगर बादशाह अकबर जब तानसेन के घर भेंट करने पहुँचे तो तानसेन ने इस परंपरा को नहीं निभाया। उन्होंने बादशाह के लिये न कोई विशेष इंतजाम किए और न ही अपने घर को सम्राट के सम्मान में सजाया। इस प्रकार तानसेन ने मुगल सम्राट द्वारा स्थापित परंपरा को तोड़ दिया। यह भारतीय शास्त्रीय संगीत का जादू ही था कि मुगल सम्राट नाराज होने के बजाय तानसेन के गायन से मंत्रमुग्ध हो गए। सुर सम्राट तानसेन ने राग मुल्तानी धनाश्री चौताला में दो-एक पद सुनाकर अकबर को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनमें से एक पद की कुछ पंक्तियाँ ये हैं- ए आयौ, आयौ मेरे गृह छत्रपति अकबर, मन भायौ करम जगायौ । तानसेन कहें यह सुनो छत्रपति अकबर, जीवन जनम सफल कर पायौ।

मुगलिया शान-ओ-शौकत का वर्णन तत्कालीन ग्रंथों में मिलता है। जब मुगल बादशाह अपने किसी सिपहसलार के घर जाते थे तब मखमल एवं मुगलिया शानो-शौकत के जरबफ्तकमखाव के पायदान बिछाए जाते थे। डॉ. हरिहरनिवास द्विवेदी ने अपनी किताब में लिखा है कि जब सम्राट की सवारी आती थी तो सोने-चाँदी के फूलों की वर्षा और मोतियों से न्यौछावर की जाती थी। इस मुगलिया शान को भारतीय शास्त्रीय संगीत ने झुकने को मजबूर कर दिया।

**जब मुगल बादशाह जोगी बनने को मजबूर हुए**

मुगल सम्राट अकबर का संगीत प्रेम जग जाहिर था। उनके दरबार की संगीत मण्डली में एक से एक नायाब हीरे थे। सुर सम्राट तानसेन भी मुगल बादशाह अकबर के नवरत्नों में थे। तानसेन की सुमधुर गायकी में डूबे सम्राट अकबर के जेहन में यह बात अक्सर उठा करती थी कि जब तानसेन की गायकी में इतनी मिठास है तो उनके गुरु कंठ संगीत कैसा होगा। बादशाह अकबर तमाम कोशिशों के बावजूद तानसेन के गुरु स्वामी हरिदास को अपने समक्ष गायन के लिये राजी नहीं कर पाए। स्वामी हरिदास के कंठ संगीत सुनने की जिज्ञासा सम्राट अकबर को वृंदावन की कुंज गलियों में खींच लाई। किंवदंती है कि अकबर स्वयं तानसेन के साथ जोगी का भेष बनाकर वृंदावन गए थे। कहा जाता है कि वहाँ पर तानसेन ने स्वामी हरिदास के समक्ष जानबूझकर अशुद्ध रूप में गायन किया। तानसेन द्वारा किए गए विकृत गान को सुनकर स्वामी जी अपने को रोक नहीं पाए और इस राग को शुद्ध करते हुए उन्होंने शुद्ध भारतीय संगीत में अपनी तान छेड़कर बादशाह अकबर को अभीभूत कर दिया। स्वामी हरिदास का शास्त्रीय गायन सुनने की सम्राट अकबर की तमन्ना इस प्रकार पूरी हो सकी। सम्राट अकबर व स्वामी हरिदास की भेंट संबंधी यह किंवदंती अन्य किंवदंतियों की अपेक्षा अधिक प्रामाणिक है। इसका उल्लेख सम्वत् 1800 में विद्वान राजा नागरीदास कृत पद प्रसंग माला÷ और हरिदासी संप्रदाय के ग्रंथों में मिलता है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि अकबरी दरबार के अलावा संगीत का दूसरा बड़ा केन्द्र ब्रज था। ब्रज क्षेत्र के गोकुल गोवर्धन और वृंदावन में उस समय भक्ति मार्गीय संगीत साधकों और भक्त गायकों का अच्छा जमावड़ा था। हरिहर निवास द्विवेदी के अनुसार स्वामी हरिदास और गोविन्द स्वामी जैसे संगीताचार्य तथा सूरदास, कुंबनदास और परमानंद जैसे सिद्ध गायक ब्रज क्षेत्र के ही थे। तानसेन ने भी स्वामी हरिदास और गोविन्द स्वामी जैसे महान संगीताचार्यो से संगीत की उच्च शिक्षा प्राप्त की थी। ग्वालियर से संगीत का ककहरा सीखने के बाद तानसेन ने वृंदावन में संगीत की उच्च शिक्षा ली। इसके पश्चात शेरशाह सूरी के पुत्र दौलत खाँ और फिर बांधवगढ़ (रीवा) के राजा रामचंद्र के दरबार के मुख्य गायक बने। यहाँ से सम्राट अकबर ने उन्हें आगरा बुला कर अपने नवरत्नों में शामिल कर लिया।